दैनिक
# बढ़ता राजस्थान
संस्करण : जयपुर, टोंक, अलवर एवं कोटा
■ Since : 2004
/// कदम बढ़ाएं, सच के साथ
वर्ष : 15 | अंक : 244 | जयपुर | मंगलवार ,08 जुलाई, 2025 | आषाढ़, शुक्ल पक्ष-त्रयोदशी संवत्-2082 | भारत व राज्य सरकार से विज्ञापनों के लिए स्वीकृत | मूल्य :₹5.00 | पृष्ठ : 10
www.badhatarajasthan.in badhatarajasthan@yahoo.com badhatarajasthan.dainik badtarajasthan

मुख्यमंत्री ने सांगोद में पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़ा के अंतर्गत शिविर का किया अवलोकन

## ग्रामीणों की राह हो रही आसान, एक ही स्थान पर हो रहे काम : भजनलाल

### किसान, युवा, महिला एवं मजदूर के उत्थान में कारगर हो रहा पखवाड़ा, अंत्योदय के संकल्प के साथ अंतिम व्यक्ति तक पहुंच रहा योजनाओं का लाभ : बिरला



बढ़ता राजस्थान

**कोटा/जयपुर (का.स.)।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़ा के अंतर्गत गांवों में किए जा रहे कार्य विकसित भारत-विकसित राजस्थान का संकल्प साकार करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। इसके अंतर्गत प्रदेशभर के गांवों में दिव्यांगों, महिलाओं, बुजुर्गों और वंचितों का उत्थान सरकारी योजनाओं के माध्यम से सुनिश्चित किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि शिविरों के माध्यम से वर्षों से लंबित कार्य एक ही स्थान पर किए जा रहे हैं, जिससे ग्रामीणों की राह आसान हो रही है।

शर्मा सोमवार को कोटा के सांगोद में पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़े के अंतर्गत आयोजित शिविर और सुपोषित मां अभियान के शुभारंभ समारोह को संबोधित कर रहे थे।

उन्होंने कहा कि यशस्वी प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने देश में चार जातियां- किसान, युवा, महिला एवं मजदूर बताई हैं। उनकी मंशा के अनुरूप राज्य सरकार ने पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़े की पहल की है जिसके अंतर्गत 24 जून से 9 जुलाई तक ग्रामीण क्षेत्रों में शिविरों के माध्यम से व्यापक कार्य कर इन वर्गों को लाभान्वित किया जा रहा है। शिविरों में सीमाज्ञान, रास्तों के प्रकरणों का समाधान, बिजली के झूलते तारों को कसने का कार्य, पशुओं के टीकाकरण जैसे विभिन्न कार्य हाथ में लिए गए हैं।

**ग्रामीण परिवारों को बीपीएल श्रेणी से बाहर निकालेंगे**

मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार ने समाज के अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति के उत्थान के लिए पंडित दीनदयाल गरीबी मुक्त गांव योजना शुरू की है, जिसके माध्यम से ग्रामीण परिवारों को बीपीएल श्रेणी से बाहर निकाला जाएगा। इसमें पांच हजार गांवों का सर्वे हो चुका है। श्री शर्मा ने कहा कि राज्य सरकार ने युवाओं को रोजगार देने और किसान कल्याण के लिए भी कई महत्वपूर्ण कदम उठाए हैं। डेढ़ वर्ष के अल्प कार्यकाल में हमने 69 हजार पदों पर नियुक्तियां दी है और लगभग 1 लाख 88 हजार पदों पर भर्ती प्रक्रियाधीन है। वहीं हम किसानों को वर्ष 2027 तक दिन में बिजली उपलब्ध कराने के लक्ष्य पर दृढ़ता के साथ कार्य कर रहे हैं। वर्तमान में 22 जिलों में हम दिन में बिजली उपलब्ध भी करवा रहे हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार ने अपने डेढ़ साल के अल्प कार्यकाल में पूर्ववर्ती सरकार के पांच साल के कार्यकाल से अधिक काम किया है। पूर्ववर्ती सरकार ने 5 साल में केवल एक लाख 75 हजार स्वामित्व कार्ड का वितरण किया, जबकि हमारी सरकार ने 18 माह में ही साढ़े 9 लाख कार्ड वितरित कर दिए हैं। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार ने 1 हजार 381 गांवों को सड़कों से जोड़ा जबकि गत सरकार 5 वर्षों में केवल 1 हजार 104 गांवों को ही जोड़ पाई।

### केन्द्र एवं राज्य की डबल इंजन की सरकार से हर वर्ग और क्षेत्र का तेजी से विकास

शर्मा ने कहा कि केन्द्र एवं राज्य की डबल इंजन की सरकार प्रदेश में हर वर्ग और हर क्षेत्र का विकास तेजी से कर रही है। महिला कल्याण को प्रमुख प्राथमिकता देते हुए नीतियों एवं योजनाओं को धरातल पर क्रियान्वित किया जा रहा है। हमने 14 लाख महिलाओं को लखपति दीदी योजना के तहत प्रशिक्षण दिया है और लगभग 5 लाख 60 हजार महिलाओं को प्रधानमंत्री मातृ वंदन योजना का लाभ मिला है। उन्होंने कहा कि 1 लाख बालिकाओं को लाडो प्रोत्साहन योजना से लाभान्वित करते हुए 9वीं कक्षा में प्रवेश लेने वाली 10 लाख बालिकाओं को साईकिल भी वितरित की हैं। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार प्रदेश के सभी क्षेत्रों के विकास कार्यों के लिए पर्याप्त बजट उपलब्ध करवा रही है। हमने कोटा जिले के विकास के लिए 3 हजार 30 करोड़ रुपये का बजटीय प्रावधान किया है।

### मुख्यमंत्री ने विभिन्न विकास कार्यों का किया लोकार्पण और शिलान्यास

इस दौरान मुख्यमंत्री ने 26 .24 करोड रुपए की लागत से परवन नदी पर बने हाई लेवल ब्रिज तथा 45 करोड रुपए की लागत से कालीसिंध नदी पर बने उच्च स्तरीय पुल का लोकार्पण किया। साथ ही, समग्र शिक्षा अभियान के अंतर्गत ग्राम कनवास में 41 .87 करोड़ रुपए की लागत से निर्मित कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय के नवीन भवन निर्माण कार्य का लोकार्पण भी किया गया। उन्होंने सांगोद में 16 .69 करोड रुपए की लागत से डलने वाली सीवरेज लाइन और ट्रीटमेंट प्लांट का शिलान्यास भी किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि सुपोषित मां अभियान मातृशक्ति के सशक्तीकरण और गर्भवती माताओं एवं नवजात शिशुओं के स्वास्थ्य संरक्षण को समर्पित है। अभियान में वंचित परिवारों की गर्भवती महिलाओं को चिह्नित कर प्रसव होने तक प्रतिमाह नि:शुल्क पोषण किट का वितरण किया जा रहा है।

### वंचित और ज़रूरतमंद व्यक्ति के कल्याण के संकल्प को साकार कर रहा अंत्योदय पखवाड़ा

लोकसभा अध्यक्ष श्री ओम बिरला ने कहा कि अंत्योदय संबल पखवाड़ा केवल एक आयोजन नहीं, बल्कि उस विचारधारा का सजीव रूप है, जिसमें समाज के सबसे वंचित और जरूरतमंद व्यक्ति के कल्याण का संकल्प निहित है। राज्य सरकार ने इसी सोच के साथ इस पखवाड़े की शुरुआत की है ताकि हर योजना का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाया जा सके। श्री बिरला ने कहा कि प्रधानमंत्री ने सेवा को सुशासन का आधार बनाया है। राज्य सरकार भी उसी सोच के साथ योजनाओं को पंचायत और गांव तक पहुंचा रही है। आज महिलाएं, युवा, किसान और मजदूर सरकारी योजनाओं से सीधे जुड़ रहे हैं। यह अंत्योदय की दिशा में एक ठोस कदम है।

### हर गांव में बुनियादी सुविधाओं पर हो रहा प्रभावी काम

श्री बिरला ने कहा कि हम किसानों को समय पर बिजली, विद्यार्थियों को बेहतर शिक्षा और ग्रामीण क्षेत्रों में 24 घंटे बिजली देने के लिए गंभीरता से काम कर रहे है। हर गांव को सड़क, अस्पताल और स्कूल जैसी बुनियादी सुविधाओं से जोड़ने के लिए भी ठोस कदम उठाए जा रहे हैं। श्री बिरला ने सुपोषित मां अभियान का जिक्र करते हुए कहा कि गर्भवती महिलाओं को नियमित स्वास्थ्य जांच, पोषण आहार और अन्य जरूरी सहायता दी जा रही है। यह अभियान केवल मां और बच्चे के अच्छे स्वास्थ्य तक सीमित नहीं है, बल्कि एक संस्कारित और स्वस्थ पीढ़ी के निर्माण का प्रयास भी है। इससे पहले मुख्यमंत्री श्री शर्मा ने कृषि उपज मंडी परिसर में सिंदूर का पौधा लगाकर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। उन्होंने अंत्योदय संबल शिविर में विभिन्न विभागों की स्टॉल्स पर आमजन को दी जा रही राहत के बारे में जानकारी ली। मुख्यमंत्री ने शिविर स्थल पर तीन दिव्यांगों को बैटरी चलित साइकिल एवं पांच मेधावी बालिकाओं को स्कूटी भी वितरित की। शिक्षा मंत्री मदन दिलावर, ऊर्जा राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) श्री हीरालाल नागर, सहकारिता राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) श्री गौतम कुमार दक, विधायक श्री संदीप शर्मा और श्रीमती कल्पना देवी सहित अन्य जनप्रतिनिधि एवं बड़ी संख्या में आमजन उपस्थित रहे।

## खड़गे बोले- नीतीश-नायडू की टांगों पर चल रहे मोदी

### रायपुर में कहा- हर जगह गरीबों को लूट रहे, कांग्रेस कार्यकर्ता मर-मिटने को तैयार

बढ़ता राजस्थान

**रायपुर (एजेंसी)।** र ायपुर में आयोजित किसान, जवान और संविधान जनसभा में कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहा- मोदी दो टांगों से चल रहे हैं। मोदी की एक टांग आंध्र की टीडीपी है और दूसरी बिहार के नीतीश कुमार। इनमें से कोई भी हिली तो मोदी जी गिर जाएंगे।खड़गे ने कहा कि केंद्र सरकार भय और झूठ फैलाकर देश पर राज कर रही है। ये लोग हर जगह मिलकर गरीबों को लूटने और डराने का काम कर रहे हैं, लेकिन कांग्रेस का कार्यकर्ता डरने वाला नहीं है, मर-मिटने को तैयार है।उन्होंने कहा कि कांग्रेस के कार्यकाल में जो जनकल्याणकारी योजनाएं चलाई गईं, उन्हें भाजपा सरकार ने बंद कर दिया है। 67 नई शराब की दुकानें खोल दीं और नकली शराब बेचने का धंधा शुरू कर दिया। ये लोग सिर्फ कारोबार के नाम पर समाज को खोखला कर रहे हैं।



**सीएम सिर्फ मोदी और शाह के इशारों पर उठते-बैठते हैं**

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय को लेकर खड़गे ने कहा कि साय सिर्फ मोदी और शाह के इशारों पर उठते-बैठते हैं, इसलिए उन्हें मुख्यमंत्री बनाया गया है। यह सिर्फ साय का नहीं, पूरे छत्तीसगढ़ का अपमान है।

सचिन पायलट बोले- दो बैसाखी पर चल रही सरकार ज्यादा दिन नहीं टिकेगी

सभा में मौजूद कांग्रेस नेता सचिन पायलट ने कहा कि आज की सरकार दो बैसाखियों पर टिकी है। 2028 में फिर से वैसी ही लड़ाई लड़नी है जैसी 2018 में लड़ी थी। मैं आज की बारिश में भी यहां आए कार्यकर्ताओं को नमन करता हूं। यही कांग्रेस की असली ताकत है।

**खड़गे बोले-संविधान की मूल आत्मा से खिलवाड़ करा आरएसएस**

खड़गे ने आरएसएस और भाजपा पर संविधान की मूल आत्मा से खिलवाड़ करने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि संघ के एक विचारक ने 'सोशलिज्म' और 'सेक्युलरिज्म' शब्दों को संविधान से हटाने की बात कही है।

1980 में आपने अपने ही संविधान में क्या लिखा था? अब इन्हीं शब्दों को हटाने की कोशिश कर रहे हैं। ये शब्द हटाकर तो देखिए, पूरा देश आपके खिलाफ खड़ा हो जाएगा। खड़गे ने कहा कि एक दिन भाजपा खुद अपने कामों पर शर्मिंदा होगी।

खड़गे ने आगे कहा कि जब भी हम सच्चाई बोलते हैं, तो देश में कुछ लोगों को मिर्ची लगती है। अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप ने 16 बार दावा किया कि उन्होंने युद्धविराम कराया, लेकिन मोदी ने एक बार भी उन्हें झूठा नहीं कहा।

## ईसरो चीफ को शुभांशु शुक्ला ने किया फोन, आईएसएस तक सुरक्षित यात्रा के लिए कहा- शुक्रिया

बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) के अध्यक्ष वी नारायणन के साथ हाल ही में हुई एक बातचीत में शुभांशु शुक्ला ने आईएसएस तक उनकी सुरक्षित यात्रा को सुविधाजनक बनाने के लिए इसरो के प्रयासों के लिए अपना आभार व्यक्त किया। इसरो द्वारा रिपोर्ट की गई यह बातचीत 6 जुलाई की दोपहर को हुई। कॉल के दौरान नारायणन ने शुक्ला की भलाई में वास्तविक रुचि दिखाई और आईएसएस पर होने वाले विभिन्न वैज्ञानिक प्रयोगों और गतिविधियों के बारे में पूछा। उन्होंने शुक्ला के पृथ्वी पर लौटने के बाद सभी प्रयोगों और गतिविधियों का सावधानीपूर्वक दस्तावेजीकरण करने के महत्व को भी रेखांकित किया, क्योंकि यह दस्तावेजीकरण भारत के मानव अंतरिक्ष उड़ान



कार्यक्रम, गगनयान के विकास का समर्थन करने के लिए अमूल्य अंतर्दृष्टि प्रदान करेगा। गगनयान कार्यक्रम का उद्देश्य पृथ्वी की निचली कक्षा में मानवयुक्त अंतरिक्ष यान प्रक्षेपित करने की भारत की क्षमता को प्रदर्शित करना है, और शुक्ला के मिशन से प्राप्त ज्ञान भविष्य की सफलता के लिए महत्वपूर्ण साबित होने की उम्मीद है।

## पूर्णिया में एक ही परिवार के 5 लोगों की हत्या

बढ़ता राजस्थान

**पूर्णिया (एजेंसी)।** पूर्णिया में एक ही परिवार के 5 लोगों की हत्या कर दी गई है। वारदात को रविवार की रात को अंजाम दिया गया है। सोमवार को मामले की जानकारी मिली है।गांव के कुछ लोगों को बाबू लाल उरांव की पत्नी सीता देवी को डायन बताकर हमला कर दिया। बाबूलाल के बेटे सोनू ने बताया कि उसके सामने ही पूरे परिवार को मारा गया है।रविवार की रात 10 बजे अचानक 50 लोग घर पर आ गए और मेरी मां सीता देवी को डायन बताकर बांस के पीटने लगे। उन लोगों ने मेरे परिवार को पीट-पीटकर मार डाला।पुलिस की गिरफ्त में आए आरोपी नकुल ने कहा- मारपीट के बाद डीजल छिड़कर पांचों को जिंदा जलाया था।घटना की सूचना मिलते ही मुफस्सिल थाना समेत आसपास के 3 थाने की पुलिस मौके पर पहुंच चुकी है।

## इतने बड़े बॉस हो तो आओ बिहार-यूपी तुमको पटक पटक..., मराठी भाषा विवाद में बीजेपी सांसद ने दी खुलमखुल्ला चुनौती

बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** निशिकांत दुबे ने कहा कि आप लोग हमारे पैसे से जी रहे हैं। आपके पास किस तरह के उद्योग हैं? अगर आप इतने साहसी हैं और हिंदी बोलने वालों को पीटते हैं, तो आपको उर्दू, तमिल और तेलुगु बोलने वालों को भी पीटना चाहिए। अगर आप इतने बड़े बॉस हैं, तो महाराष्ट्र से बाहर आएँ, बिहार, उत्तर प्रदेश, तमिलनाडु में आएँ - तुमको पटक पटक के मारेंगे।

भाजपा सांसद निशिकांत दुबे ने महाराष्ट्र में हिंदी भाषी लोगों पर हाल ही में हुए हिंसक हमलों के लिए महाराष्ट्र नव निर्माण सेना (मनसे) के प्रमुख राज ठाकरे और उनके चचेरे भाई तथा शिवसेना (यूबीटी) के अध्यक्ष उद्धव ठाकरे पर सोमवार को तीखा हमला




बोला और उन्हें चुनौती दी कि वे उत्तर प्रदेश, बिहार या तमिलनाडु में जाकर वहां भी ऐसा करने की कोशिश करें। ठाकरे बंधुओं द्वारा महाराष्ट्र में काम करने वाले उत्तर भारतीय लोगों के खिलाफ किए गए हमले का जिक्र करते हुए दुबे ने कहा कि आप उत्तर प्रदेश, बिहार या तमिलनाडु में आ जाइए। लोग आपको पटक-पटक कर मारेंगे।एएनआई से बात करते हुए निशिकांत दुबे ने कहा कि आप लोग हमारे पैसे से जी रहे हैं। आपके पास किस तरह के उद्योग हैं? अगर आप इतने साहसी हैं और हिंदी बोलने वालों को पीटते हैं, तो आपको उर्दू, तमिल और तेलुगु बोलने वालों को भी पीटना चाहिए। अगर आप इतने बड़े बॉस हैं, तो महाराष्ट्र से बाहर आएँ, बिहार, उत्तर प्रदेश, तमिलनाडु में आएँ - तुमको पटक पटक के मारेंगे। उन्होंने कहा कि हम सभी मराठी और महाराष्ट्र के लोगों का सम्मान करते हैं, जिन्होंने भारत को

## चांदी 700, सोना 500 रुपए हुआ सस्ता:कीमती धातुओं के 2 से 5 हजार रुपए तक टूट सकते हैं दाम

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर (का.स.)।** दुनियाभर के बाजार में जारी उठा - पटक का असर सोने और चांदी की कीमत पर नजर आने लगा है। वैश्विक बाजार में लगातार बढ़ोतरी के बाद अब एक बार फिर कीमती धातुओं की कीमत में गिरावट का सिलसिला शुरू हो गया है। सोमवार को स्टैंडर्ड सोने की कीमत में जहां 500 रुपए की गिरावट हुई है। वहीं, चांदी की कीमत 700 रुपए टूटकर 1 लाख 10 हजार रुपए के शिखर पर बरकरार है। जयपुर सर्राफा एसोसिएशन के नरोत्तम लाल ने बताया- अमेरिका के टैरिफ ऐलान के बाद एक बार फिर कीमती धातुओं की कीमत में गिरावट का सिलसिला शुरू हुआ है। यह गिरावट का दौर अगले एक सप्ताह तक जारी रहेगा। इस बीच अगर अमेरिका ने भारत पर टैरिफ लागू कर दिया। तो अगले कुछ दिनों में सोने और चांदी की कीमत में दो से पांच हजार रुपए तक की गिरावट हो सकती है।




## हमलोग तो पीएम बनाना चाहते थे, सीएम ही रह गए नीतीश : अखिलेश

बढ़ता राजस्थान

**लखनऊ (एजेंसी)।** उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री ने आरोप लगाया कि भाजपा चुनावी फायदे के लिए बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नाम और चेहरे का इस्तेमाल कर रही है, लेकिन उन्हें फिर से मुख्यमंत्री बनाने का कोई इरादा नहीं है।समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष अखिलेश यादव ने सोमवार कहा कि उनकी पार्टी आगामी बिहार विधानसभा चुनाव में राष्ट्रीय जनता दल (राजद) को पूरा समर्थन देगी। उन्होंने जोर देकर कहा कि बिहार में हम लालू यादव और तेजस्वी यादव के साथ हैं। इसके साथ ही अखिलेश ने नीतीश कुमार



और पर तंज भी कसा है। अखिलेश यादव ने कहा कि नीतीश कुमार को चेहरा बनाकर चुनाव लड़ेंगे लेकिन सीएम नहीं बनाएंगे।

हम तो नीतीश कुमार को पीएम बनाना चाहते हैं।उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री ने आरोप लगाया कि भाजपा चुनावी फायदे के लिए बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नाम और चेहरे का इस्तेमाल कर रही है, लेकिन उन्हें फिर से मुख्यमंत्री बनाने का कोई इरादा नहीं है। अपना हमला जारी रखते हुए उन्होंने कहा कि भाजपा नीतीश कुमार जी के नाम और चेहरे का इस्तेमाल कर रहे हैं, लेकिन वे उन्हें फिर से मुख्यमंत्री नहीं बनाएंगे। हम एक बार उन्हें प्रधानमंत्री पद का उम्मीदवार बनाना चाहते थे, लेकिन अब देखिए- वह मुख्यमंत्री पद से ही 'रिटायर' हो जाएंगे। भाजपा उन्हें 'रिटायर' होने के लिए मजबूर करेगी। सत्तारूढ़ भाजपा और उसके वैचारिक रुख पर निशाना साधते हुए सपा प्रमुख ने कहा कि मैं केवल एक ही बात जानता हूं- सत्य का मार्ग ही धर्म का मार्ग है, वही सच्चा सनातन मार्ग है। जो लोग अन्याय करते हैं, भेदभाव करते हैं और बच्चों का राजनीति के लिए इस्तेमाल करते हैं, वे खुद को सनातनी नहीं कह सकते। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ पर परोक्ष रूप से हमला करते हुए उन्होंने कहा कि आज की राजनीति में सिर्फ 'भगवा वस्त्र' पहनने से कोई 'बाबा' या योगी नहीं बन जाता। असली पहचान विचार और आचरण से होती है।

सम्पादकीय कार्यालयः-डी-38,चौमू हाउस,सी-स्कीम,जयपुर( राज. ) 302001, बून्दी, झालावाड़, बांरा,बहरोड़,,सुजानगढ़, रावतभाटा,अजमेर, भीलवाड़ा, सवाईमाधोपुर, सीकर, झुन्झुनु,खाटूश्याम जी, निम्बाहेड़ा, चूरू, धौलपुर, जोधपुर, उदयपुर, चाकसु,टोंक निवाई, पीपलू, मालपुरा, उनियारा, अलिगढ़, देवली, कोटपुतली, शाहपुरा, भरतपुर में प्रसारित

# गौमाताओं पर अत्याचार रोकने और नन्दी गौशाला खुलवाने की मांग

### गौसेवकों ने उपखंड अधिकारी कपिल कुमार को सौंपा पांच सुत्रीय मांगों का ज्ञापन

बढ़ता राजस्थान



**पावटा ( सुशील कुमार बंसल )।** नगरपालिका पावटा-प्रागपुरा क्षेत्रवासियों व गौसवकों ने सोमवार को पावटा उपखंड अधिकारी कपिल कुमार उपाध्याय को पांच सुत्रीय मांगों का ज्ञापन सौंपा और गौमाताओं पर अत्याचार रोकने और नन्दी गौशाला खुलवाने की मांग की है। ज्ञापन में गौसेवकों ने पांच सुत्रीय मांगों के माध्यम से अवगत करवाते हुए कहा कि कुछ दिनों पहले पावटा में हुए गौहत्या प्रकरण की जांच करवाकर कठोर कार्यवाही करने, गौवंश पर तेजाब डालने के मामलों में सख्ती दिखाने, नन्दी गौशाला का कार्य शुरू करवाने, अतिरिक्त पशु चिकित्सक उपलब्ध करवाने और डम्पिंग यार्ड की जगह सुनिश्चित कर उसका निस्तारण करने की प्रार्थना की गई है। गौसेवक नीरज सैन ने बताया कि हाल ही में भुरामल स्कूल के पीछे मिले कटे हुए गौवंश की पोस्टमार्टम रिपोर्ट में किसी प्रकार का स्पष्टीकरण नहीं आया है, जबकि मौके पर देखने पर स्पष्ट रूप से प्रतीत हो रहा था कि गौवंश को किसी धारदार हथियार से काटकर धड़ से अलग किया गया है। इसलिए गौहत्या प्रकरण मानते हुए उसकी जांच करवाकर कठोर कार्यवाही की जानी चाहिए। समाज सेवी सुशील योगी ने बताया कि यहां के गौसेवक निस्वार्थ भाव से गौसेवा में अग्रणी हैं, लेकिन उन्हें समय से चिकित्सकों द्वारा गोमाता के उपचार की सेवा उपलब्ध नहीं हो पाती है। उन्होंने यहां एक अतिरिक्त पशु चिकित्सक उपलब्ध करवाने की मांग की है। पहलाद सैन ने बताया कि हमारी वाजिब मांगों का निस्तारण कर प्रशासनिक अधिकारियों को अतिशिघ्र कार्रवाई करते हुए समाधान करना चाहिए। समाज सेवी एवं पूर्व सरपंच प्रतिनिधि गोपाल अग्रवाल ने प्रशासन से गौमाताओं के प्रति संवेदनशीलता दिखाने की अपील की है और कहा कि गौमाताओं के प्रति हमें संवेदनशील होना चाहिए और उनकी मांगों का निस्तारण करना चाहिए। इस दौरान एडवोकेट लोकेश शर्मा, अमित कुमार वर्मा, नितेश शर्मा, पवन शर्मा, ख्यालीराम यादव, अंकित शर्मा, विनोद गुर्जर, पंकज जिंदल, सोनू, राहुल शर्मा, जीतू ,मुकेश, हिमांशु, अंकित सैन, मोनू, बंशी, महेश,नरेश, सुनील, आकाश निर्वाण, प्रमोद शर्मा, सूरज सिंह, बंटी धानका, महेश धानका, अजय शर्मा, ओमप्रकाश सैनी, सचिन कुमावत समेत अन्य लोग मौजूद रहे। गौसेवकों ने चेतावनी दी है कि यदि उनकी मांगों का निस्तारण नहीं किया गया तो वे आंदोलन करने को मजबूर होंगे। उन्होंने प्रशासन से मांग की है कि गौमाताओं के प्रति संवेदनशीलता दिखाते हुए उनकी मांगों का निस्तारण किया जाए।

# कांग्रेस सेवा दल में पावटा के दो युवाओं को मिली बड़ी जिम्मेदारी, करणी सेना ने किया स्वागत

बढ़ता राजस्थान



**पावटा ( सुशील कुमार बंसल )।** राजस्थान प्रदेश कांग्रेस सेवा दल के प्रदेश मुख्य संगठक हेमसिंह शेखावत ने राष्ट्रीय अध्यक्ष लालजी भाई देसाई के निर्देशानुसार एवं जिला प्रभारी ज्ञानचंद यादव एवं जिलाध्यक्ष रघुवीर सिंह यादव की अनुशंषा पर कांग्रेस सेवा दल जिला कोटपूतली-बहरोड़ की कार्यकारिणी का गठन किया है। इस कार्यकारिणी में पावटा क्षेत्र के दो युवाओं को महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी गई है। तुलसीपुरा निवासी करतार सिंह शेखावत और द्वारिकपुरा निवासी सुबेसिंह को जिला महासचिव नियुक्त किया गया है। सामाजिक कार्यकर्ता अशोक यादव गुढ़ा ने बताया कि दोनों युवाओं की नियुक्ति से पावटा का गौरव बढ़ा है और क्षेत्र में खुशी की लहर है। सोमवार को करणी सेना कार्यकर्ताओं द्वारा पावटा कस्बे में करतार सिंह शेखावत और सुबेसिंह का माला व साफा पहनाकर स्वागत किया गया। करणी सेना कार्यकर्ताओं का कहना है कि उन्हें उम्मीद है कि दोनों युवा अपनी जिम्मेदारी का निर्वहन पूरी ईमानदारी और निष्ठा से करेंगे और पावटा क्षेत्र का विकास करेंगे। उन्होंने कहा कि दोनों युवाओं की नियुक्ति से क्षेत्र के लोगों में नई आशा और उम्मीद जगी है। इस दौरान बिशन सिंह, कंवर पाल सिंह भौनावास, नागेंद्र सिंह चैनपुरा, बिल्लू राजपूत पावटा, धर्मसिंह भैंसलाना, बंटी बना भौनावास, जितेन्द्र सिंह, गजेंद्र सिंह सुदरपुरा समेत अन्य लोग मौजूद रहे।

# महिलाओं ने कहा न पहनेंगे और न पहनाएंगे पेरावणी, मृत्यु के बाद सभी कार्यक्रम सवा महीने मे समाप्त करेंगे

### पूर्बिया कलाल समाज की बैठक में समाज सुधार व विकास के कई निर्णय लिए

बढ़ता राजस्थान



**उदयपुर ( नि.स. )।** जब महिला शक्ति समाज में आगे आ कर समाज सुधार की बात करतीं हैं तो उस समाज के विकास कि सभी बाधाएं दूर हो जाती हैं। इससे बढ़िया समाज सुधार और महिला सशक्तिकरण का बेहतरीन उदाहरण नहीं हो सकता है। बैठक में एक स्वर में सभी महिलाओं ने कहा की मांगलिक कार्यों में पेरावणी न पहनेगी और न ही पहनाएंगे। पेरावणी पीहर पक्ष से केवल सगा भाई,बहिन व मामीया ससुर हीं लाएंगे। बाकी सभी लोग नकद राशि लिफाफे में पैक कर दे सकेंगे। महिलाओं का कहना है की पेरावणी में अनावश्यक कपड़े आते हैं जो अलमारी की शोभा बढ़ाते हैं जबकि नकद राशि आने से कार्यक्रम में आर्थिक सहयोग मिलेगा। उपस्थित सभी महिलाओं ने हाथ खड़े करके समर्थन दिया। परिवार में किसी की मृत्यु हो जाने से समाज सवा ग्यारह महीने तक आए दिन कोई न कोई कार्यक्रम होते रहते हैं ।जिससे परिवार को आर्थिक हानि होती है और समय बर्बाद होता है, अपने काम धंधे में ज्यादा समय नहीं दे पाने से आर्थिक हानि होती हैं। रिश्तेदारों को भी समय निकालकर कार्यक्रम में जाना होता है जिस समय और आर्थिक नुकसान दोनों ही होते हैं इसलिए समाज में निर्णय लिया है मृत्यु के बाद सभी कार्यक्रम सवा महीने में समाप्त कर दिए जाएं। मृत्यु के बाद बाहरवें के दिन धूप में घंटो लग जाते हैं ।जिससे दूसरे कार्यक्रम में देरी हो जाती है और पूरा दिन बर्बाद हो जाता है। इसलिए सामूहिक निर्णय लिया गया की बाहरवें का धूप केवल परिवार के सदस्य ही देंगे। अध्यक्ष नरेश पूर्बिया ने बताया कि समाज के विकास में महिलाओं एवं नवयुवकों का बहुत बड़ा योगदान होता है। समाज की जागरूक महिलाओं की पहल पर कई सामाजिक कुरीतियों पर पाबंदियां लगाई और समाज विकास की चर्चा की गई। समाज द्वारा विवाह के 6 जोड़े होने पर ओंगणा में सामूहिक विवाह करवाया जाएगा। समाज में नव युवक - युवतियों के केरियर बनाने के चक्कर में देरी से शादियां हो रही है। जो समाज के लिए घातक सिद्ध हो रहा है। इसलिए सभी को अपने बच्चों की शादी सही समय पर करवा देनी चाहिए। शादी और केरियर दोनों ही आवश्यक चीज है परंतु शादी के बाद भी केरियर बना सकते हैं। अपने बच्चों को अच्छे संस्कारवान बना कर शिक्षित करने से ही समाज का विकास होता है।

# संस्कृत विद्यालय में वाटर कुलर, कम्प्यूटर और दरी भेंट की

## ग्रामीणों ने भामाशाह पवन उपाध्याय का जताया आभार



बढ़ता राजस्थान

**साहवा ( कृष्ण कुमार )।** कस्बे में नव सृजित संस्कृत विद्यालय में भामाशाह की ओर से वाटर कुलर, कम्प्यूटर सेट और दरी भेंट की गई, जिस पर कस्बेवासियों ने भामाशाह पवन उपाध्याय जयपुर का आभार व्यक्त किया। सोमवार को कस्बे के प्राथमिक संस्कृत विद्यालय में हुए कार्यक्रम में भामाशाह पवन उपाध्याय निवासी जयपुर की ओर से विद्यायल में अध्यनरत छोटे बच्चों के लिए गर्मी में ठंडे पानी के लिए वाटर कुलर, विद्यालय ऑफिस के लिए एक कम्प्यूटर सेट और बच्चों के बैठने के लिए 5 दरिया भेंट की। इस अवसर पर विद्याधर पारीक, महेंद्र खान कुम्हार, रवि पारीक, रामकुमार सिहाग, मदन रैगर, सुरेंद्र अग्रवाल गौशाला अध्यक्ष, मोहन स्वामी, नोपाराम पारीक, किशन पारीक, केशरीचंद धुंधावत, नवल दुदानी, प्रमोद उपाध्याय आदि गणमान्य लोग उपस्थित थे। उल्लेखनीय है कि आल इंडिया पारीक महासभा के प्रवक्ता विद्याधर पारीक की प्रेरणा से जयपुर निवासी भामाशाह पवन उपाध्याय की और विद्यालय में यह सामग्री भेंट की गई है।

# ज़िंदगी से प्यार-डिप्रेशन से लड़ाई : उदयपुर में युवाओं के मानसिक स्वास्थ्य पर केंद्रित विशेष सेमिनार आयोजित

बढ़ता राजस्थान

**उदयपुर ( नि.स. )।** द जील मार्शल आर्ट एण्ड फिटनेस पॉइन्ट की ओर से सवीना में यूथ मेन्टल हेल्थ मेटर्स थीम के तहत आज एक विशेष सेमिनार का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम युवाओं के मानसिक स्वास्थ्य, डिप्रेशन और आत्महत्या रोकथाम जैसे गंभीर मुद्दों पर जागरूकता फैलाने के उद्देश्य से आयोजित किया गया। सेमिनार में बड़ी संख्या में युवा, अभिभावक और मानसिक स्वास्थ्य से जुड़े विशेषज्ञ शामिल हुए। कार्यक्रम की प्रमुख वक्ता क्लिनिकल साइकोलॉजिस्ट व हिप्नोथेरेपिस्ट डॉ. कविता जैन थी। इस अवसर पर माइंडसेट और पीक परफॉर्मेंस कोच सिद्धार्थ टाया ने भी युवाओं को प्रेरणादायक मार्गदर्शन दिया। कार्यक्रम में डॉ. कविता ने डिप्रेशन के लक्षण व समाधान के तहत मानसिक बीमारी के संकेतों की पहचान और समय पर मदद लेने की जरूरत पर प्रकाश डाला। आत्महत्या रोकथाम के उपाय: इस संवेदनशील विषय पर खुलकर बातचीत हुई, जिसमें जीवन की अहमियत और सहारा ढूंढने के तरीकों पर चर्चा की गई। मानसिक सेहत को मज़बूत बनाने के उपाय: मेडिटेशन, काउंसलिंग, सेल्फ-केयर और सोशल सपोर्ट की भूमिका समझाई गई। द जील मार्शल आर्ट एण्ड फिटनेस पॉइन्ट के डायरेक्टर रेंशी हरीश सांवरिया ने बताया कि किस प्रकार मार्शल आर्ट जैसी गतिविधियाँ बच्चों और युवाओं को अनुशासन, आत्मबल और सकारात्मक सोच विकसित करने में मदद करती हैं। सेमिनार के अंत में मोटिवेशनल एक्सरसाइज और प्रश्नोत्तरी सेशन आयोजित किया गया, जिसमें उपस्थित युवाओं ने अपने सवालों के जवाब सीधे विशेषज्ञों से पाए।

# रोटरी क्लब उद्यम ने किया सम्मान समारोह आयोजित

## प्रज्ञा-बेहतर स्वास्थ्य साथ मिलकर' पॉडकास्ट का हुआ शुभारंभ

बढ़ता राजस्थान

**उदयपुर ( नि.स. )।** रोटरी क्लब उद्यम द्वारा आज एक निजी होटल में सम्मान समारोह आयोजित किया गय। जिसमें समाज सेवा संलग्न शहर के चिकित्सकों को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर प्रज्ञा-बेहतर स्वास्थ्य साथ मिलकर' पॉडकास्ट का भी शुभारंभ किया गया। क्ल अध्यक्ष वैभव शर्मा ने बताया कि समाज के स्वास्थ्य क्षेत्र में अद्वितीय योगदान के लिए प्रतिष्ठित चिकित्सकों डॉ. गजेन्द्र जोशी (हृदय रोग विशेषज्ञ) और डॉ. राजकुमार बिश्नोई (बाल रोग विशेषज्ञ) को उनकी सेवाओं और समुदाय में उनके प्रभाव के लिए सम्मानित किया गया। उन्होंने जनमानस में स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता फैलाने हेतु प्रज्ञा नामक मासिक पॉडकास्ट श्रृंखला की शुरुआत की गई। इस श्रृंखला में विशेषज्ञ डॉक्टरों से संवाद होगा, जो स्वास्थ्य संबंधी सामान्य प्रश्नों के उत्तर और जागरूकता प्रदान करेंगे। कार्यक्रम का पहला एपिसोड डॉ. गजेन्द्र जोशी के साथ हृदय स्वास्थ्य और उससे जुड़ी जानकारी पर केंद्रित रहा,जो अब सभी प्रमुख डिजिटल प्लेटफ़ॉर्म्स पर उपलब्ध है। इस अवसर पर क्लब अध्यक्ष वैभव शर्मा, सचिव जूली मारमट और कोषाध्यक्ष देवेंद्र चौधरी सहित अनेक क्लब सदस्य मौजूद थे। पॉडकास्ट की संरचना नीरज सनाढ्य ने की, जिसके तहत 11 एपिसोड्स तैयार किये जायेंगे। यह स्वास्थ्य और जागरूकता की दिशा में यह कदम, समाज को सशक्त बनाने की ओर एक महत्वपूर्ण प्रयास है।



# रिठौली में 11 कुंडीय महायज्ञ और शिव महापुराण कथा का विशेष आयोजन किया

**हिंडौन सिटी ( अंशु गुप्ता )।** रीठौली में 11 कुंडीय महायज्ञ और शिव महापुराण कथा का विशेष आयोजन किया जा रहा है। संत जानकीदास और संत रामदास की उपस्थिति में यह धार्मिक कार्यक्रम संपन्न हो रहा है। आसपास के गांवों से बड़ी संख्या में श्रद्धालु कार्यक्रम में शामिल हो रहे हैं ।सोमवार को कथा में शिव-पार्वती विवाह का पावन प्रसंग सुनाया गया। संत रामदास ने शिव बारात की विशेषता बताते हुए कहा कि राजा हिमालय और मैनावती की पुत्री पार्वती के विवाह में भगवान शिव की बारात अद्भुत थी। उन्होंने बताया कि बारात में भूत, प्रेत, पिशाच और गणों को देखकर हिमाचल के निवासी डर गए थे ।कार्यक्रम में शिव-पार्वती की आकर्षक झांकी प्रस्तुत की गई। महिलाओं ने भजनों पर नृत्य की प्रस्तुति दी।

# अणुव्रत समिति द्वारा पर्यावरण संरक्षण पर जागरूकता शिविर आयोजित



बढ़ता राजस्थान

**उदयपुर ( नि.स. )।** अणुव्रत समिति उदयपुर एवं अग्रवाल वैष्णव समाज के संयुक्त तत्वाधान में अणुव्रत समिति द्वारा किए जा रहे पर्यावरण संरक्षण पर कार्यक्रम आयोजित किया गया। समिति अध्यक्ष प्रणिता तलेसरा ने पर्यावरण जागरूकता शिविर में वीडियो, ई पत्रिका के माध्यम से बच्चों में सेव ट्री सेव इलेक्ट्रिसिटी, वाटर वाटर्स ,सेव अर्थ के बारें में जानकारी दी। स्कूल में प्रतियोगिता के माध्यम से बच्चों को क्रिएटिविटी डेवलपमेंट करने के लिये जागरूक किया। पर्यावरण संरक्षण का महत्व एवं पर्यावरण संरक्षण कैसे किया जाता है उसके बारे में बताया गया उन्होंने कहा कि पर्यावरण संरक्षण हम सभी की जिम्मेदारी है। कार्यक्रम की मुख्य वक्ता डॉक्टर अल्पना बोहरा थी। कार्यक्रम में स्वच्छ भारत मिशन के तहत उदयपुर जिले में पौधे लगाने का संकल्प लिया है। उन्होंने कहा कि अणुव्रत समिति पूरी निष्ठा के साथ पर्यावरण पर कार्य कर रही है । इस कार्यक्रम में श्री अग्रवाल वैष्णव समाज महिला समिति की अध्यक्ष संतोष अग्रवाल तथा सचिव रेखा अग्रवाल की सहभागिता रही।

# भारतीय किसान संघ तहसील स्तरीय सम्मेलन के लिए गांवों में किया जनसंपर्क

**साहवा ( कृष्ण कुमार )।** भारतीय किसान संघ जयपुर प्रान्त व जिलाध्यक्ष मुकेश रामपुरा के दिशा निर्देशानुसार तहसील स्तरीय किसान सम्मेलन व अभ्यास वर्ग के लिए गांवो में जाकर जनसंपर्क किया जा रहा है ।किसान सम्मेलन 15 जुलाई को उपतहसील साहवा में आयोजित कर अभ्यास वर्ग चाचाण धर्मशाला में निर्धारित किया गया है। इसके लिए ग्राम समितियों के गठन के लिए साहवा तहसील अध्यक्ष बनवारीलाल गील व मंत्री हजारीराम सैनी ने रविवार को ग्राम पंचायत मुख्यालयों पुनसीसर, सहजासर, सोमसीसर, रैयाटूडा, बनियाला व भाड़ंग आदि गांवों में जाकर किसानों से सम्पर्क किया तथा ग्राम समितियों का गठन किया गया और 15 जुलाई को सुबह 9 बजे से शाम 5 बजे तक आयोजित अभयास वर्ग में आवश्यक रूप से पहुंचने का आह्वान किया गया।

# ढिंढोरा मे कब्रिस्तान परिसर में कब्रिस्तान इंतजामिया कमेटी द्वारा मुस्लिम समाज ने लगाए पौधे

बढ़ता राजस्थान

**हिंडौन सिटी ( अंशु गुप्ता )।** ढिंढोरा गांव में सोमवार सुबह कब्रिस्तान परिसर में ग्रीन हिंडौन अभियान के तहत पौधरोपण किया गया। इस दौरान पीपल, नीम और अशोक जैसे छायादार पौधे लगाए गए। कार्यक्रम का आयोजन कब्रिस्तान इंतजामिया कमेटी द्वारा किया गया, जिसमें जमीयत उलेमा ए हिंद और मदरसा जामिया अरबिया सिद्दीकी कुतकपुर के प्रमुख मुफ्ती खलील अहमद ने नेतृत्व किया ।मुफ्ती खलील ने पर्यावरण संतुलन पर जोर देते हुए कहा कि हर व्यक्ति को कम से कम दो पौधे जरूर लगाने और उनकी देखभाल करनी चाहिए। इस कार्यक्रम में



मुफ्ती सद्दाम हुसैन (मदरसा सआदते दारेन), नफीस अहमद (पूर्व उपसभापति), इज्ज़त नूर, कारी अशफाक अहमद, रफीक चौधरी, रहीमुद्दीन, मंसूर अली, मोहम्मद हुसैन, अमीन खान, समेत कई मुस्लिम समाज के गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

# साहित्य कला चेतना परिवार द्वारा एकल काव्य पाठ का आयोजन

**साहवा ( कृष्ण कुमार )।** साहित्य कला चेतना परिवार नोहर द्वारा एकल काव्य पाठ की श्रृंखला में चतुर्थ स्तर में परलीका के कवि थानेश्वर शर्मा ने काव्य पाठ किया जिसमें विभिन्न विषयों पर अपनी रचनाएं पटल पर सुनाई। इनकी रचना चूडियां को सभी कवियों द्वारा सराहना मिली जिसके माध्यम से एक लड़की के बचपन से लेकर विवाह तक और उससे आगे तक सुखद एवं दु:खद क्षणों का सांगोपांग भाव प्रकट कर पटल को भाव विभोर कर दिया। इसके अतिरिक्त एक राजस्थानी गज़ल आंख्यां की सुन्दर प्रस्तुति देकर आंख के भावों को प्रकट किया। अन्य रचनाओं से भी पटल को रोमांचित किया।

### खान विभाग की संयुक्त समीक्षा बैठक

# हमारी सरकार का खनन और पर्यावरण के मध्य संतुलन पर विशेष जोर - मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा

## .राज्य में प्रचुर खनन संपदा, खनन की अपार संभावनाएं खनिजों के समुचित दोहन से अर्थव्यवस्था को मिल रही गति, खनन क्षेत्र में मुख्यमंत्री के नेतृत्व में राजस्थान में हो रहा बेहतरीन काम

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर (का.स.)।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि राज्य में प्रचुर मात्रा में खनिज संसाधन उपलब्ध हैं तथा खनन की अपार संभावनाएं हैं। इन संसाधनों के विवेकपूर्ण उपयोग से न केवल राज्य की अर्थव्यवस्था को बल मिलेगा बल्कि स्थानीय रोजगार और क्षेत्रीय विकास को भी गति मिलेगी। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार प्रदेश में खनन से राजस्व अर्जन के साथ खनन और पर्यावरण के मध्य संतुलन पर भी विशेष जोर दे रही है। केन्द्र एवं राज्य सरकार के बेहतरीन सामंजस्य से प्रदेश में खनन के क्षेत्र में अभूतपूर्व काम हो रहा है। शर्मा एवं केन्द्रीय कोयला एवं खान मंत्री जी. किशन रेड्डी सोमवार को मुख्यमंत्री निवास पर खान विभाग की संयुक्त समीक्षा बैठक कर रहे थे। इस दौरान मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य में असीम खनिज संपदा की संभावनाओं को ध्यान में रखते हुए नए खनिज ब्लॉक्स की पहचान की जाए। साथ ही, नीलामी प्रक्रिया में तेजी लायी जाए। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि केन्द्र सरकार से समन्वय करते हुए इस क्षेत्र में पर्यावरण क्लीयरेंस में भी गति लायी जाए जिससे समयबद्ध खनन सुनिश्चित हो सके।



**प्रधानमंत्री दुर्लभ खनिजों के सुनियोजित खनन को दे रहे बढ़ावा—**

केन्द्रीय कोयला एवं खान मंत्री जी. किशन रेड्डी ने कहा कि राजस्थान खनिज संपदा की दृष्टि से समृद्ध राज्य है। यहां बहुमूल्य एवं दुर्लभ खनिज की व्यापक संभावनाएं हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी देश में ग्रीन एनर्जी सेक्टर को बढ़ावा देने के लिए दुर्लभ खनिजों के सुनियोजित एवं तीव्र खनन पर विशेष बल दे रहे हैं। इस दिशा में राजस्थान की भूमिका और भी महत्वपूर्ण हो जाती है।

केन्द्रीय मंत्री ने मुख्यमंत्री के नेतृत्व में राज्य सरकार द्वारा किए जा रहे प्रयासों की सराहना की। उन्होंने कहा कि राजस्थान खनन क्षेत्र में पारदर्शिता, स्थानीय विकास और निवेश आकर्षण के लिए उल्लेखनीय काम कर रहा है। परिणामस्वरूप हाल ही में देशभर में खनिज ब्लॉकों की नीलामी में अनुकरणीय प्रदर्शन के लिए राजस्थान को प्रथम पुरस्कार से सम्मानित भी किया गया था। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि इस क्षेत्र में और अधिक निवेश आकर्षित करने के लिए प्रो-एक्टिव अप्रोच के साथ काम करें।

इससे पहले प्रमुख शासन सचिव खान श्री टी. रविकांत ने प्रस्तुतीकरण के माध्यम से राज्य में खनन क्षेत्र में राजस्व के प्रमुख स्रोत, ब्लॉक्स की नीलामी तथा उनमें खनन संभावनाएं, राज्य के डीएमएफटी, एनएमईटी सहित विभिन्न कोयला एवं खान संबंधित प्रकरणों पर विस्तृत जानकारी दी। इस दौरान मुख्यमंत्री ने केन्द्रीय मंत्री को स्मृति चिन्ह भेंट कर उनका स्वागत-अभिनंदन किया। इस अवसर पर केन्द्र एवं राज्य के विभिन्न विभागों के वरिष्ठ अधिकारीगण उपस्थित रहे।

### निवेश को आकर्षित करने के लिए खनिज संपदा का करें व्यापक प्रचार-प्रसार

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश में 82 प्रकार के धात्विक एवं अधात्विक खनिज हैं जिनमें से 57 प्रकार के खनिजों का दोहन किया जा रहा है। राज्य की खनिज संपदा बहुमूल्य एवं दुर्लभ है। ऐसे में इस संपदा का व्यापक प्रचार-प्रसार किया जाए जिससे अधिक से अधिक उद्योगपति प्रदेश में निवेश करें। उन्होंने कहा कि विभाग द्वारा खनन नवाचारों को बढ़ावा देने के लिए नियमों में आवश्यकतानुसार संशोधन किया जाए। इसके लिए इस क्षेत्र में अन्य राज्यों द्वारा किए जा रहे कार्यों का भी अध्ययन करें।

## जिला कलक्टर ने किया ग्राम पंचायत केशवाना राजपूत में अंत्योदय सम्बल शिविर का निरीक्षण

### लाभार्थी को किया पट्टा वितरण, ग्रामीणों से संवाद कर विभागीय अधिकारियों को दिये आवश्यक निर्देश



बढ़ता राजस्थान

**कोटपूतली( बिल्लूराम सैनी )।** सरकार के निर्देशानुसार जिले में पं. दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़े के अंतर्गत शिविर आयोजित किये जा रहे हैं। सोमवार को जिला कलक्टर प्रियंका गोस्वामी ने ग्राम पंचायत केशवाना राजपूत में अंत्योदय सम्बल शिविर का निरीक्षण कर ग्रामीणों से संवाद किया। इस दौरान संबंधित विभागीय अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिये। शिविर में जिला कलक्टर ने सेवायें दे रहे विभिन्न विभागों के कार्मिकों से मौके पर करवाये जा रहे कार्यों की जानकारी ली। उन्होंने जानकारी ली कि अभी तक शिविर में कितने प्रकरण आये और कैसे आमजन की समस्याओं का निस्तारण कर उन्हें मौके पर ही राहत दी जा रही है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार की मंशा के अनुसार शिविर के माध्यम से प्रत्येक पात्र को लाभान्वित करते हुये राहत दी जायें। तहसीलदार रामधन गुर्जर ने जिला कलक्टर को अब तक की प्रगति से अवगत करवाते हुये बताया कि शिविर में राजस्व प्रकरण जैसे पत्थरगढ़ी, सीमाज्ञान, नामांतरण, रास्तों के प्रकरणों एवं आपसी सहमति से बंटवारे का निस्तारण करने के साथ-साथ विभिन्न विभागों द्वारा आमजन से जुड़े कार्य संपादित किये जा रहे हैं। इस दौरान जिला कलक्टर ने आमजन के परिवाद सुनकर संबंधित अधिकारियों को त्वरित निस्तारण के निर्देश दिये। साथ ही शिविर में लाभार्थियों को प्रमाण पत्र व दस्तावेज भी प्रदान किये। उन्होंने समाज कल्याण विभाग को शिविर में आने वाले पात्रों का पेंशन सत्यापन व खाद्य सुरक्षा विभाग को ई केवाईसी पूर्ण करने को कहा।

## इन्फ्लुएंशियल क्वीन ऑफ़ इनक्रेडिबल मिस एंड मिसेज भारत और किड्स फैशन फिएस्टा सीजन 3 का भव्य आयोजन

### महिलाओं और किड्स मॉडल्स की रैंप वॉक से इवेंट हुआ गुलजार, शामिल हुए गणमान्य लोग

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर (का.स.)।** भारत की प्रभावशाली नारियों को समर्पित इन्फ्लुएंशियल क्वीन ऑफ़ इनक्रेडिबल मिस एंड मिसेज भारत कार्यक्रम का सफल समापन जयपुर में भव्य रूप में हुआ। इसके साथ ही किड्स फैशन फिएस्टा सीजन 3 का भी शानदार आयोजन किया गया, जिसमें बच्चों ने आत्मविश्वास से भरे रैम्पवॉक कर सभी का दिल जीत लिया।

आयोजक केके साल्वी ने बताया कि कार्यक्रम का उद्देश्य उन महिलाओं को मंच देना था, जिन्होंने पारिवारिक जिम्मेदारियों के चलते कभी इस प्रकार के मंच का हिस्सा नहीं बन सकीं, लेकिन अपने कार्यों और समर्पण से समाज में विशेष प्रभाव डाला है। इसी भावना के साथ देशभर से आई 51 प्रभावशाली महिलाओं को क्राउन, सैश, ट्रॉफी, मोमेंटो, कवर पेज और मेडल देकर सम्मानित किया गया। दिल्ली, गुड़गांव, चूरू, अजमेर, उदयपुर के साथ-साथ अमेरिका से भी महिलाएं इस आयोजन का हिस्सा बनीं, जिसने इसे ग्लोबल पहचान दी।




**डिजाइनर्स और ग्रूमिंग एक्सपर्ट्स का रहा अहम योगदान =**

कार्यक्रम में महिलाओं और बच्चों के लिए डिजाइनर ड्रेसेस ड्रीम आउटफिट्स की किरण रेवानी और किड्स डिजाइनर श्वेता जैन द्वारा प्रस्तुत की गईं। ग्रूमिंग सेशन का संचालन मोनिका शर्मा, रेणु जिंदल और डॉ. लवीना जसवानी ने किया, जिससे प्रतिभागियों को मंच पर बेहतर तरीके से प्रस्तुत होने में मदद मिली।

**विशेष अतिथियों ने बढ़ाया आयोजन का गौरव =**

कार्यक्रम में विशेष अतिथि के रूप में लोकेश ठाडा, डॉ. हेमंत चांदवानी और किशोर गीठाला मौजूद रहे। ब्रांड प्रतिनिधियों ने रौशन की मंच की शोभा अमिता शर्मा को ब्रांड एम्बेसडर, आंचल पूरी को ब्रांड फेस और मोनिका शर्मा को ब्रांड आइकन के रूप में प्रस्तुत किया गया।पूनम खंगारोत और प्रिया मोदी कार्यक्रम की पैट्रन रही। कार्यक्रम में श्वेता जैन, नीतू जैन, प्रियंका बैनर्जी, सुनीता ग्रेवाल और सारिका शर्मा का विशेष सहयोग रहा। इवेंट की एंकरिंग शिखा जैन द्वारा की गई। इवेंट की फोटोग्राफी का कार्य सुहान खान द्वारा किया गया।

निधि हैंडीक्राफ्ट ट्रॉफी पार्टनर और साउंड ऑडियो सेंटर ऑडियो पार्टनर रहे।

पीआर और मीडिया का संचालन केपी प्रोडक्शंस द्वारा किया गया, जिसमें जयपुर की इवेंट इंडस्ट्री के प्रमुख लोगों की मौजूदगी ने कार्यक्रम को यादगार बना दिया।

# हरि ओम बेकरी में निकली मरी छिपकली, घटिया खाद्य सामग्री बेच आमजन की सेहत से हो रहा खिलवाड़

### ग्राहक की शिकायत पर बेकरी संचालक ने किया अभद्र व्यवहार, फूड इंस्पेक्टर ने भरे सेम्पल और घटिया सामग्री को कराई नष्ट, सफाई के दिये निर्देश

बढ़ता राजस्थान

**ब्यावर (विष्णु दत्त धीमान)।** ब्यावर शहर स्थित राजकीय अमृतकौर चिकित्सालय के पास, शनि मंदिर के सामने स्थित हरि ओम बेकरी द्वारा कथित रूप से पुरानी व सड़ी-गली खाद्य सामग्री बेचने का गंभीर मामला सामने आया है। यह आरोप बलाड़ गांव निवासी नदीम खान पुत्र रफीक अहमद ने लगाया है, जिन्होंने इस संबंध में प्रशासन से लिखित शिकायत कर कार्रवाई की मांग की है।

शिकायतकर्ता नदीम खान ने बताया कि 5 जुलाई 2025, शनिवार को दोपहर करीब 1.16 बजे हरि ओम बेकरी से एक पैकेट रूल और एक किलो टोस्ट ऑनलाइन भुगतान कर खरीदे। जब वे घर पहुंचे और रूल का पैकेट खोला, तो उसमें से क्रीम के अंदर एक मरी हुई छिपकली निकली। यह देख वे तुरंत बेकरी लौटे और वहां मौजूद सेल्सगर्ल ज्योति आसवानी को शिकायत दर्ज कराई। लेकिन आरोप है कि न केवल शिकायत को अनदेखा किया गया, बल्कि ग्राहक के साथ अभद्र व्यवहार भी किया गया। शिकायतकर्ता के अनुसार, सेल्सगर्ल ने कहा, हो जाता है, हम क्या करें, और उसे वहां से चले जाने को कहा।






शिकायत है कि उक्त बेकरी में अस्पताल के मरीज और उनके परिजन नियमित रूप से खाद्य सामग्री खरीदते हैं। ऐसे में इस तरह की लापरवाही आमजन की सेहत के लिए गंभीर खतरा पैदा कर सकती है।

नदीम खान ने मांग की है कि उक्त बेकरी की संपूर्ण खाद्य सामग्री की तत्काल जांच करवाई जाए. संचालक व कर्मचारियों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाए।


शिकायत के बाद फूड इंस्पेक्टर नारायणसिंह ने मौके पर पहुँचकर हरिओम बेकरी पर जांच की। निरीक्षण के दौरान स्वच्छता की गंभीर कमी, उत्पादों की लैब रिपोर्ट का अभाव, श्रमिकों के हेल्थ फिटनेस प्रमाण पत्र की अनुपलब्धता, एवं दूषित खाद्य सामग्री पाई गई। शिकायत अनुसार क्रीम रोल में छिपकली मिलने की पुष्टि के आधार पर तत्काल कार्रवाई करते हुए खाद्य पदार्थों को नष्ट करवाया गया व क्रीम रोल एवं वनस्पति के नमूने लेकर अजमेर लैब भेजे गए।

इसी क्रम में बालाजी बेकरी से टोस्ट का सैंपल लिया गया एवं सफाई के अभाव में संबंधित को नोटिस जारी किया गया है। सभी सैंपल राजकीय खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला, अजमेर भेजे गए हैं। रिपोर्ट असंतोषजनक पाए जाने की स्थिति में कड़ी विधिक कार्रवाई की जाएगी।

## शुद्ध आहार मिलावट पर वार अभियानः विभिन्न प्रतिष्ठानों से लिये खाद्य पदार्थो के नमूने, जांच हेतु भेजे प्रयोगशाला

बढ़ता राजस्थान

**कोटपूतली( बिल्लूराम सैनी )।** राज्य सरकार द्वारा चलाये जा रहे शुद्ध आहार मिलावट पर वार अभियान के तहत शिकायत प्राप्त होने पर आयुक्त खाद्य सुरक्षा एवं औषधि नियंत्रक, जिला कलक्टर प्रियंका गोस्वामी, एडीएम ओमप्रकाश सहारण, सीएमएचओ डॉ. आशीष सिंह शेखावत के निर्देशन में सोमवार को हाउसिंग बोर्ड में मैसर्स अंकुश फास्ट फुड से सॉस, मैसर्स के.के. ब्रदर्स मार्ट से नमक, मैदा, सूजी, दलिया, बेसन एवं दिल्ली-जयपुर राष्ट्रीय राजमार्ग पर मैसर्स न्यू सुमन चौधरी होटल से दही का नमुना लिया गया। साथ ही बहरोड़ के मैसर्स गिर्राज ठेकेदार हलवाई से मावा का नमूना लेकर जाँच के लिये प्रयोगशाला भेजा गया। जाँच रिपोर्ट प्राप्त होने के बाद एफएसएसए एक्ट के तहत नियमानुसार कार्यवाही की जायेगी। खाद्य सुरक्षा अधिकारी नेहा शर्मा ने बताया कि निरीक्षण के दौरान कोटपूतली के हाउसिग बोर्ड स्थित मैसर्स अंकुश फास्ट फुड पर दूषित चाउमीन, दूषित मोमोज व दूषित सॉस मिला व मैसर्स न्यू सुमन चौधरी होटल पर साफ सफाई नहीं पाई गई एवं खराब सब्जियां व 40 किलो दूषित एवं बदबूदार दही जिसमें मक्खी मच्छर गिरे हुये थे पाया गया। जिन्हें मौके पर ही नष्ट करवाया गया। साथ ही निरीक्षण के दौरान मौजुद सभी खाद्य कारोबारकर्ताओं एवं विक्रेताओं को खाद्य लाईसेंस व पंजीयन बनवाने के लिये पाबंद किया गया एवं अधिकारियों द्वारा निर्देश दिया गया कि अगर कोई भी विक्रेता बिना लाईसेंस व्यापार करता पाया गया तो उनके विरूद्ध कार्यवाही की जायेगी। इस प्रकार की कार्यवाही निरंतर जारी रहेगी ताकि आमजन को सुरक्षित और शुद्ध खाद्य सामग्री मिल सके।




## नाबालिग बच्ची का अपहरण कर छेड़छाड़ व मारपीट के आरोपी को किया गिरफ्तार

बढ़ता राजस्थान

**कोटपूतली( बिल्लूराम सैनी )।** कोटपूतली के सरूण्ड थाना पुलिस ने एक नाबालिग बच्ची का अपहरण कर छेड़छाड़ व मारपीट करने के आरोपी को गिरफ्तार किया है। एसएचओ बाबूलाल मीणा ने जानकारी देते हुये बताया कि इस सम्बंध में परिवादिया ने दर्ज करवाया था कि विगत 03 जुलाई को उसकी नाबालिग लड़की घर के बाहर चौक में खेल रही थी। जिसको लोकेश कुमार उर्फ गंजया निवासी पवाना अहीर (सरूण्ड) चॉकलेट दिलवाने की कह कर बहला फुसलाकर अपहरण कर सोता नदी की तरफ सुनसान जगह पर ले गया। जिसकी तलाश पतारसी करते हुये सोता नदी, पवाना अहीर में सुनसान जगह गये तो बच्ची के वस्त्र उतरे हुए थे। मौके पर लोकेश कुमार उर्फ गंजया बैठा हुआ था, जो परिवारजनों को देखकर भाग गया। इस बाबत बच्ची को घर पर लाकर पुछा तो उसने बताया कि लोकेश ने उसके साथ छेड़छाड़ व मारपीट की। इस सम्बंध में पुलिस ने पीड़ित बालिका का मेडीकल मुआयना करवाकर उसके बयान शामिल पत्रावली किये। साथ ही परिवादिया व गवाहों के बयान शामिल पत्रावली करते हुये अपहरण के स्थान व बालिका के साथ छेड़छाड़ व मारपीट करने के स्थान का नक्शा मौका पृथक- पृथक मुर्तिब कर शामिल पत्रावली किया। साथ ही पीड़ित बालिका व परिवादिया के बयान भी न्यायालय में करवाये गये। साथ ही कार्यवाही करते हुये आरोपी लोकेश कुमार उर्फ गंजया (23) पुत्र रमेश चंद मेघवाल निवासी ग्राम पवाना अहीर, सरूण्ड को गिरफ्तार कर लिया।




## सुनील उर्फ टुल्ली गोलिकांड मामले में अलवर जेल से 4 आरोपी और 2 साजिशकर्ता गिरफ्तार

बढ़ता राजस्थान

**बानसूर (धीरज मौर्य)।** पुलिस ने शराब ठेकदार की हत्या करने वाले आरोपियों को अलवर केंद्रीय कारागृह से प्रोडक्शन वारंट पर गिरफ्तार किया है। पुलिस ने शराब ठेकेदार के हत्या के आरोपियों का सहयोग करने वाले दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। थाना प्रभारी सुरेन्द्र मलिक ने बताया कि 24 जून को अलवर बाईपास पर एक टेलर की दुकान पर बाईक पर सवार होकर आए बदमाशों ने शराब ठेकेदार सुनील उर्फ टूल्ली की गोली मारकर हत्या कर दी थी। जिसको लेकर पुलिस ने हत्या करने वाले 4 बदमाशों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था। जिसको लेकर आज पुलिस ने केंद्रीय कारागृह अलवर से प्रोडक्शन वारंट पर अखिल सैनी, पवन सैनी, मनोज मीणा और मनीष गुर्जर को गिरफ्तार किया है।



**कार्यालय अधिशाषी अभियन्ता जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग,जिला ग्रामीण खण्ड-प्रथम, जयपुर।**

क्रमांकः 2588-2608 दिनांक : 25.6.2025

**निविदा सूचना संख्या-65-66/2025-2026**

राजस्थान के राज्यपाल महोदय की ओर से विभिन्न कार्यों हेतु नियमानुसार उपयुक्त श्रेणी में इस विभाग में पंजीकृत संवेदकों एवं राज्य सरकार/केन्द्र सरकार के समकक्ष श्रेणी में पंजीकृत संवेदकों से निर्धारित प्रपत्र में ईप्रोक्यूरमेंट प्रक्रिया हेतु ऑनलाईन निविदाएं आमंत्रित की जाती है।

निविदा फार्म ऑनलाईन वेबसाईट http://www.eproc.rajasthan.gov.in से दिनांक 08.7.2025 तक को सांय 5.00 बजे तक डाउनलोड/ अपलोड़ किए जा सकते हैं। वेबसाईट पर तकनीकी बिड दिनांक 09.7.2025 को इस कार्यालय में अपरान्ह 11.00 बजे खोली जाएगी। राजस्थान सरकार वित्त (जी एण्ड टी) विभाग के परिपत्र क्रमांक प.6(5) वित्त/सावि लेनि/2018 दिनांक 27.4.2020 के अनुसार ईप्रोक्योरमेन्ट पोर्टर पर ई-निविदाओं के प्रेषण के लिए एक ही चालान से बोली दस्तावेज मूल्य (Tender Fee) बिड सिक्योरिटी (EMD) एवं RISL फीस को ऑलाईन ई-ग्रास सिस्टम के माध्यम से जमा करवाना आवश्यक है।निविदा शुल्क/धरोहर राशि/प्रक्रिया शुल्क एं निविदा से संबंधित अन्य समस्त विवरण वेबसाईट http:/ /www.eproc.rajasthan. gov.in/ www.dipronline.org पर देखे जा सकते हैं।

NIT No. 65 UBN-Phe2526WSR604101
NIT No. 66 UBN-Phe2526WSR604104

**अधिशाषी अभियन्ता**
**जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग**
**जिला ग्रामीण खण्ड-प्रथम, जयपुर**
**फोन नं:-0141-2221802**

DIPR/C/9210/25

## सम्पादकीय

# बिहार की कानून व्यवस्था और 243 सीटों को लेकर चिराग पासवान के बोल- सिर्फ बयान या भविष्य की राजनीति का संकेत ?

चिराग पासवान के विरोधाभासी बयानों ने बिहार की राजनीति को उलझा दिया है। जरा उनके और उनके बहनोई एवं लोकसभा सांसद अरुण भारती के कुछ बयानों पर नजर डालिए। एक तरफ जहां चिराग कह रहे हैं कि बिहार में मुख्यमंत्री की कुर्सी खाली नहीं है तो दूसरी तरफ वह खुद विधानसभा चुनाव लड़ने का ऐलान कर चुके हैं।

बिहार में राजद नेता तेजस्वी यादव से लेकर विपक्षी गठबंधन में शामिल तमाम राजनीतिक दल राज्य की कानून व्यवस्था की स्थिति को लेकर नीतीश कुमार की सरकार पर जमकर निशाना साध रहे हैं। वहीं दूसरी तरफ बिहार की जनता को लालू यादव-राबड़ी देवी के जंगलराज की लगातार याद दिला रहे जेडीयू और भाजपा के नेता सरकार के पक्ष में तर्क दे रहे हैं।

लेकिन एनडीए गठबंधन में शामिल और केंद्र की नरेंद्र मोदी सरकार में मंत्री चिराग पासवान के बयान ने एनडीए गठबंधन में खासकर जेडीयू नेताओं में खलबली मचा दी है। लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) के मुखिया एवं केंद्रीय मंत्री चिराग पासवान ने बिहार की राजधानी पटना के पॉश इलाके में एक बड़े कारोबारी गोपाल खेमका की हत्या को लेकर अपनी ही गठबंधन सरकार पर जमकर निशाना साधा है। चिराग पासवान ने बहुत ही तल्ख अंदाज में इस हत्या को चिंताजनक बताते हुए कहा कि यह हत्याकांड इस बात का संकेत है कि बिहार में कानून-व्यवस्था पूरी तरह से ध्वस्त हो चुकी है। चिराग की पार्टी ने उनके बयान के वीडियो को सोशल मीडिया पर शेयर भी किया। चिराग ने नीतीश सरकार पर सीधा-सीधा हमला बोलते हुए कहा, 卐 जिस तरह से बिहार में अपराध बढ़ा है और कानून-व्यवस्था जिस तरह से ध्वस्त हुई है, यह चिंता का विषय है। मैं केवल एक व्यापारी की हत्या को लेकर नहीं कह रहा हूं हालांकि यह भी चिंता का विषय है क्योंकि ऐसी जगह पर यह घटना घटी है जो पटना का एक पॉश इलाका है। 100 मीटर की दूरी पर जहां थाना है और अधिकारियों के घर हैं। यदि यहां पर ऐसी घटना घट रही है तो सोचिए गांव-देहात में क्या हो रहा होगा? अगर बिहार में एक भी हत्या होती है तो सरकार और प्रशासन के लिए चिंता का विषय होना चाहिए। कहां चूक हुई है, इसे हमें सुधारना होगा और कड़ी से कड़ी कार्रवाई करके हमें एक उदाहरण देना होगा ताकि भविष्य में ऐसी घटनाएं ना घटे।卐 चिराग पासवान का यह बयान विपक्षी नेताओं के बयानों को और ज्यादा मजबूती देता हुआ नजर आता है कि लालू-राबड़ी के जंगलराज की बात करने वाले नीतीश कुमार बिहार की कानून व्यवस्था को नहीं संभाल पा रहे हैं,अपराधी बेखौफ हो चुके हैं और सुशासन पूरी तरह से ध्वस्त हो चुका है।

ऐसे में सबसे बड़ा सवाल तो यही खड़ा हो रहा है कि आखिर केंद्र सरकार में मंत्री चिराग पासवान के बयान के मायने क्या है ? वह चाहते क्या हैं ? यह कोई पहला मौका नहीं है जब चिराग पासवान ने अपने बयान से बिहार की नीतीश सरकार के लिए असहज स्थिति पैदा की हो। इससे पहले भी वो लगातार कई मौकों पर बिहार की कानून व्यवस्था को ध्वस्त बता चुके हैं।

## आज का इतिहास
बढ़ता राजस्थान

### 08 जुलाई की महत्त्वपूर्ण घटनाएँ

- 1099 पहली बार धर्मयुद्ध के दौरान येरूशलम में लगभग 15,000 प्रसिद्ध अपराधियों ने नंगे पैर मार्च किया। यूरोपीय ईसाई बलों द्वारा यरूशलेम पर कब्जा करने के साथ पहला धर्मयुद्ध समाप्त हो गया। सामान्य धार्मिक क्षेत्रों पर नियंत्रण पाने के लिए ईसाई और मुस्लिमों के बीच धर्मयुद्ध हुआ था।
- 1283 सिसिली के युद्ध Vespers- एक वेलेंटाइन के बेड़े के बेड़े ने माल्टा में एंग्विन बेड़े पर एक पेराई हार को उकसाया, जिससे नेपल्स के चार्ल्स ↓ ने सिसिली पर आक्रमण करने की अपनी योजना को स्थगित कर दिया।
- 1579 हमारी लेडी ऑफ कज़ान, रूसी रूढ़िवादी चर्च का एक पवित्र चिह्न, कज़ान, वर्तमान तातारस्तान, रूस में भूमिगत खोजा गया था।
- 1579 हमारी लेडी ऑफ कज़ान , रूसीऑर्थोडॉक्स चर्च का एक पवित्र चिह्न, कज़ान में मौजूद था, वर्तमान-दिवस कतर, रूस।
- 1709 रूस के महान उत्तरी युद्ध-पीटर ↓ ने पोल्टावा में चार्ल्स बारहवीं को हराया, प्रभावी रूप से स्वीडन की एक प्रमुख शक्ति के रूप में स्वीडन की भूमिका को समाप्त कर दिया।
- 1716 ग्रेट नॉर्दर्न वॉर- डायनेक्लिन का युद्ध पीटर टेर्डेंकॉल्ड के नीचे एक डेनिश-नॉर्वेजियाई बल फंस गया और इस तरह से उसने स्वीडिश बल को हराया।
- 1758 फ्रांसीसी सेनाओं पर फोर्ट टीकेंडरोगा, न्यूयॉर्क में ब्रिटिश और औपनिवेशिक हमले किये गये।
- 1777 वर्मोंट ने नए संविधान का परिचय दिया, जिससे वह गुलामी को खत्म करने वाला पहला अमेरिकी राज्य बना।
- 1791 संगीतकार जोसेफ हेडन को ऑक्सफोर्ड विश्वविद्यालय में संगीत की मानद डॉक्टरेट से सम्मानित किया गया।
- 1792 फ्रांस ने प्रशिया पर युद्ध की घोषणा की।
- 1808 जोसेफ बोनापार्ट ने बेओन क़ानून को मंज़ूरी दे दी, एक शाही चार्टर जिसे स्पेन के राजा के रूप में अपने शासन के लिए आधार के रूप में चुना गया था।
- 1808 जोसेफ बोनापार्ट ने बेओन क़ानून को मंज़ूरी दे दी, एक शाही चार्टर जिसे प्रायद्वीपीय युद्ध के दौरान स्पेन के राजा के रूप में उनके शासन के लिए आधार बनाया गया था।
- 1809 फिनिश युद्ध में स्वीडिश द्वीपसमूह फ्लीट ने रूसियों को पोर्कला के नौसैनिक युद्ध में पराजित किया।
- 1833 रूस और तुर्की ने रक्षा संधि पर हस्ताक्षर किये।
- 1859 चार्ल्स को स्वीडन और नॉर्वे के सिंहासन के लिए राजा के रूप में स्वीकार किया गया था। उनका शासनकाल उनकी मृत्यु 1872 तक समाप्त हो गया। वास्तव में वह स्वीडन के 9 वें राजा थे, लेकिन उन्होंने स्वीडन के काल्पनिक इतिहास के अनुसार अंकों को अपनाया।
- 1889 वॉल स्ट्रीट जर्नल पहली बार प्रकाशित हुआ था। यह एक अंतरराष्ट्रीय दैनिक समाचार पत्र है जो अंग्रेजी भाषा में छपा है। मुख्यालय न्यूयॉर्क में स्थित है। यह एक यूएसए आधारित समाचार पत्र है और दुनिया में सबसे प्रसिद्ध में से एक है।
- 1889 द वॉल स्ट्रीट जर्नल, दुनिया का सबसे अधिक प्रसारित व्यवसाय दैनिक समाचार पत्र, का पहला अंक प्रकाशित हुआ था।
- 1895 देलगोआ बे रेलवे दक्षिण अफ्रीका में खोला गया।

विशेष आलेख

# 7 सिस्टर्स की जीवन रेखा बन गया है मोदी सरकार का नया रेल नेटवर्क



रामस्वरूप रावतसरे

**केंद्र सरकार के 'एक्ट ईस्ट' के तहत बुनियादी ढाँचे पर आधारित विकास यहाँ किया जा रहा है। मिजोरम में बैराबी-सैरांग लाइन, नागालैंड में दीमापुर-जुब्ज़ा लाइन, सिक्किम में सेवोके-रंगपो परियोजना और असम में अरुणाचल प्रदेश को जोड़ने वाला इंजीनियरिंग चमत्कार बोगीबील ब्रिज जैसी प्रमुख रेलवे परियोजनाओं ने भारत की सात बहनों और एक भाई के बीच का रिश्ता और मजबूत किया है।**

देश की मुख्य धारा से दूर अविकसित माने जाने वाले 7 सिस्टर्स (अरूणाचल प्रदेश, असम, मेघालय, मणिपुर, मिजोरम, नागालैंड, त्रिपुरा ) में मोदी सरकार ने विकास की ऐसी बयार बहाई है कि हर राज्य रेलवे कनेक्टिविटी से जुड़ गया है। भौगोलिक दृष्टि से चुनौतीपूर्ण इस क्षेत्र में विकास की आँधी आ गई है।

कुछ साल पहले मोदी सरकार ने बहु चरणीय कनेक्टिविटी परियोजना शुरू की थी। इसका मकसद 7 सिस्टर्स और वन ब्रदर्स की राजधानियों को एक-दूसरे से जोड़ना था। इसका रिजल्ट अब सामने आ रहा है। 2025 के अंत तक नागालैंड की राजधानी कोहिमा और मणिपुर की राजधानी इंफाल के बीच रेलवे कनेक्टिविटी बन जाएगी। इसके अलावा मिजोरम, सिक्किम, अरुणाचल प्रदेश का पासीघाट तक रेलवे नेटवर्क बिछ जाएगा। उम्मीद की जा रही है कि 2029 तक पूर्वोत्तर के सारे राज्य एक-दूसरे से रेलवे के माध्यम से भी जुड़ जाएँगे।

केंद्र सरकार के 'एक्ट ईस्ट' के तहत बुनियादी ढाँचे पर आधारित विकास यहाँ किया जा रहा है। मिजोरम में बैराबी-सैरांग लाइन, नागालैंड में दीमापुर-जुब्ज़ा लाइन, सिक्किम में सेवोके-रंगपो परियोजना और असम में अरुणाचल प्रदेश को जोड़ने वाला इंजीनियरिंग चमत्कार बोगीबील ब्रिज जैसी प्रमुख रेलवे परियोजनाओं ने भारत की सात बहनों और एक भाई के बीच का रिश्ता और मजबूत किया है।

2014 से ही भारत सरकार पूर्वोत्तर भारत को देश के बाकी हिस्सों के साथ जोड़ने के लिए कड़ी मेहनत कर रही है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 'कनेक्टिविटी के माध्यम से विकास' के तहत बुनियादी ढाँचे का विकास और रेलवे का विस्तार कर रही है। इस विजन को पीएम गति शक्ति राष्ट्रीय मास्टर प्लान और नॉर्थ ईस्ट स्पेशल इंफ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट स्कीम (एनईएसआईडी) जैसी नीतियों से और बढ़ावा मिला है। इस स्कीम का उद्देश्य कनेक्टिविटी की कमी को पूरा करना है। रेल मंत्रालय के अनुसार पूर्वोत्तर में रेल परियोजनाओं के लिए पूँजी वित्त वर्ष 2014-15 से वित्त वर्ष 2023-24 तक 370 प्रतिशत से अधिक बढ़े हैं। इसका फायदा नई रेलवे लाइनों, गेज परिवर्तन, विद्युतीकरण और पटरियों के दोहरीकरण में हो रहा है।

जानकारी के अनुसार कई दशकों तक नागालैंड रेलवे नेटवर्क से दूर रहा। हालाँकि दीमापुर रेलवे नेटवर्क में जुड़ा रहा है। अब दीमापुर-जुब्जा (कोहिमा) रेलवे लाइन पर कई सालों से काम चल रहा था। पिछले दशक में इस पर तेजी से काम हुआ। इस परियोजना पर 6,663 करोड़ रुपए खर्च होने का अनुमान है। 82.5 किलोमीटर लंबी यह लाइन सिर्फ दीमापुर और राजधानी कोहिमा को ही नहीं जोड़ेगी बल्कि धनसिरी, शोखुवी, मोल्वोम, फेरिमा, पिफेमा जैसे कई शहरों कस्बों को जोड़ेगी। इसमें 37 सुरंगे, 24 पुल, 156 छोटे पुल, 5 रोड ओवर ब्रिज और 15 रोड अंडर ब्रिज बनाए जा रहे हैं। बताया जा रहा है कि जब यह लाइन चालू हो जाएगी, तो इससे यात्रा में समय कम लगेगा और कृषि उपज, पारंपरिक शिल्प और पर्यटन को भी बढ़ावा मिलेगा। 2026 तक नागालैंड की राजधानी कोहिमा प्रमुख रेल हब बनने जा रहा है। यह परियोजना शिक्षा, स्वास्थ्य सेवा और रोजगार तक पहुँच के माध्यम से राज्य के जनजातीय समुदायों को सशक्त बना रही है।

सात बहनों में से एक सिक्किम आखिरकार राष्ट्रीय रेलवे नेटवर्क से जुड़ने के लिए तैयार है। 44.96 किलोमीटर लंबी इस परियोजना में कुल 5 स्टेशन हैं। सिक्किम में प्रवेश करने से पहले यह पश्चिम बंगाल के दार्जिलिंग और कलिम्पोंग जिलों के घने जंगलों और पहाड़ी क्षेत्रों से होकर गुजरती है। इसमें 14 सुरंगें और 28 पुल बनाए गए हैं और इसे 2027 तक पूरा करने की योजना बताई जा रही है। यह रेलवे लाइन गंगटोक के पास के सीमावर्ती शहर रंगपो को भारतीय रेलवे नेटवर्क से जोड़ेगी। इस परियोजना को गंगटोक तक पहुँचाने की भी बात की जा रही है। यह लाइन पर्यटन और बागवानी आधारित उद्योगों को काफी बढ़ावा देगा, साथ ही भारत-चीन सीमा तक भारतीय सेना को पहुँचने में आसानी होगी ।

असम से अरुणाचल को जोड़ने के लिए बना बोगीबील ब्रिज इंजीनियरिंग की अनोखी मिसाल है। ये ब्रह्मपुत्र नदी पर बना भारत का सबसे लंबा रेलवे और सड़क पुल की मिलीजुली परियोजना है। दिसंबर 2018 में बनकर तैयार हुआ यह 4.94 किलोमीटर लंबा ढाँचा असम के उत्तरी तट पर स्थित धेमाजी को दक्षिण में डिब्रूगढ़ से जोड़ता है। ये अप्रत्यक्ष रूप से अरुणाचल प्रदेश से जुड़ता है। इससे असम और अरुणाचल प्रदेश के बीच यात्रा का समय काफी कम हो गया है। पुल बनने से पहले डिब्रूगढ़ से ईटानगर जाने वाले लोगों को सड़क मार्ग से 24 घंटे का समय लगता था, लेकिन अब यह यात्रा सिर्फ6 घंटे में पूरी हो जाती है। इस पुल का सामरिक सैन्य महत्व भी है क्योंकि ये चीन सीमा से लगे वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलएसी) के नजदीक है।

अरुणाचल प्रदेश में 2013 तक कोई रेल संपर्क नहीं था। 2014 में उद्घाटन किए गए नाहरलागुन रेलवे स्टेशन ने राज्य में रेल आवागमन की शुरुआत हुई। ये स्टेशन ईटानगर से सिर्फ 15 किमी दूर है। नाहरलागुन से गुवाहाटी और दिल्ली तक इंटरसिटी सेवाओं ने न केवल यात्रा के समय को कम किया है, बल्कि पूर्वोत्तर को दिल्ली से जोड़ा भी है। इसके अलावा सरकार ने 200 किलोमीटर लंबी भालुकपोंग -तवांग रेलवे लाइन को मंजूरी भी दे दी है।

# सावन मनभावन: भीगते मौसम में साहित्य और संवेदना की हरियाली



डॉ सत्यवान सौरभ

**सावन - एक ऋतु नहीं, एक मन:स्थिति है**

**भारतीय मानस में ऋतुएँ केवल मौसम नहीं, जीवन के प्रतीक रही हैं। वसंत प्रेम का, ग्रीष्म तपस्या का और सावन प्रतीक्षा का महीना बनकर आता है। सावन में अक्सर प्रेयसी अकेली होती है, प्रियतम किसी दूर देश गया होता है, और प्रतीक्षा के बीच में विरह का काव्य जन्म लेता है। इसलिए साहित्य में सावन का आगमन केवल प्राकृतिक नहीं, आत्मिक घटना है।**

**सावन केवल एक ऋतु नहीं, बल्कि भारतीय जीवन, साहित्य और संस्कृति में एक गहरी आत्मिक अनुभूति है। यह मौसम न केवल धरती को हरा करता है, बल्कि मन को भी तर करता है। लोकगीतों, झूले, तीज और कविता के माध्यम से सावन स्त्रियों की अभिव्यक्ति, प्रेम की प्रतीक्षा और विरह की पीड़ा का स्वर बन जाता है।**

सावन हमें सिखाता है — प्रकृति से जुड़ो, भीतर झाँको, और संवेदना को जीयो।

सावन आ गया है। वर्षा ऋतु की पहली दस्तक के साथ ही जब बादल घिरते हैं और बूँदें धरती को चूमती हैं, तो केवल पेड़-पौधे ही नहीं, मनुष्य का अंतर्मन भी हरा होने लगता है। यह महीना केवल वर्षा का नहीं, स्मृति, संवेदना और सृजन का है। सावन जब आता है, तो कविता झरने लगती है, लोकगीत गूंजने लगते हैं, पायलें छनकने लगती हैं और रूठा प्रेम भी नमी में घुलकर लौट आता है।

सावन - एक ऋतु नहीं, एक मन:स्थिति है

भारतीय मानस में ऋतुएँ केवल मौसम नहीं, जीवन के प्रतीक रही हैं। वसंत प्रेम का, ग्रीष्म तपस्या का और सावन प्रतीक्षा का महीना बनकर आता है। सावन में अक्सर प्रेयसी अकेली होती है, प्रियतम किसी दूर देश गया होता है, और प्रतीक्षा के बीच में विरह का काव्य जन्म लेता है। इसलिए साहित्य में सावन का आगमन केवल प्राकृतिक नहीं, आत्मिक घटना है।

लोक संस्कृति में सावन का रंग

सावन का महीना भारतीय लोक परंपरा का सबसे रंगीन अध्याय है। कहीं तीज मनाई जा रही होती है, कहीं झूले पड़ रहे होते हैं, कहीं मेंहदी लग रही होती है तो कहीं बहनों के लिए राखी के गीत तैयार हो रहे होते हैं। यह महीना नारी मन की सृजनात्मक उड़ान का समय होता है। दादी-नानी की कहानियाँ, माँ के गीत, और बेटियों की प्रतीक्षा - सब कुछ सावन की हवा में घुल जाता है।

हरियाणा, उत्तर प्रदेश, बिहार, झारखंड और राजस्थान जैसे राज्यों में कजरी, झूला गीत, सावनी और हरियाली तीज लोककाव्य का रूप ले लेती हैं। ये गीत सिर्फ मनोरंजन नहीं, महिला सशक्तिकरण के सांस्कृतिक दस्तावेज हैं — जहाँ स्त्रियाँ अपनी भावनाएँ, शिकायतें, प्रेम और विद्रोह तक गा डालती हैं।

भीतर की बारिश को समझना जरूरी है

आज जब हम एसी कमरों में बैठे, मोबाइल पर मौसम का अपडेट पढ़ते हैं, तब सावन की असली खुशबू कहीं खो जाती है। हमने बारिश को केवल ट्रैफिक की समस्या बना दिया है। सावन अब इंस्टाग्राम स्टोरी बनकर रह गया है। पर क्या हमने कभी भीतर की बारिश को महसूस किया है?

वह बारिश जो हमें धो देती है — अहंकार से, शुष्कता से, थकान से। सावन हमें फिर से नम करता है — हमें इंसान बनाता है। प्रकृति की गोद में लौटने का आमंत्रण है ये मौसम।

आज के कवियों के लिए सावन क्या है?

आज के कवियों को सावन का सिर्फ चित्रण नहीं करना चाहिए, बल्कि उसके भीतर छिपी विसंगतियों को भी पकड़ना चाहिए।

## शख्सियत
बढ़ता राजस्थान



लक्ष्मण सिंह राठौड़
( सेवानिवृत्त अधिकारी न्यास,अलवर )

नमस्कार साथियों हमारी आज की शख्सियत कॉलम जे स्टार हैं श्री लक्ष्मण सिंह राठौड़
जोकि वरिष्ठ नगर नियोजक के पद से सेवानिवृत्त हुए हैं। इसका जन्म गांव सवाईपुर पुष्कर जिला अजमेर में हुआ शैक्षणिक योग्यताओं में
हायर सेकेंडरी विज्ञान वर्ग व स्नातक डिग्री कला व टेक्निकल योग्यताओं में
आईटीआई ड्राफ्टसमैन सिविल ,राजकीय सेवा मैं रहते हुए सिविल इंजीनियरिंग, आर्किटेक्चर इंजीनियरिंग आईसीई लुधियाना की
राजकीय सेवा में फरवरी 1982 में नगर विकास न्यास अलवर में अनुरेखक (ट्रेसर) के पद पर प्रथम नियुक्ति हुई । वर्ष 1994 में कनिष्ठ प्रारूपकार के पद पर , 2004 में वरिष्ठ प्रारूपकार के पद पर,2009 में नगर नियोजक सहायक के पद पर , 2014 में सहायक नगर नियोजन के पद पर, 2018 में उपनगर नियोजन के पद पर व 2023 में वरिष्ठ नगर नियोजक के पद पर पदोन्नति हुई । नगर विकास न्यास अलवर की प्लानिंग शाखा के साथ-साथ वर्ष 2000 से 2006 तक नगर विकास न्यास भिवाड़ी का भी कार्य किया।
इनके द्वारा प्रमुख कार्य 40 वर्ष की सेवा के दौरान अलवर शहर की विभिन्न योजनाएं सूर्य नगर ,अंबेडकर नगर, वैशाली नगर, हसन का मेवाती नगर, बुद्ध विहार ,ट्रांसपोर्ट नगर शालीमार ,विज्ञान नगर जय कंपलेक्स प्रगति कंपलेक्स जैसी प्रमुख योजना के प्लानिंग के कार्य के साथ वर्ष 2020 में शहर के जोनल प्लान बनाने के कार्य को संपादित किया गया।
सेवानिवृत्ति 31 जुलाई 2023 वरिष्ठ नगर नियोजन के पद से हुए हैं। बेहद शानदार व्यक्तित्व के धनी हैं। हमेशा मृदुभाषी रहे हैं। टीम बढ़ता राजस्थान इनके उज्वल भविष्य की कामना करती है।
रुपक शर्मा

## संस्मरण

### विक्रम बत्रा ने कारगिल युद्ध में पाकिस्तान को चटाई थी धूल, परमवीर चक्र से किए गए सम्मानित

भारत-पाकिस्तान के बीच साल 1999 में कारगिल युद्ध की लड़ाई हुई थी। इस लड़ाई को जीतने में निर्णायक भूमिका कैप्टन विक्रम बत्रा ने निभाई थी। 07 जुलाई को कैप्टन बिक्रम बत्रा ने जान की परवाह न करते हुए अपने प्राणों को देश की रक्षा के लिए न्योछावर कर दिया था।

कारगिल युद्ध के हीरो और परमवीर चक्र से सम्मानित कैप्टन विक्रम बत्रा का 07 जुलाई को निधन हो गया था। उन्होंने देश की रक्षा के लिए अपने जान की परवाह न करते हुए अपने प्राणों को न्योछावर कर दिया था। वह कारगिल युद्ध के हीरो होने के साथ ही बहुत बहादुर भी थे। बहादुरी के कारण ही उनको भारतीय सेना ने %शेरशाह% तो पाकिस्तानी सेना से %शेरखान% नाम दिया था। तो आइए जानते हैं उनकी डेथ एनिवर्सरी के मौके पर कैप्टन विक्रम बत्रा के जीवन से जुड़ी कुछ रोचक बातों के बारे में...

जन्म और परिवार

विक्रम बत्रा का जन्म 09 सितंबर 1974 को हुआ था। इनके पिता का नाम गिरधारी लाल बत्रा और मां का नाम कमला था। यह जुड़वा बच्चे थे, ऐसे में इनका नाम लव-कुश रखा गया था। जिसमें से लव विक्रम बत्रा और कुश यानी की उनके छोटे भाई विशाल बत्रा थे। विक्रम बत्रा की शुरूआती शिक्षा मां कमला के मार्गदर्शन में हुए। फिर केंद्रीय विद्यालय पालमपुर से 12वीं की परीक्षा पास करने के बाद उन्होंने चंडीगढ़ के डीएवी कॉलेज से बीएससी किया। विक्रम एनसीसी के होनहार कैडेट थे, इसी वजह से विक्रम बत्रा ने सेना में जाने का निर्णय लिया।

साल 1997 में विक्रम बत्रा को मर्चेंट नेवी से भी नौकरी का ऑफर आया था। लेकिन विक्रम ने लेफ्टिनेंट की नौकरी को चुना। साल 1996 में इंडियन मिलिट्री एकेडमी में मॉनेक शॉ बटालियन में विक्रम बत्रा का चयन हुआ और उनको जम्मू कश्मीर राइफल यूनिट, श्योपुर में लेफ्टिनेंट के तौर पर नियुक्त किया गया था। वहीं कुछ समय बाद उनको कैप्टन रैंक दिया गया था। विक्रम बत्रा के नेतृत्व में टुकड़ी ने 5140 पर कब्जा किया था।

यह दिल मांगे मोर

01 जून 1999 को विक्रम बत्रा की टुकड़ी को कारगिल युद्ध में भेजा गया था। हम्प व राकी नाब स्थानों को जीतने के बाद विक्रम बत्रा को कैप्टन बना दिया गया था। वहीं कैप्टन विक्रम बत्रा को श्रीनगर-लेह मार्ग के ठीक ऊपर सबसे महत्त्वपूर्ण 5140 चोटी को पाक सेना से मुक्त करवाने की जिम्मेदारी सौंपी गई थी।

## आज का राशिफल

हमारे अनुभवी ज्योतिषियों की टीम के अनुसार आप कई विविध लक्ष्यों को पूरा करेंगे। क्या आप यह जानना चाहते है कि आपके जीवन के ऐसे कौनसे क्षेत्र है, जहां आपके सितारे बुलंद रहेंगे और दूसरी तरफ, आपको किस बातों से सावधान रहना चाहिए। हम न सिर्फ हमारे काम में और जटिल मुद्दों को सुलझाते वक्त सकारात्मक ऊर्जा को महसूस करेंगे, बल्कि पारम्परिक संबंधों में भी, जहां यह स्थानान्तरण हमें संताप और बातचीत में लाभ प्रदान करेगा

**मेष**
आज का दिन आपके लिए बढ़िया रहने वाला है। आपको किसी कानूनी मामले में भी जीत मिलेगी, इसलिए आप किसी बहसबाजी में ना पड़ें। यदि आपका धन व्यापार में कहीं फंसा हुआ था, तो उसके भी आपको मिलने की संभावना है।

**वृष**
आज का दिन आपके लिए धनधान्य में वृद्धि लेकर आने वाला है। आपकी आर्थिक स्थिति पहले से बेहतर रहेगी। आप कोई निर्णय जल्दबाजी मे लेंगे, तो उसके लिए आपको बाद में पछतावा होगा।

**मिथुन**
आज का दिन आपके लिए मिश्रित रूप से फलदायक रहने वाला है। आपकी सुख-सुविधाओं में वृद्धि होगी। परिवार में किसी शुभ और मांगलिक कार्यक्रम का आयोजन हो सकता है। किसी नए मेहमान का आगमन होने से माहौल खुशनुमा रहेगा।

**कर्क**
आपको हर काम में सावधान रहने की जरूरत है. किसी दूसरे व्यक्ति की वजह से आपके काम में जरूरत से ज्यादा समय लग सकता है. कुछ आदतों में सुधार लाने से आपका दिन बेहतर हो सकता है. जीवनसाथी के साथ आपको प्यार से बात करनी चाहिए।

**सिंह**
आज का दिन आपके लिए सामान्य रहने वाला है। पार्टनरशिप में कोई डील फाइनल होने से आपको धोखा मिल सकता है। विद्यार्थी शिक्षा में अच्छा प्रदर्शन करेंगे। आप अपने पिताजी से पैतृक बिजनेस को लेकर सलाह ले सकते हैं।

**कन्या**
आज का दिन आपके लिए मेहनत से काम करने के लिए रहेगा। आप अपने कामों में पूरी मेहनत से जुटेंगे, लेकिन आपका ध्यान फिर भी दूसरी जगह लगेगा। आपको अपने खर्चों पर भी थोड़ा ध्यान देने की आवश्यकता है।

**तुला**
आज का दिन आपके लिए अनुकूल रहने वाला है। आपके मान-सम्मान में वृद्धि होने से खुशी का ठिकाना नहीं रहेगा। जीवनसाथी से यदि आप कोई बात गुप्त रखे, तो वह उनके सामने उजागर हो सकती है।

**वृश्चिक**
आज का दिन आपके लिए तरक्की के नए-नए मार्ग खोलेगा। आप किसी की बातों में आकर कोई निवेश संबंधित फैसला न लें। प्रेम जीवन जी रहे लोगों के लिए दिन अच्छा रहने वाला है, क्योंकि साथी के साथ उनकी बॉन्डिंग अच्छी रहेगी।

**धनु**
आज का दिन आपके लिए अक्समात लाभ दिलाने वाला रहेगा। आपके कुछ नए शत्रु उत्पन्न हो सकते हैं। आपको काम के सिलसिले में किसी यात्रा पर जाना पड़ सकता है। राजनीति में कार्यरत लोगों की कुछ नए लोगों से जान पहचान बढ़ेगी।

**मकर**
आज का दिन आपके लिए उलझनों भरा रहने वाला है। आपका कोई काम समय से पूर्ण न होने के कारण आपके मन में निराशा बनी रहेगी। परिवार में भी लड़ाई झगड़े की स्थिति उत्पन्न हो सकती है।

**कुंभ**
कुंभ राशि के लोगों को लाभ होगा और बेहतर होगा कि आप किसी रिश्ते या कार्य में अनावश्यक शक से बचें। यह समय और धन दोनों का नुकसान करवा सकता है। नियोजित योजनाएं सफल होंगी।

**मीन**
आज कार्यक्षेत्र में आपके ऊपर काम का दबाव अधिक रहने से आप थोड़ा परेशान रहेंगे। बिजनेस कर रहे लोगों को उनकी मेहनत का फल मिलेगा, जिससे वह अच्छा लाभ कमाएंगे। आपकी आर्थिक स्थिति पहले से बेहतर होगी। यदि आपका कोई काम लंबे

# निजी स्कूलों की दोहरी मार, अभिभावक मोटी एडमिशन फीस भरने व स्टेशनरी व यूनिफॉर्म खरीदने को मजबूर

## जिला प्रशासन और शिक्षा विभाग बना हुआ है मूक दर्शक

बढ़ता राजस्थान

**सवाई माधोपुर (राकेश शर्मा)।** एक तरफ जहां राज्य सरकार द्वारा प्रदेश के सरकारी स्कूलों में नि:शुल्क शिक्षा को बढ़ावा दिया जा रहा है, वहीं दूसरी ओर निजी स्कूलों में पढ़ने वाले बच्चों के अभिभावकों को स्कूल संचालकों की मनमानी के चलते एडमिशन फीस के रुप में मोटी रकम देने के साथ ही कॉपी किताबे और ड्रेस महंगे दामों पर खरीदने को मजबूर होना पड़ रहा है। अपने बच्चों को अच्छे अंग्रेजी विद्यालयों में शिक्षा दिलाने का सपना संजोने वाले अभिभावकों को मजबूरन इन निजी स्कूलों के मनमुताबिक महंगे दामों पर किताबें और ड्रैस खरीदने के लिए बाध्य होना पड़ता है।

### ये स्थिति जिले भर के नामी अंग्रेजी और हिंदी स्कूलों की है

जुलाई में स्कूल खुलने के साथ ही अभिभावक स्कूल की मोटी फीस भरने के बाद अब कोर्स और स्कूल यूनिफार्म के लिए स्कूलों की सेटिंग वाली दुकानों पर अनाप-शनाप महंगे दाम अदा कर अपने आप को ठगा महसूस करते नजर आ रहे हैं। अभिभावक कहीं न कहीं निजी स्कूलों की मनमानी और जिला प्रशासन एवं शिक्षा विभाग की मूकदर्शिता के कारण आर्थिक तौर पर परेशान और मजबूर दिखाई दे रहे हैं। आश्चर्य की बात ये है कि प्रशासन और शिक्षा विभाग के आला अधिकारी ये सब कुछ जानते हुए भी निजी स्कूलों के खिलाफ किसी प्रकार की कार्यवाही करने की हिम्मत नहीं जुटा पाते हैं। इससे ये साफ अंदाजा लगाया जा सकता है कि कहीं ना कहीं इस कमीशनखोरी के खेल को प्रशासन ओर शिक्षा विभाग की मौन स्वीकृति मिली हुई है। जिले के कुछ नामी विद्यालयों की किताबों को लेकर 'बढ़ता राजस्थान' ने बुक एंड स्टेशनरी वाली दुकानों पर संपर्क किया। जो सच सामने आया वो चौंकाने वाला है। दरअसल स्कूलों के हिसाब से पुस्तकें खरीदने की दुकानें भी फिक्स थी। अगर अभिभावक को अपने बच्चों की किताब और यूनिफॉर्म लेनी है तो उसे संबंधित स्कूल द्वारा तय की गई दुकान पर ही वह कोर्स ओर ड्रेस उपलब्ध हो सकेगी, जो कि बहुत ज्यादा महंगे दामों में बेची जा रही है।

### टाई-बेल्ट और डायरी के महंगे दाम

मीडिया की पड़ताल में एक सच और सामने आया कि कुछ नामी स्कूलों द्वारा बच्चों के अभिभावकों को टाई, बेल्ट एवं डायरी स्कूल द्वारा ही उपलब्ध कराई जा रही है और वह भी महंगे दामों पर। कुछ अभिभावकों ने नाम न छापने की शर्त पर बताया कि उनके द्वारा जब इन वस्तुओं की वैल्यू के हिसाब से दाम कम करने का आग्रह किया गया तो उन्हें उल्टा ही बच्चों का एडमिशन कहीं और करवाने की हिदायत तक दे दी जाती है। इस गोरख धंधे के बारे में कुछ लोगों ने प्रशासन एवं शिक्षा विभाग अधिकारियों को अवगत कराया तो उनका कहना बताया कि उनके संज्ञान में ऐसा कुछ नहीं आया और न ही किसी अभिभावक की कोई शिकायत आई है,फिर भी हम इस मामले में जानकारी करेंगे।

### छोटी क्लास, पतली किताबें और दाम महंगे

पड़ताल के दौरान अलग-अलग बुक एंड स्टेशनरी की दुकानों पर जाकर कुछ नामी निजी स्कूलों के छोटी क्लासों के कोर्स का मूल्य जाना गया, वही भीड़ में किताबें खरीद रहे अभिभावक पतली किताबों के महंगे दाम अदा कर रहे थे जो कि बहुत ज्यादा थे। छोटी क्लासों के कोर्स 3 से 5 हजार तक के मूल्य पर बेचे जा रहे हैं, वही सरकारी स्कूलों में उन्हीं क्लास के कोर्स नि:शुल्क सरकार दे रही है।

## वरिष्ठ नागरिक सेवा समिति ने सौंपा ज्ञापन



बढ़ता राजस्थान

**मालपुरा (कृष्णचन्द्र विजय)।** वरिष्ठ नागरिक सेवा समिति की ओर से उपखण्ड अधिकारी को सौंपे ज्ञापन में मालपुरा शहर की बेशकीमती 15 बीघा सरकारी भूमि को अतिक्रमण से मुक्त करवाने की मांग की गई है। सोमवार को वरिष्ठ नागरिक सेवा समिति के प्रतिनिधि मंडल की ओर से ज्ञापन सौंपा गया। ज्ञापन में अवगत कराया गया कि नगरपालिका क्षैत्र मालपुरा की बेशकीमती 15 बीघा भूमि पर अतिक्रमण कर चार दिवारी का निर्माण कर लिया गया।कस्बा मालपुरा के खसरा नम्बर 2930 स्थिति 16.0600 बीघा भूमि राजस्थान सरकार के स्वामित्व की है। ज्ञापन में बताया गया कि राजस्थान वक्फ बोर्ड द्वारा प्रकाशित राजपत्र दिनांक 23 सितम्बर 1965 में दर्ज तहसील मालपुरा की वक्फ सम्पतियों की सूची क्रमांक 37 पर मजार फूलपीर विद ग्रेवयार्ड बिहाइंड पी.डब्ल्यू.डी. चोकी एण्ड पॉवरहाुऊस नाम से 1 बीघा भूमि अंकित है। गजट नोटिफिकेशन में अंकित एक बीघा के स्थान पर मौके पर खसरा नम्बर 2930 की सम्पूर्ण 16.0600 बीघा भूमि पर चारदिवारी कर अतिक्रमण कर लिया गया। प्रतिनिधिमंडल ने मौके पर लगभग 15 बीघा सरकारी भूमि को अतिक्रमण से मुक्त करवाने की मांग की गई है। प्रतिनिधिमंडल में चन्द्रमोहन उपाध्याय, ज्ञानेन्द्र दत्त शर्मा, गोविन्द नारायण विजय, आर.एल.दीपक. रामगोपाल कनोजिया, दिनेशकांत पाण्डेय, बालूराम गुर्जर, दशरथलाल मुंशी, मोतीलाल कारवाल सहित अन्य कई वरिष्ठ नागरिक शामिल रहे।

## कचरा संग्रहण वाहनो को दिखाई हरी झण्डी




बढ़ता राजस्थान

**मालपुरा (कृष्णचन्द्र विजय)।** मालपुरा क्षैत्र के नगरपालिका डिग्गी की ओर स्वच्छ भारत मिशन योजनान्तर्गत घर घर कचरा संग्रहण के लिए कचरा संग्रहण वाहनो को हरी दिखाई गई। सोमवार को नगरपालिका डिग्गी कार्यालय पर कार्यवाहक ईओ नायब तहसीलदार हंसराज चौधरी व भाजपा लावा मंडल अध्यक्ष इन्द्रपाल चौधरी ने डिग्गी नगरपालिका क्षैत्र के घर घर कचरा संग्रहण के लिए कचरा संग्रहण वाहनो को हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया। कार्यवाहक ईओ हंसराज चौधरी ने बताया कि नगरपालिका डिग्गी का प्रयास यही है कि सम्पूर्ण डिग्गी स्वच्छता मामले में अव्वल रहे। इसी को ध्यान में रखते हुए डिग्गी नगरपालिका ने कचरा संग्रहण वाहन मंगवाए हैं। इसके अलावा साफ सफाई एवं स्वच्छता के लिए अतिरिक्त सफाई कर्मचारियो की व्यवस्था कर सफाई कार्य करवाया जा रहा है। नगरपालिका डिग्गी के कार्यवाहक ईओ हंसराज जाट ने डिग्गी नगरपालिका क्षैत्र के आम नागरिको से आव्हान किया है कि धार्मिक नगरी डिग्गी सहित सम्पूग्र क्षैत्र को स्वच्छ एवं सुन्दर बनाने में सहयोग प्रदान करे। अपने घर का कचरा एक कचरा पात्र में एकत्रित कर कचरा संग्रहण वाहन में डाले। इस दौरान नगरपालिका कार्मिक महेन्द्र सकडोलिया, डीआर प्रतिनिधि सत्यनारायण मीणा, रूपनारायण सैनी, मदन सिंह, रामकल्याण शर्मा सहित अन्य ग्रामीणजन रहे।

## किसान सेवा समिति का प्रतिनिधिमंडल मिला जिला कलक्टर से रखी किसानो से सम्बन्धित मांगे



बढ़ता राजस्थान

**मालपुरा (कृष्णचन्द्र विजय)।** सिकोई डिकोन की ओर से संचालित किसान सेवा समिति का प्रतिनिधिमंडल जिला कलकटर कल्पना अग्रवाल से मिलकर क्षैत्र के किसानो से सम्बन्धित समस्याओं को रख कर इनके शीध्र समाधान की मांग रखी। सिकोईडिकोन शाखा प्रभारी प्रहलाद जाट ने बताया कि सोमवार को किसान सेवा समिति अध्यक्ष जगदीश प्रसाद शर्मा के नेतृत्व में समिति का प्रतिनिधिमंडल जिला मुख्यालय पहुंच कर जिला कलक्टर कल्पना अग्रवाल से मिला। इस दोरान प्रतिनिधिमंडल ने सर्वप्रथम जिला कलक्टर अग्रवाल को जिले के मुखिया कलेक्टर का कार्यभार संभालने पर धन्यवाद दिया। साथ ही प्रतिनिधिमंडल ने लिखित में मांग पत्र जिला कलक्टर को सौंपा। मांग पत्र में किसानो को दिए जाने वाले कल्पकालीन ऋण की सीमा 25 से 80 हजार को बढ़ाकर 1 लाख 25 हजार तक करने, पिछले वर्ष हुई अतिवृष्टि को देखते हुए तालाबो की सुरक्षा उपाय करने, बाढ़ एवं आपदा नियन्त्रण के लिए ग्राम पंचायतो को मिट्टी से भनरे कट्टे उपलब्ध करवाने की मांग रखी। जिला कलक्टर कल्पना अग्रवाल ने भी किसानो के प्रत सहृदयता दिखाते हुए रखे गए मांग पत्र की समस्याओं का शीध्र समाधान करवाने का आश्वासन दिया। प्रतिनिधिमंडल में सचिव सुनीता कंवर, कोषाध्यक्ष गोपाल जाट, घीसी देवी, प्रभू सिंह, ब्लाक युवा मंच कोषाध्यक्ष लोकेश स्वामी अन्य कई सदस्य शामिल रहे।

## जिला स्तरीय साप्ताहिक समीक्षा बैठक आयोजित

# जनकल्याण से जुड़े विषयों पर सभी विभागों की जवाबदेही तय करने के दिए सख्त निर्देश

बढ़ता राजस्थान

**सवाई माधोपुर (राकेश शर्मा)।** बिजली, पानी, सड़क, शिक्षा, चिकित्सा सहित आवश्यक मूलभूत सुविधाओं की साप्ताहिक समीक्षा बैठक जिला कलक्टर कानाराम की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट परिसर स्थित भारत निर्माण राजीव गांधी सेवा केन्द्र के वीसी कक्ष में आयोजित हुई। ज़िला कलक्टर ने कहा कि राजस्थान सम्पर्क पोर्टल (सीएम हेल्पलाइन 181) पर प्राप्त प्रकरणों का समयबद्ध, संतोषजनक और गुणवत्तापूर्ण निस्तारण अनिवार्य है। किसी भी विभाग की संतुष्टि दर 75 प्रतिशत से नीचे नहीं होनी चाहिए। उन्होंने मुख्यमंत्री जनसुनवाई एवं जिला स्तरीय जनसुनवाई के सभी प्रकरणों का 7 दिवस में निस्तारण सुनिश्चित करने पर जोर दिया तथा कहा कि परिवादकर्ता से संवाद कर समाधान की पुष्टि की जाए, अन्यथा संबंधित अधिकारी की जवाबदेही तय की जाएगी। उन्होंने पंडित दीनदयाल अंत्योदय संबल पखवाड़ा के तहत आयोजित शिविरों की समीक्षा करते हुए निर्देश दिए कि कोई भी पात्र व्यक्ति सरकारी योजनाओं के लाभ से वंचित न रहे। सभी विभाग समन्वित रूप से कार्य करते हुए लाभार्थियों को योजनाओं से जोड़ें। बिजली, पानी, चिकित्सा सहित मूल सेवाओं की त्वरित आपूर्ति पर विशेष ज़ोर बिजली आपूर्ति से जुड़े मामलों में त्वरित समाधान हेतु विद्युत विभाग को टोल फ्री नंबर 18001806507 एवं स्थानीय कन्ट्रोल रूम नंबर 07462-224112 / 9413383132 पर प्राप्त शिकायतों के शीघ्र निस्तारण के निर्देश दिए गए। बैठक में संभावित भारी वर्षा के दृष्टिगत शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में जलभराव की स्थिति से निपटने के लिए त्वरित कार्रवाई के निर्देश दिए गए।

### जलभराव स्थलों पर चैतावनी बोर्ड एवं सुरक्षा व्यवस्थाएं करने के निर्देश



लालसोट-दौसा मेगा हाईवे के अजनोटी क्षेत्र में जलभराव की समस्या को लेकर रिडकोर, डब्ल्यूआरडी एवं पीडब्ल्यूडी अधिकारियों को संयुक्त निरीक्षण करने के निर्देश दिए गए। सभी रपटों पर दो दिन के भीतर खतरे के संकेतक साइनबोर्ड लगाने, अधिक जल प्रवाह की स्थिति में बैरिकेडिंग एवं आवश्यकतानुसार सुरक्षा बल तैनात करने के निर्देश दिए गए। गंगापुर सिटी में सालोदा मोड़ सहित विभिन्न स्थानों पर साफ-सफाई व्यवस्था को सुदृढ़ करने और नगर निकाय क्षेत्रों में नियमित सफाई सुनिश्चित करने हेतु नगर परिषद आयुक्त को निर्देश दिए गए। वहीं, बामनवास क्षेत्र के खराब हैंडपंपों की मरम्मत तुरंत करवाने के निर्देश भी दिए। बैठक में अतिरिक्त जिला कलक्टर संजय शर्मा, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक रामकुमार कस्वा, एसडीएम अनूप सिंह एवं बृजेन्द्र मीना, मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी कृष्णा शर्मा, अधीक्षण अभियंता पीएचईडी बीएस मीना, विद्युत विभाग के बीएल मीना, जिला रसद अधिकारी रामभजन मीना सहित सभी संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

## प्रणीत सागर जी मुनि महाराज, बह रही ज्ञानगंगा, श्रावक कर्तव्यों का बोध करवाया

बढ़ता राजस्थान



**देवली (गोविंद सिंह सेठी)।** यहां प.पूज्य श्रमण मुनि 108 श्री प्रणीत सागर जी महाराज ससंघ के सानिध्य में पार्श्वनाथ धर्मशाला विवेकानन्द कॉलोनी में चल रहे स्मृति परिवर्तन वर्षायोग-2025 के अंतर्गत नित-प्रतिदिन ज्ञान की गंगा का प्रवाह हो रहा है!णमोकार मण्डल के सदस्य धर्मचन्द जैन (साँडला) एवं ओमप्रकाश जैन (टोरडी) ने बताया की प्रात: काल से ही श्रुतशाला से प्रारम्भ होकर प्रवचन-गंगा एवं मध्यांतर की कक्षाओं से समाज को नई दिशा प्रदान करने का कार्य मुनि श्री द्वारा किया जा रहा है! आज की ज्ञान-गंगा महोत्सव के अंतर्गत मुनि श्री ने धर्म का प्रभाव समजाते हुए श्रावकों को उनके कर्तव्य के बारे में विस्तारपूर्वक बताया, मुनि श्री ने कहा की अगर हम नित-प्रतिदिन हमारे रोज़मर्रा के जीवन को व्यवस्थित बनाने वाले अवयव को धन्यवाद नही करते है, उनसे सहानुभूति नही रखते है तो हमारी मनुष्यता किस काम की साथ ही साथ मुनि श्री ने अमीर गरीब का भेद बताते हुए सूत्र के माध्यम से बताया की सबसे गरीब वह जिसके पास मान(अहम) है, एवं सबसे अमीर वह जिसके पास सम्यकज्ञान है! इसी के साथ मीडिया प्रभारी विकास जैन टोरडी ने जानकारी देते हुए बताया की प्रवचन से पूर्व चित्र अनावरण, दीप प्रज्वलन किया, इसी के साथ 9 जुलाई को मुनि श्री का चातुर्मास की स्थापना होगी एवं 10 जुलाई को गुरुपूर्णिमा महोत्सव मनाया जाएगा! मीडिया के माध्यम से बताते हुए बताया की मुनि श्री व्याकरण के प्रखण्ड विद्वान भी है एवं जो भी जैन-अजैन श्रावक व्याकरण के माध्यम से अपने ज्ञान की वृद्धि करना चाहता है वो नित्य चलने वाली कक्षाओं में समय मे विशेष ध्यान रखकर आ सकता है जो की चातुर्मास स्थल पर ही संचालित है ।

## मनाया गूड्डी बोलावनी का पर्व



बढ़ता राजस्थान

**मालपुरा (कृष्णचन्द्र विजय)।** श्री छतरेश्वर महादेव मन्दिर विकास समिति मालपुरा के तत्वावधान में देवशयनी एकादशी के अवसर पर मन्दिर प्रागंण में सामूहिक रूप से गुड्डी बोलावनी का पर्व मनाया गया। समिति ने प्राचीन पर्वो व त्यौंहारो की लुप्त होती जा रही परम्परा को जीवित करने एवं आम जन को प्राचीन पर्वो से जोड़ने के उद्धेश्य से प्राचीन त्यौंहारो व पवो को सामूहिक रूप से मनाए जाने का निर्णय लिया गया। इसी क्रम में समिति की ओर से बीति देर शाम मन्दिर प्रागंण में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में भाग लेने के लिए महिलऐ बालिकाऐं अपने हाथो से बनाकर लाई कपड़ो की गुड्डियो को तालाब में बोलाई गई। साथ ही समिति की ओर से आकर्षेक एवं सुन्दर गुड्डी बनाकर लाने वाली महिला अथवा बालिका को सम्मानित कर प्राचीन एवं पुराने त्यौंहारो को सामूहिक रूप से मनाने के लिए प्रेरित किया गयाप। इस दौरान समिति अध्यक्ष दिनेश विजय, लेखराज सोनी, रामकृपालु पारीक, बबलू कापड़ी, विष्णु पाठक, शिवप्रकाश खारोल, पवन जैन संगम, जगदीश सचदेवा, लादूलाल जैन राजेन्द्र सैन सहित अन्य कई कार्यकर्ता मौजुद रहे।

# मानसून की सक्रियता को देखते हुए अधिकारी प्रो एक्टिव होकर कार्य करें-कल्पना अग्रवाल

बढ़ता राजस्थान



**टोंक,(का.स.)।** जिला कलेक्टर कल्पना अग्रवाल की अध्यक्षता में सोमवार को कलेक्ट्रेट सभागार में साप्ताहिक समीक्षा बैठक आयोजित हुई। इस दौरान एडीएम मालपुरा विनोद कुमार मीणा, एसडीओ टोंक हुक्मीचंद रोहलानिया, एसीईओ ललित कुमार, एसई जलदाय विभाग राजेश गोयल, विद्युत विभाग के एसई केएल पटेल समेत अन्य अधिकारी मौजूद रहें। जिला कलेक्टर ने सभी विभागों के अधिकारियों से बजट घोषणा वित्तीय वर्ष 2024-25 एवं 2025-26 के पूर्ण, प्रगतिरत और अप्रारंभ कार्यों की समीक्षा की। साथ ही, मानसून की सक्रियता को देखते हुए सभी अधिकारियों को प्रो एक्टिव होकर कार्य करने के लिए निर्देशित किया। जिला कलेक्टर ने कहा कि मानसून में जलदाय विभाग आमजन की पेयजल संबंधी शिकायतों का त्वरित निस्तारण करें। जल जीवन मिशन के कामों में तेजी लाएं। साथ ही, खराब हैंडपंप दुरुस्त करने के कार्य लगातार जारी रखें। शहरी व ग्रामीण क्षेत्र में पानी के सैंपल लिए जाएं, ताकि लोगों को शुद्ध व स्वच्छ पेयजल का वितरण किया जा सके। लीकेज पाइप लाइन को शीघ्र सही किया जाएं, ताकि दूषित पानी की सप्लाई नहीं हो। जिला कलेक्टर ने राज्य सरकार की फ्लैगशिप योजनाओं की समीक्षा करते हुए मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी को मौसमी बीमारियों को लेकर सतर्क रहने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि इस बात की सुनिश्चिता करें की दवाईयों का स्टॉक पर्याप्त रहे। उन्होंने जिले में चल रहे विभाग के भवन निर्माण से संबंधित प्रगतिरत कार्यों की जानकारी ली। जिला कलेक्टर ने राजस्थान संपर्क पोर्टल पर अधिक पेंडेंसी का शीघ्र निस्तारण करने के निर्देश दिए। उन्होंने सार्वजनिक निर्माण विभाग के अधिकारियों से जिले में चल रहे मेजर वर्क, सीआरएफ वर्क, प्लांटेशन कार्य के बारे में विस्तार से जानकारी ली। उन्होंने जिले के नदी-नालों पर बने रपटों पर चेतावनी बोर्ड एवं दोनो तरफ जंजीर लगाने पर जोर दिया। जिला कलेक्टर ने विद्युत विभाग को शहर एवं ग्रामीण क्षेत्रों में बिजली कटौती समस्या के निस्तारण के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि पीएम सूर्यघर योजना, कुसुम योजना में प्रगति को बढ़ाएं। सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग के उपनिदेशक करतार सिंह मीणा को पेंशन एवं छात्रवृत्ति की पेंडेंसी शून्य रखने, छात्रावासों की साफ-सफाई एवं स्कूटी वितरण के कार्य को प्राथमिकता से करने के निर्देश दिए। जिला रसद अधिकारी इंद्रपाल मीणा को उन्होंने एनएफएसए पोर्टल पर लंबित आवेदनों के निस्तारण की वस्तुस्थिति की समीक्षा करते हुए निर्देश दिए कि सभी लंबित प्रकरणों पर समयबद्ध रूप से निस्तारण किया जाएं। उन्होंने हाल ही में जुड़े लाभार्थियों की आधार सीडिंग एवं ईकेवाईसी की समीक्षा करते हुए इस कार्य को प्राथमिकता से पूर्ण करने पर जोर दिया। जिला कलेक्टर ने जल संसाधन विभाग के अधिशाषी अभियंता निरंजन मीणा से बड़े, मध्यम एवं लघु बांधों में जल भराव की स्थिति की जानकारी लेते हुए कहा कि बांधों की नियमित मॉनिटरिंग की जाएं। बांध स्थल पर लोगों को समझाइश के चेतावनी बोर्ड लगाए।

## बीएलओ के प्रशिक्षण शिविर आयोजित हुए

बढ़ता राजस्थान



**टोंक,(का.स.)।** निर्वाचन विभाग जयपुर के निर्देशानुसार जिले में सोमवार से 9 जुलाई तक बीएलओ का प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। यह प्रशिक्षण 50-50 के बैंच में आयोजित किया जाएगा। टोंक जिले की 4 विधानसभा क्षेत्रों के बूथ लेवल अधिकारियों को सोमवार को गहन प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण में निर्वाचन प्रक्रिया की महत्ता पर प्रकाश डालते हुए बूथ लेवल अधिकारियों को उनकी भूमिका से अवगत कराया गया। साथ ही, नये मतदाता को जोड़ना, मतदाता के विवरण में संशोधन, वीएचए ऐप्लिकेशन का संचालन, बीएलओ ऐप में नये फीचर आदि के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम के दौरान बीएलओ द्वारा निर्वाचन नामावली के सम्बंध में कार्यवाही की जानी हैं।

## निवाई में 17 साल की लड़की की संदिग्ध मौत : कमरे में मिला शव, सुबह लेट तक नहीं उठने पर देखने गई थी मां

बढ़ता राजस्थान

**निवाई (का.स.)।** निवाई शहर के भगत सिंह कॉलोनी में सोमवार को नाबालिग लड़की की संदिग्ध मौत हो गई। घर में कमरे के अंदर शव मिलने पर परिवार में कोहराम मच गया। परिजनों द्वारा तुरंत उसे अस्पताल लाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। थाना अधिकारी रामजीलाल ने बताया कि लड़की अंशुल जैन (17) पुत्री संजय जैन के शव का पोस्टमॉर्टम करवाया गया है। मौत के कारणों का पता पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट के बाद ही चलेगा। फिलहाल मामले की जांच जारी है। परिवार से मिली जानकारी के अनुसार, अंशुल जैन के पिता संजय जैन मंडावर गांव में परचूनी की दुकान चलाते हैं। सोमवार सुबह रोज की तरह वे दुकान के लिए निकल गए, जबकि घर पर अंशुल और उसकी मां मौजूद थीं। अंशुल सामान्यत: रोज सुबह 9 से 10 बजे के बीच उठती थी। लेकिन जब वह 11 बजे तक नहीं उठी तो उसकी मां ने कमरे में जाकर देखा। वहां अंशुल अचेत अवस्था में पड़ी मिली। मां के शोर मचाने पर परिजन और मोहल्ले के लोग एकत्रित हो गए और तुरंत अंशुल को अस्पताल लाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

# राजगढ़ में तेज बारिश से पेड़ गिरें, मकानों में दरार, बांधों में आया पानी



बढ़ता राजस्थान

**राजगढ़/अलवर।** राजगढ़ और आसपास के क्षेत्र में रात को आए चक्रवाती बारिश ने आसपास के क्षेत्र में जलस्तर बढ़ा दिया है। नियंत्रण कक्ष के अनुसार राजगढ़ में 131 मिलीमीटर वर्षा दर्ज की गई। रात करीब 2-30 बजे शुरू हुई चक्रवातीय बारिश एक घंटे तक जारी रही। मानसून की पहली बारिश से खेत व बांधों में पानी की आवक हुई जिससे लोगों ने खुशी जताई। बारिश से प्रताप बांध में पानी की आवक जारी है। खेतों में पानी भर जाने से किसानों में खुशी का माहौल है। पुलिस उप अधीक्षक कार्यालय के सामने स्थित रेलवे अंडरपास में जलभराव के कारण मार्ग बंद करना पड़ा। राजगढ़ उपखंड क्षेत्र के ग्रामीण क्षेत्र काली पहाड़ी, टहला, तिलवाड़, सकट में तीव्र बारिश के कारण कई बड़े पेड़ गिर गए। जिससे किसान की बाजरे की फसल खराब हो गई। सकट क्षेत्र में जैस्या की ढ़ाणी जाने वाले मार्ग पर एक विशाल पीपल का पेड़ गिर गया। वहीं कस्बे के गांधी पार्क,तबेला, अलेवा धाम, पर्यटक स्थल झरना और अन्य स्थानों पर भी पानी भर गया है। पिछले सात दिनों से उमस भरे मौसम से परेशान लोगों को इस बारिश से राहत मिली है। सुबह से ही स्थानीय लोग जलभराव की स्थिति का जायजा लेने निकल पड़े। वहीं तेज बारिश से सड़कों पर कचरा जमा हो गया। जिसके कारण आमजन को खासी परेशानी का सामना करना पड़ा।

# नेत्र जागरूकता एवं जांच शिविर का हुआ आयोजन

बढ़ता राजस्थान

**बानसूर( धीरज मौर्य )।** सोमवार को कस्बे के ग्राम छांटक्या बीलाठ में निशुल्क नेत्र जागरूकता एवं जांच शिविर का आयोजन डॉ श्रॉफ आई हॉस्पिटल अलवर एवं सक्षम द्वारा किया गया। इस शिविर में 162 लोगों का रजिस्ट्रेशन हुआ जिसमें से 22 मरीजों को निशुल्क नेत्र ऑपरेशन हेतु चयनित किया गया। शिविर में सतपाल जाट सरपंच होलावास, खेमचंद गुर्जर पूर्व सरपंच बिलाली, रणजीत कसाना जिला महासचिव युवा कांग्रेस कोटपूतली बहरोड़,लीलाराम पणिहार, मातादीन जाट पंच , जतिन सिंह बीलाठ, हरिसिंह राजपूत, मालाराम पंच समेत गांव के प्रतिष्ठित व्यक्ति उपस्थित रहे। यह जानकारी सक्षम जिला अध्यक्ष रामनिवास यादव ने दी।

# नारायणपुर में हो न्यायालय की स्थापना : शेखावत

## विधि एवं न्याय मंत्री से दूरभाष पर की वार्ता, मंत्री ने दिया सकारात्मक जवाब

बढ़ता राजस्थान



**बानसूर( धीरज मौर्य )।** विधायक देवी सिंह शेखावत ने नारायणपुर में न्यायालय की स्थापना हेतु राजस्थान सरकार में विधि एवं न्याय मंत्री जोगाराम पटेल से दूरभाष पर वार्ता की। उन्होंने मंत्री को अवगत कराया कि नारायणपुर थाना क्षेत्र को वर्तमान में विराटनगर में संचालित होने से लोगों को असुविधा का सामना करना पड़ रहा है। नारायणपुर थाने को विराटनगर न्यायिक क्षेत्र के स्थान पर बानसूर में स्थापित करने का अनुरोध किया। उन्होंने ने मंत्री जोगाराम पटेल को अवगत कराया कि बानसूर विधानसभा क्षेत्र के नागरिकों को न्यायिक कार्यों के लिए दूरदराज की यात्रा तय करनी पड़ती है, जिसके चलते आमजन को समय और संसाधनों की अत्यधिक हानि हो रही है। नारायणपुर में न्यायालय की स्थापना होने से क्षेत्र की बड़ी जनसंख्या को न्यायिक सुविधाएं स्थानीय स्तर पर उपलब्ध हो सकेंगी।जिस पर विधि एवं न्याय मंत्री जोगाराम पटेल ने शेखावत की मांग को गंभीरता से लेते हुए सकारात्मक प्रतिक्रिया दी है और आश्वस्त किया कि शीघ्र ही इस संबंध में उचित निर्णय लेकर नारायणपुर थाना क्षेत्र को बानसूर न्यायिक क्षेत्र में स्थानांतरित किया जाएगा।

# जिला कलक्टर की अध्यक्षता में साप्ताहिक समीक्षा बैठक आयोजित



**खैरथल-तिजारा।** जिला कलेक्टर किशोर कुमार की अध्यक्षता में सोमवार को जिला कलेक्ट्रेट सभागार में विभिन्न विभागों की साप्ताहिक समीक्षा बैठक आयोजित हुई। जिला कलक्टर किशोर कुमार ने हरियालो राजस्थान अभियान में लक्ष्य अनुरूप वृक्षारोपण करने हेतु संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि वृक्षारोपण सही स्थान पर किया जाए ताकि उसको समय-समय पानी एवं सुरक्षा मिलती रहे। जिला कलक्टर ने संपर्क पोर्टल पर लंबित चल रहे परिवादों का समय पर निस्तारण कर आमजन को राहत पहुंचाने एवं एवरेज डिस्पोजल टाइम में सुधार करने के निर्देश दिए। उन्होंने संपर्क पोर्टल पर विभागवार पेंडेंसी की समीक्षा करते हुए 30 दिवस से ऊपर लंबित परिवादों को निस्तारित करने के निर्देश दिए। उन्होंने विभागवार योजनाओं की समीक्षा कर आवश्यक दिशा निर्देश दिए।उन्होंने एमपी परिवादों की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को तय समय सीमा के भीतर परिवादों के जवाब भिजवाने की निर्देश दिए। जिला कलक्टर ने सीएमएचओ को निर्देशित किया कि मौसम में बदलाव को देखते हुए मौसमी बीमारियों के रोकथाम के लिए उपयुक्त उपाय सुनिश्चित करें। उन्होंने बीमारियों की रोकथाम की निरन्तर मॉनिटरिंग करते हुए अस्पतालों में सुविधाऐं बढाने, मरीजों को सरकारी योजनाओं का लाभ देने के निर्देश दिए।

# जिला कलक्टर ने ग्राम हल्दीना में किया अंत्योदय संबल शिविर का निरीक्षण, लाभार्थियों व आमजन से शिविर में लिया फीडबैक

## अधिकारियों को आमजन की परिवेदनाओं का मौके पर ही निराकरण करने के दिए निर्देश

## हल्दीना श्मशान घाट परिसर में किया पौधारोपण, श्मशान घाट के विकास के दिए निर्देश



बढ़ता राजस्थान

**अलवर (का.स.)।** जिला कलक्टर डॉ. आर्तिका शुक्ला ने सोमवार को मालाखेडा क्षेत्र का दौरा कर ग्राम पंचायत हल्दीना में पं. दीनदयाल उपाध्याय अन्त्योदय संबल पखवाडे के अंतर्गत आयोजित शिविर का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया एवं हल्दीना श्मशान घाट में पौधारोपण कर श्मशान घाट के विकास व ग्राम पंचायत भवन तक सडक के दुरूस्त करने के दिए निर्देश। जिला कलक्टर ने विभागों द्वारा लगाई गई स्टॉल्स का निरीक्षण कर शिविर में आमजन के किए जा रहे काम का अवलोकन किया। उन्होंने लाभार्थियों एवं आमजन से संवाद कर शिविर में लाभ प्राप्त करने एवं शिविर की व्यवस्थाओं की जानकारी ली। उन्होंने आमजन की परिवेदनाओं को सुनकर उनके त्वरित निराकरण हेतु संबंधित अधिकारी को निर्देशित किया। उन्होंने उपखण्ड अधिकारी व बीडीओ को निर्देश दिये कि शेष रहे कैम्पों में सभी व्यवस्थाएं पुख्ता रखे जिससे आमजन को इन कैम्पों का पूरा लाभ मिल सके। साथ ही यह सुनिश्चित करें कि शिविर में अधिकाधिक लोगों की परिवेदनाओं पर आवश्यक कार्यवाही कर मौके पर लाभ दिया जावे। उन्होंने चिकित्सा विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिये कि शेष रहे व्यक्तियों के आयुष्मान कार्ड बनवाना सुनिश्चित करें।

### श्मशान घाट में पौधरोपण किया, श्मशान घाट के विकास के प्रस्ताव तैयार करने के दिए निर्देश

जिला कलक्टर ने ग्राम हल्दीना के श्मशान घाट में पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। उन्होंने कहा कि पर्यावरण संरक्षण के लिए पौधारोपण करना एक पुनीत कार्य है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार के निर्देशानुसार इस वर्ष जिलेभर में सरकारी विभागों व आमजन की सामूहिक सहभागिता से वृहद स्तर पर पौधारोपण किया जाएगा। इसमें बढचढकर अपना योगदान करें। साथ ही पौधा लगाने के साथ-साथ उसकी सार-संभाल करें तथा अन्य लोगों को भी पौधारोपण के लिए प्रेरित करें।

उन्होंने विकास अधिकारी को निर्देश दिये कि ग्राम हल्दीना के श्मशान घाट में विकास के प्रस्ताव तैयार करें जिसमें टीनशेड आदि लगाने के कार्य शामिल होवे। उन्होंने निर्देश दिये कि श्मशान घाट व गांव की चारागाह भूमि एवं अन्य थानों पर पौधारोपण करावे। उन्होंने शमशान घाट के सामने वर्षा जल निकासी के स्थाई समाधान हेतु इंटर लोकिंग टाइल्स लगावाने के निर्देश दिए। उन्होंने निर्देश दिये कि पंचायत भवन तक जाने वाले रास्ते को दुरुस्त करावे। इस दौरान उपखण्ड अधिकारी सुश्री नवज्योति कांवरिया, विकास अधिकारी श्रीमती राजबाला मीणा सहित संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

# संभाग अध्यक्ष लोकेश मिश्रा की अध्यक्षता में प्रेस वार्ता का आयोजन

## बिना मान्यता धड़ल्ले से चलने वाले स्कूलों पर नकेल कसने की तैयारी



बढ़ता राजस्थान

**अलवर (का.स.)।** सोमवार को स्कूल शिक्षा परिवार जिला अलवर द्वारा एक पत्रकार वार्ता का आयोजन किया गया जहां स्कूल शिक्षा परिवार के संभाग अध्यक्ष लोकेश मिश्रा ने बताया कि अवैध शिक्षण संस्थानों के खिलाफ अब स्कूल शिक्षा परिवार कार्यवाही करेगी इस मामले को लेकर जिला में शहर अलवर में अनेक अनेक अवैध शिक्षण संस्थाएं धडल्ले से संचालित हो रही है,दिन पर दिन इनकी संख्याएं बढ़ती जा रही है और समाज में अराजकता का माहौल रोकने और इस पर अंकुश लगाने के लिए गैर कानूनी रूप से चलाई जा रही शिक्षण संस्थानों के रोकने के लिए जिला कलेक्टर को ज्ञापन के माध्यम से सूचित कर इन पर नकेल करने के लिए अब स्कूल शिक्षा परिवार पूरी तरह कटिबंध है। प्रेस वार्ता के दौरान उन्होंने बताया कि यह वे शिक्षण संस्थाएं हैं जिनके पास किसी भी प्रकार की मानता नहीं मानता स्थान से अनियंत्रित चलने वाले स्कूल यह शिक्षण संस्थाएं जिनके पास मानता और कहीं की है और विभागीय प्रक्रिया अनुसार मनमाने स्थान पर बिना भवन सुरक्षा के संचालित हो रहे हैं इसके अलावा ऐसी शिक्षण संस्थाएं हैं जिनके पास मान्यता तो आठवीं स्तर की है लेकिन वह 10वीं और 12वीं स्तर तक संचालित हो रही है ।ऐसे शिक्षण संस्थाएं जो बिना मान्यता वाले स्कूल को डमी में प्रवेश देते हैं इन सब बातों को लेकर सरकार में मान्यता प्राप्त स्कूलों को राजस्व का नुकसान है तथा समाज में अराजकता का माहौल है पत्रकार वार्ता के दौरान वरि0 उपाध्यक्ष एन एस भूटानी, महेंद्र चौधरी,विकास तिवारी,महामंत्री रामबाबू शर्मा, उपाध्यक्ष सिद्धार्थ गौड, रोहिताश तिवाड़ी, दिनेश पाण्डे,दुश्यन्त सक्सैना,राजेन्द्र मीणा अशोक गुप्ता उपस्थित रहे।

# प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा के तहत प्रेम देवी को मिला दो लाख रूपये का चेक



बढ़ता राजस्थान

**बानसूर( धीरज मौर्य )।** राजस्थान ग्रामीण बैंक शाखा बानसूर द्वारा प्रेम देवी को प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा के तहत उनके पति सुबे सिंह जाट की मृत्यु उपरांत दो लाख रुपये का चेक प्रदान किया गया। सुबे सिंह जाट गांव ढाकला ग्राम पंचायत महनपुर पंचायत के निवासी थे। जिनकी पिछले दिनों 2 जनवरी 2025 को सड़क दुर्घटना में मौत हों गई थी। बैंक शाखा प्रबंधक रामचंद्र ने बताया की सभी अपना प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा व प्रधानमंत्री दुर्घटना बीमा अवश्य करवाऐ। जिससे किसी अनहोनी में भारत सरकार द्वारा जो बीमा पॉलिसी हमें दी जा रही है उसका का लाभ सभी को मिले। दुख की घड़ी में एक सहायता के रूप में यह बीमा पॉलिसी की राशि मिलती है तो परिवार पीड़ित परिवार को बहुत सहारा मिलता हैं इस दौरान शाखा प्रबंधक रामचंद्र, बैंक का समस्त स्टाफ, महेंद्र चौधरी (बिजनेस कॉरेस्पोंडेंट) मौजूद रहे।

# हरियालो राजस्थान अभियान को लेकर जिला कलेक्टर किशोर कुमार का निरीक्षण

बढ़ता राजस्थान



**खैरथल-तिजारा।** राज्य सरकार के महत्वाकांक्षी हरियालो राजस्थान अभियान को सफल बनाने के उद्देश्य से जिला कलेक्टर किशोर कुमार ने सोमवार को खैरथल एवं ततारपुर स्थित नर्सरियों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने नर्सरी में तैयार किए जा रहे पौधों की संख्या एवं ऊंचाई की जांच की। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि प्रत्येक पौधे की समय पर देखभाल सुनिश्चित की जाए ताकि रोपण के बाद उनकी जीवितता दर अधिकतम बनी रहे। उन्होंने यह भी कहा कि अभियान की सफलता केवल पौधरोपण तक सीमित नहीं रहे, बल्कि पौधों के संरक्षण और नियमित निगरानी पर भी विशेष ध्यान दिया जाए। निरीक्षण के समय वन विभाग और पंचायत राज विभाग के अधिकारी भी उपस्थित रहे। जिला कलेक्टर ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि मानसून में होने वाले रोपण कार्यक्रमों के लिए समुचित मात्रा में स्वस्थ पौधों की उपलब्धता सुनिश्चित की जाए। उन्होंने जनसहभागिता को भी अभियान की सफलता का मूल मंत्र बताया।

# बारिश के कारण बिलो से बाहर आते सांप गोहरे आदि की रक्षा के लिए 24 घण्टे कटिबद्ध डब्ल्यू आर आर सी टीम

## लोगों को जागरूक करने के साथ वन्यजीवों की रक्षा को देती है प्राथमिकता

बढ़ता राजस्थान

**अलवर (का.स.)।** बारिश के चलते घरों में वन्यजीवो के निकलने के मामले बढ़ने लगे है । पानी भरने के कारण नालियों के रास्ते सांप ओर गौहरे घरों में आ रहे है । अलवर में वन्यजीवो को रेस्क्यू करने वाली वाइल्डलाइफ रिसर्च एंड रेस्क्यू सेंटर की टीम दिन रात लोगो की नि:शुल्क सेवा कर रही है । टीम घरों से सांपों ओर गौहरों को रेस्क्यू कर वन क्षेत्रों में छोड़ देती है । टीम के सचिव सूरज राजपूत ने बताया रविवार को हसनखान मेवात नगर निवासी वीरेंद्र जैन के बाथरूम में एक बड़ा गोहरा आ गया था। वहीं ट्रांसपोर्ट नगर निवासी रामावतार शर्मा के घर भी एक गोहरे की सूचना टीम को मिली। जिसके बाद टीम से कपिल सैनी और अंकुर ने मौके से गौहरों को रेस्क्यू किया। टीम के अध्यक्ष और पर्यावरणविद विवेक जसाईवाल ने बताया कि अलवर वासियों की सुरक्षा के लिए टीम पिछले बीस वर्षों से नि:शुल्क अपनी सेवा दे रही है।

सरकार द्वारा भी टीम को कोई मदद नहीं मिलती है। टीम ने पिछले एक सप्ताह में करीब 20 वहीं पिछले एक महीने में करीब 65 सफल रेस्क्यू किए है। टीम में मयंक खुराना, अमित बबेरवाल, साजन मल्होत्रा, अंकित सैनी, भीम, कृष्णा गुप्ता, शेखर शर्मा अपनी नि:शुल्क सेवाएं दे रहे है।



## हंस कीर्ति आश्रम में गुरु पूजा पर्व बड़े धूमधाम से मनाया

# अध्यात्म ज्ञान की शक्ति को जाने और अपनी आत्मा का उत्थान करें यही मानव जीवन का सार-कैवल्या नंद

बढ़ता राजस्थान



**राजगढ़/अलवर।** मानव उत्थान सेवा समिति के हंस कीर्ति आश्रम में सोमवार को गुरु पूजा का पावन पर्व बड़े हर्ष उल्लास से बनाया गया। इस मौके पर दिल्ली से पधारे हुए महात्मा कैवल्या नंद ने पूजा के महत्व को बहुत ही अच्छे ढंग से समझाया। उन्होंने कहा कि सत्य तो केवल परमात्मा का नाम है जो भी व्यक्ति इस संसार में आया है एक न एक दिन उसे जाना ही पड़ेगा हम सबको उस शक्ति की आवश्यकता है जो अविनाशी है अजर है अमर है तो इसके लिए अध्यात्म ज्ञान की शक्ति को जाने और अपनी आत्मा का उत्थान करें यही मानव जीवन का सार है और यही गुरु पूजा का हमारा उद्देश्य है। उन्होंने आगे बताया कि हनुमान जी ने उस प्रभु के पावन नाम का निरंतर स्वास के माध्यम से ध्यान और सुमिरन किया था। सर्वशक्तिमान मर्यादा पुरुषोत्तम प्रभु राम को भी उन्होंने अपने बस में कर लिया था इसलिए हम भी उस ज्ञान को उस आत्मज्ञान को अपने हृदय के अंदर जाने और उसका सुमिरन करें इस अवसर पर बड़ी संख्या में लोगों ने भाग लिया और सत्संग का लाभ उठाया। राजगढ़ तहसील से पधारे हुए सैकड़ो व्यक्तियों ने गुरु पूजा के पर्व पर पूजा की। इस अवसर पर राजगढ़ तहसील से रमेश चंद्र डेरा, कालूराम जामडोली, राम खिलाड़ी मीणा, हरिराम, प्यारे लाल, राधेश्याम, छोटेलाल, मदनलाल, अनंत राम, शिवलाल, भगवती, अनोखी लाल, विश्राम रामखिलारी समरथ लाल बद्री प्रसाद कैलाश बाबूलाल विश्राम सत्यनारायण भरथरी लोकेश ओम प्रकाश दुलीचंद रमेश चंद सज्जन सिंह सहित सैकड़ो लोग उपस्थित रहे।

# कोई भी कार्यालय जनता की सुविधा के लिए खोला जाता है असुविधा के लिए नहीं : रावत

बढ़ता राजस्थान



**बानसूर( धीरज मौर्य )।** विधानसभा क्षेत्र में एक दिवसीय दौरे पर आई पूर्व मंत्री शकुंतला रावत ने नारायणपुर थाना क्षेत्र को विराटनगर न्यायिक क्षेत्र में लगाए जाने पर कहा कि कोई भी कार्यालय जनता की सुविधा के लिए खोले जाते हैं। ना कि जनता को असुविधा देने के लिए। उन्होंने कहा कि नारायणपुर उपखण्ड बानसूर विधानसभा क्षेत्र का हिस्सा है। नारायणपुर थाना बानसूर वृत्त क्षेत्र के अधीन आता है। जिसको विराटनगर न्यायिक क्षेत्र में लगाने से जनता को असुविधा होगी। रावत ने कहा कि हमने अपने कार्यकाल में नारायणपुर को तहसील कार्यालय खुलवाया, उसके बाद उसे उपखण्ड कार्यालय खुलवाया। लेकिन सरकार की मंशा साफ झलक रही है कि नारायणपुर वासियों को असुविधा देना। यदि सरकार की मंशा सही है तो नारायणपुर थाने को बानसूर न्यायिक क्षेत्र में जोड़ा जाए जिससे जनता को अपील करने में बार-बार कहीं और न जाना पड़े या फिर नारायणपुर में मुंसिफ मजिस्ट्रेट कार्यालय खोला जाए। उन्होंने कहा कि जब जिला हमारा कोटपूतली पड़ता है बानसूर में एसीजेएम व एडीजे कार्यालय खुला हुआ है तो नारायणपुर की जनता के लिए असुविधा के दरवाजे क्यों खोले जा रहे हैं।

# कोटा-शामगढ़ खण्ड पर ट्रेनों में टिकट चेकिंग अभियान

## 192 बेटिकट यात्रा करते पकड़े करीब 57 हजार जुर्माना वसूल

बढ़ता राजस्थान

**कोटा ( विनोद गौड़ )।** कोटा मंडल में बिना टिकट यात्रा करने वाले यात्रियों पर अंकुश लगाने के लिए लगातार सवारी गाड़ियों में औचक सघन टिकट चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है। विशेष रूप से लोकल सवारी गाड़ियों में बिना टिकट यात्रा करने की लगातार शिकायतें मिल रही थी। इसी कड़ी में 07 जुलाई को कोटा-शामगढ़ रेल खण्ड पर तीन गाड़ियों गाड़ी संख्या 59838 कोटा-अकलेरा, गाड़ी संख्या 61616 कोटा-नागदा, गाड़ी संख्या 19103 रतलाम-कोटा एवं गाड़ी संख्या 59837 अकलेरा-कोटा सवारी गाड़ियों में विशेष टिकट चेकिंग अभियान चलाया गया। इस टिकट चेकिंग अभियान में कुल 192 यात्री बिना टिकट यात्रा करते पकड़े गए। जिनसे कुल 57,010 रूपए का जुर्माना वसूला गया। अभियान के दौरान शामगढ़ एवं रामगंजमंडी स्टेशनों पर भी बिना टिकट यात्रियों की जाँच की गई। चेकिंग अभियान में चेकिंग स्टाफ लक्ष्मीकांत मीना, दीपक शर्मा, सलोनी शर्मा, विष्णु कुमारी, फतेह सिंह, शुभम सिंह एवं आरपीएफ स्टाफ सीताराम जाट एवं बाबू लाल चौधरी ने अहम् भूमिका निभायी। इस अभियान से रेलवे ने विशेष रूप से लोकल बिना टिकट यात्रा करने वालें यात्रियों की धड़पकड़ की है। वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक श्री सौरभ जैन ने बताया कि यह डीआरएम अनिल कालरा के मार्गदर्शन, वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक एवं मंडल सुरक्षा आयुक्त के निर्देशन में कार्यवाही आगे भी निरन्तर जारी रखने के निर्देश दिए गए हैं ताकि यात्री गाड़ियों में बिना टिकट यात्रा करने वाले यात्रियों पर अंकुश लगाया जा सके। रेल यात्रियों से अनुरोध है कि वे उचित टिकट लेकर ही यात्रा करें। ताकि यात्रा के दौरान किसी प्रकार की असुविधा न हो।



# राजोरा दंपत्ति की अनोखी पहलः शादी की 25वीं वर्षगांठ पर कोटा मेडिकल कॉलेज को एंबुलेंस सेवा भेंट



बढ़ता राजस्थान

**कोटा, ( का.स. )।** समाज सेवा की प्रेरणादायी मिसाल पेश करते हुए चार्टर्ड अकाउंटेंट चंचल सिंह राजोरा एवं अरुणा अशावत ने अपनी 25वीं वैवाहिक वर्षगांठ के अवसर पर राजस्थान के मंत्री हीरा लाल नागर एवं पूरे परिवार की स्थिति में राजकीय मेडिकल कॉलेज, कोटा की प्राचार्या डॉ संगीता माहेश्वरी एवं न्यू मेडिकल कॉलेज के अधीक्षक डॉ निलेश जैन को एक एंबुलेंस सेवा भेंट की। यह पुनीत कार्य स्वर्गीय डॉ. सतेन्द्र सिंह जी ( पिताश्री) की स्मृति में किया गया है। वर्तमान में चंचल सिंह राजोरा अहमदाबाद में निजी कंपनी मुख्य वित्तीय अधिकारी कार्यरत हैं।एंबुलेंस समर्पण समारोह राजस्थान सरकार के ऊर्जा राज्य मंत्री श्री हीरालाल नागर की गरिमामयी उपस्थिति में आयोजित हुआ। मंत्री नागर जी ने अपने कर-कमलों से एंबुलेंस को हरी झंडी दिखाकर समाज को समर्पित किया।समारोह में मेडिकल कॉलेज के अधिकारियों, चिकित्सकों और गणमान्य नागरिकों ने भाग लिया। इस अवसर पर राजोरा ने कहा, यह सेवा मेरे पिता के समाज-हितैषी आदर्शों को समर्पित एक छोटी-सी श्रद्धांजलि है।शहरवासियों और मेडिकल कॉलेज प्रशासन ने इस नेक कार्य की सराहना करते हुए कहा कि यह दंपत्ति समाज के लिए प्रेरणास्त्रोत बना है।

# वित्तीय समावेशन योजनाओं के संबंधित अभियान के शिविर होंगे आयोजित

बढ़ता राजस्थान

**अजमेर ( घनश्याम दास )।** अजमेर, 7 जुलाई को जिले में वित्तीय समावेशन से संबंधित योजनाओं से संबंधित अभियान आगामी 30 सितम्बर तक संचालित होंगे। इसमें ग्राम पंचायत स्तर पर शिविर आयोजित कर जन-धन खातों, प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना, अटल पेंशन योजना, प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना से लाभांवित किया जाएगा। अग्रणी जिला प्रबंधक श्री संजय कुमार सिंह ने बताया कि शिविरों में प्रधानमंत्री जन-धन योजना के पुराने खातों की केवाईसी करने के साथ ही नए जन-धन खाते हाल ही में व्यस्क हुए व्यक्तियों के खोले जाएंगे। मंगलवार, 8 जुलाई को पींसागन की अलीपुरा, किशनगढ़ की अमरपुरा, केकड़ी की बघेरा एवं नाईकी ग्राम पंचायत में शिविर आयोजित होंगे। इसी प्रकार बुधवार, 9 जुलाई को अजमेर ग्रामीण की बीर, श्रीनगर की बाघसुरी, सरवाड़ की भगवानपुरा एवं सांपला ग्राम पंचायत में शिविर आयोजित किए जाएंगे। उन्होंने बताया कि इसी प्रकार गुरूवार, 10 जुलाई को अरांई की बरोल, किशनगढ़ की बांदरसिंदरी, सावर की आमली एवं पारा ग्राम पंचायत, 11 जुलाई को पीसांगन की भगवानपुरा, श्रीनगर की देरांठू, भिनाय की बड़ली एवं नागोला ग्राम पंचायत, 14 जुलाई को अजमेर ग्रामीण की बड़लिया, अजमेर ग्रामीण की गेगल, केकड़ी की भराई एवं नीमोद में शिविर आयोजित किए जाएंगे।

# बाल नैतिक शिक्षा पर आधारित कहानियों की पुस्तक जीवन रश्मियाँ का विमोचन

बढ़ता राजस्थान

**कोटा ( दामोदर सिंह )।** साहित्यविद एंव ख्यातनाम लेखक राम मोहन कौशिक की नवीं पुस्तक जीवन रश्मियाँका विमोचन अखिल भारतीय साहित्य परिषद, कोटा इकाई के तत्वाधान में होटल सुरपिन पैलेस, स्टेशन रोड, कोटा जं के सभागार में सम्पन्न हुआ। साहित्यकार व लेखक राम मोहन कौशिक ने बताया कि जीवन रश्मियां पुस्तक उन्होने अपने स्वर्गीय माता पिता को समर्पित की है । कार्यक्रम मे उपस्थित लोगो को संबोधित करते हुये उन्होने इस पुस्तक की मुख्य विशेषताये बताई तथा कहा कि अपने जीवन में घटित घटनाओं को कहानी रूप में परिवर्तित करके बाल नैतिक शिक्षा हेतु इक्कीस कहानियों का सृजन किया गया है। कहानियाँ स्वयं, माता पिता,भाई बहिन,पोते-पोती, मित्र व समाज से ली गई घटनाओं पर आधारित हैं। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रसिद्ध साहित्यकार डॉ. गिरीराज अग्रवाल गिरी गिरवर सोनोलॉजिस्ट ने की। मुख्य अतिथि शिक्षाविद् एवं साहित्यकार भगवती प्रसाद गौतम रहे। कार्यक्रम का संचालन रघुनन्दन हटीला %रघु% ने किया। विमोचन के इस विशेष कार्यक्रम में बालक बालिकाओ को भी आमंत्रित किया गया। कनिष्ठ आयु वर्ग 8 से 11 वर्ष तथा वरिष्ठ आयु वर्ग 11 वर्ष से 15 वर्ष तक के बच्चों द्वारा कहानी लेखन पर उन्हे रेलवे जयपुर बैंक के डायरेक्टर बैकुंठ नारायण शर्मा द्वारा पुरुष्कृत किया गया।

# कोटा का हर नागरिक बनें प्रकृति प्रहरी, बड़े बदलाव के लिए जिद और जुनून जरूरी-बिरला

## सभी जनप्रतिनिधि बोले-पौधारोपण को जनआंदोलन बनाकर कोटा को हरा-भरा शहर बनाएंगे, कोटा में 'एक पेड़ माँ के नाम' अभियान के अंतर्गत वन महोत्सव का शुभारम्भ

बढ़ता राजस्थान

**कोटा,( का.स. )।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आह्वान पर चलाए जा रहे एक पेड़ मां के नाम अभियान के अन्तर्गत रविवार को रावतभाटा रोड पर मुकुंदरा अभ्यारण्य क्षेत्र में लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने कोटा में 'वन महोत्सव' का शुभारंभ किया। इस अवसर पर उन्होंने सभी को पौधारोपण के लिए प्रेरित करते हुए प्रकृति के प्रहरी के रुप में सामूहिक जिम्मेदारी निभाने का भावपूर्ण आह्वान किया। उन्होंने कहा कि कोटा एक जीवंत और जागरूक शहर है जिसने हर संकट और आपदा के समय एकजुट होकर अनुकरणीय सामर्थ्य दिखाया है। अब समय है कि हम सभी मिलकर कोटा को सबसे स्वच्छ, सुंदर और हरा-भरा शहर बनाने का जनआंदोलन खड़ा करें। यह कार्य केवल सरकार या कोई संस्था नहीं कर सकती। हमें जिद और जुनून से एक ऐसा आंदोलन खड़ा करना है, जिसमें हर वर्ग की सहभागिता हो और हर व्यक्ति एक-एक पेड़ अपनी मां के नाम लगाएंगे तो हम बड़ा बदलाव ला सकेंगे।




**एक्यूआई लेवल बढ़ना चिंताजनक**

स्पीकर ओम बिरला ने कहा कोटा का वायु प्रदूषण सूचकांक (एक्यूआई) बढ़ रहा है, जो चिंताजनक है। यदि हमें इस चुनौती से लड़ना है और अपने बच्चों का भविष्य सुरक्षित करना है, तो यह हमारी सामूहिक नैतिक जिम्मेदारी बनती है कि हम प्रकृति की रक्षा करें। हमारी संस्कृति में हम प्रकृति की पूजा करते हैं, राजस्थान वह भूमि है जिसने वृक्षों की रक्षा हेतु अपने प्राणों की आहुति दी है। आज बलिदान की आवश्यकता नहीं है, आवश्यकता है संकल्प की सिर्फ एक जिद कि हम पेड़ लगाएंगे, उन्हें संरक्षित करेंगे और कोटा को हराभरा बनाएंगे।

**धरती को बचाने का संकल्प लें - दिलावर**

शिक्षा एवं पंचायती राज मंत्री मदन दिलावर ने कहा कि पेड़ों की घटती संख्या के कारण धरती का तापमान लगातार बढ़ रहा है, जो न केवल मानव बल्कि समस्त जीव-जंतुओं के लिए खतरे का संकेत है। उन्होंने कहा कि राजस्थान एक समय पेड़ों की रक्षा के लिए बलिदान देने वाला राज्य रहा है, जिससे पूरी दुनिया ने प्रेरणा ली। लेकिन आज उसी भावना को हमने भुला दिया है। उन्होंने आमजन से आह्वान किया कि पर्यावरण को प्रदूषण रहित बनाने के लिए हर व्यक्ति को अधिक से अधिक पौधे लगाने होंगे और उनकी बच्चों की तरह नियमित देखभाल करनी होगी।

### पौधारोपण को बनाएं जीवन की आदत - नागर

ऊर्जा राज्य मंत्री हीरालाल नागर ने कहा कि पौधारोपण को केवल आयोजन तक सीमित न रखें, बल्कि इसे जीवन के स्वभाव का हिस्सा बनाएं। उन्होंने कहा कि जीवन में जब भी कोई खुशी या खास दिन आए, तो उसे पौधा लगाकर मनाएं। इस सोच से धरती हरी-भरी बनेगी और ग्लोबल वार्मिंग जैसी चुनौतियों से निपटने में भी मदद मिलेगी। उन्होंने कहा कि ऊर्जा विभाग थर्मल संयंत्रों से होने वाले कार्बन उत्सर्जन को कम करने के लिए लगातार प्रयास कर रहा है ताकि पर्यावरण संतुलन बेहतर हो सके। यदि हमें आने वाली पीढ़ियों को शुद्ध पर्यावरण देना है, तो पौधारोपण को जीवन का उद्देश्य बनाना ही होगा।

### पर्यावरण रक्षा हमारी सामूहिक जिम्मेदारी

विधायक कोटा उत्तर संदीप शर्मा ने अपने संबोधन में कहा कि बारिश से पहले ही पौधारोपण की तैयारियां कर लेनी चाहिए ताकि समय पर सही स्थानों पर पौधे लगाए जा सकें। उन्होंने कहा कि पार्कों, खाली मैदानों और उन क्षेत्रों में जहां हरियाली की जरूरत है, वहां पौधे लगाकर उनकी जिम्मेदारी स्वयं उठाना जरूरी है। पर्यावरण की रक्षा केवल सरकार का काम नहीं, हम सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है। कार्यक्रम में महापौर राजीव अग्रवाल, रामगोपाल बैरवा, पंकज मेहता सहित स्कूली छात्र-छात्राएं, युवा, सामाजिक कार्यकर्ता, अधिकारी और नागरिक शामिल हुए। वृक्षारोपण के साथ पर्यावरण संरक्षण के प्रति जन-जागरूकता का संदेश भी दिया गया। इस अवसर पर डीएफओ कोटा श्री अपूर्व कृष्ण श्रीवास्तव, डीएफओ मुकुंदरा श्री मुथु एस एवं डीएफओ वन्य जीव श्री अनुराग भटनागर सहित वन विभाग के अधिकारी भी उपस्थित थे।

# दिव्य भारती प्रहरी संगठन द्वारा सेवाधाम वृद्ध आश्रम के वृद्धजनों के लिए चार बैंच भेंट की गई

बढ़ता राजस्थान

**कोटा ( दामोदर सिंह )।** दिव्य भारती प्रहरी संगठन द्वारा आज सेवाधाम वृद्ध आश्रम मे वृद्ध एवं नि:शक्त जनो की सेवार्थ भव्य सत्संग का कार्यक्रम आयोजित किया गया।

दिव्य भारती प्रहरी संगठन के सचिव दीपक शर्मा ने बताया कि आश्रम प्रांगण मे आयोजित इस कार्यक्रम में संस्था के 10 से अधिक सदस्यों ने भाग ले कर वृद्ध व नि:शक्तजनो को भजन, भोजन एंव गार्डन मे बैठने के लिए बैंचे भेट की जिन्हे देखकर बुजुर्गो के चेहरे खुशियो से खिल उठे।




सांय 06 बजे संस्था के सभी सदस्य आश्रम में एकत्रित हुए तथा चार भामाशाह सदस्यो द्वारा डॉ. प्रवाल अथईया,अर्चना श्रीवास्तव, विजय अनिता शर्मा, उमेश सरिता मेहरा एंव दीपक प्रदीप शर्मा द्वारा अपने माता पिता की पुण्य स्मृति मे बैचो का लोकार्पण किया।

सत्संग कार्यक्रम का शुभारम्भ आश्रम सभागार में समवेतस्वर मे प्रहरी गीत के सामुहिक गान के साथ हुआ।

वृद्ध आश्रम के संचालक मनोज़ जैन आदिनाथ व जयकुमार जैन द्वारा संस्था के सभी सदस्यों का मुक्ताहार पहनाकर स्वागत किया गया ।

इस अवसर पर सचिव दीपक शर्मा ने स्वरचित भक्ति रचना हमें कुछ दो न दो भगवन की शानदार प्रस्तुति दी।

राममोहन कौशिक, उमेश मेहरा, विजय शर्मा, डॉ. प्रवाल अथईया, महेश राठौर और सुश्री आकृति मेहरा ने भी अपने विचार रखे।

आश्रम के वृद्ध व नि:शक्तजनों ने भी भजन आदि सुना कर सत्संग का आनन्द लिया। समाजसेवी कार्यों में हमेशा भामाशाह के रूप में बढ़ चढकर हिस्सा लेनेवाले डॉ. प्रवाल अथईया, डॉ. अर्चना श्रीवास्तव व डॉ. नीरजा श्रीवास्तव का दिव्य भारती प्रहरी संगठन द्वारा दुपट्टा, सम्मानपत्र व स्मृतिचिन्ह भेंट किये गये। इस अवसर पर विजय शर्मा उमेश मेहरा महेश राठौर, कृष्णगोपाल कुशवाहा आकृति मेहरा जयकुमार जैन संजय शर्मा मनोज़ जैन आदिनाथ, अभिषेक जैन पूजा राठौर आदि विशेषरूप से उपस्थित रहे।

कार्यक्रम का संचालक सचिव दीपक शर्मा ने किया।

## कोटा नागरिक सहकारी बैंक संचालक मण्डल की बैठक सम्पन्न

# बैंक में शीघ्र प्रांरभ होगी क्यूआर कोड और यूपीआई सुविधा – राजेश कृष्ण बिरला

## 13 नए सदस्यों को मिली सदस्यता,जमाओं में हुई 02 करोड की वृद्धि, डिजिटल लेनदेन को मिलेगा बढ़ावा, ग्राहकों को मिलेगी सरल और सुरक्षित सेवा

बढ़ता राजस्थान

**कोटा ( दामोदर सिंह )।** कोटा नागरिक सहकारी बैंक लि.कोटा की संचालक मण्डल की बैठक सोमवार को प्रधान कार्यालय रावतभाटा रोड़ पर आयोजित की गई। अध्यक्ष राजेश कृष्ण बिरला की अध्यक्षता में बैठक सम्पन्न हुई। प्रबंध संचालक बीना बैरवा ने बताया कि बैठक में सीआरआर व एस एल आर की अनुपालना,अवधि पार ऋण की समीक्षा, जमा व अग्रिम की समीक्षा,विभिन्न पॉलियों की समीक्षा,साइबर सिक्योरिटी, जमाओं की समीक्षा,एनपीए वसूली,बैंक ग्राहक सेवा,सुरक्षा व्यवस्था,मानव संसाधन विकास एवं स्टॉफ प्रशिक्षण, इंटरब्रांच व बैंक रिकन्सिलेशन, समीक्षा व प्रतिभूति निवेश सहित 36 बिंदुओं के एजेंडे पर बोर्ड सदस्यों के साथ विचार—विमर्श किया गया। बैठक में बोर्ड उपाध्यक्ष हेमराजसिंह हाड़ा ,संचालक राकेश जैन ,सुरेश चंद्र काबरा,महेंद्र कुमार,महावीर सुवालका अशोक मीना,ओमप्रकाश मेहरा,शैलेन्द्र ऋषि, नंदलाल प्रजापति,सहवरित संचालक महेशचंद अजमेरा,अरुण भार्गव सहित महिला संचालक पद्मिनी हाडा,तनीशा बादल, आर के जैन भी उपस्थित रहे।



यूपीआई सुविधा से ग्राहकों को मिलेगी नई सहूलियत-बिरला

बैठक में अध्यक्ष राजेश कृष्ण बिरला ने निर्णय लिया कि कोटा नागरिक सहकारी बैंक में शीघ्र डिजिटल इंडिया अभियान को गति देते हुए और ग्राहकों को आधुनिक सेवाएं उपलब्ध कराने की दिशा में शीघ्र ही क्यूआर कोड (त्तक्र ष्टश्स्रद्ग) आधारित भुगतान प्रणाली प्रारंभ की जाएगी। यह पहल न सिर्फ ग्राहकों के लिए सुविधाजनक होगी, बल्कि व्यापारियों और छोटे दुकानदारों के लिए भी लाभकारी सिद्ध होगी।

यूपीआई (यूनिफाइड पेमेंट इंटरफेस) सुविधा प्रारंभ की जाएगी। उन्होंने बताया कि इससे बैंक के खाताधारकों को डिजिटल लेनदेन में सुविधा होगी, और वे अन्य राष्ट्रीय बैंकों के समकक्ष तेज, सुरक्षित और सहज पेमेंट अनुभव प्राप्त कर सकेंगे। यूपीआई के जरिए ग्राहक अब मोबाइल से सीधा भुगतान, बिल जमा, पैसे ट्रांसफर जैसी सेवाएं बिना किसी झंझट के उपयोग कर सकेंगे।

## दिव्यांगजन को मिलेगा रोजगार का अवसर

# जिले में विशेष योग्यजन रोजगार उत्सव का आयोजन मंगलवार को

बढ़ता राजस्थान

**कोटा/बारां।** जिला कलक्टर रोहिताश्व सिंह तोमर के निर्देशन में जिले में दिव्यांगजनों को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में पहल करते हुए विभिन्न विभागों के सहयोग से 'सशक्त बारां, प्रगति को शक्ति' कार्यक्रम के तहत 'विशेष योग्यजन रोजगार उत्सव' का आयोजन किया जाएगा। सहायक निदेशक शुभम नागर ने बताया कि रोजगार उत्सव 8 जुलाई 2025 को सूचना एवं जनसंपर्क कार्यालय के सूचना केंद्र के सभागार, बारां में सुबह 10 बजे से शाम 4 बजे तक आयोजित होगा।

यह विशेष शिविर मिशन दिव्य (दिव्यांग विकास योजना) के अंतर्गत आयोजित किया जा रहा है, जिसका उद्देश्य कोटा संभाग के 18 वर्ष से अधिक आयु के चलन निशक्तता एवं मूक-बधिर वर्ग के दिव्यांगजनों को रोजगार के अवसर प्रदान करना है। रोजगार उत्सव में न्यू दिल्ली बेस्ड मिलियन माइंड्स कंसल्टेंसी फर्म एव औस संस्थान, बारां के सहयोग से अमेज़न, महिंद्रा जैसी बहुराष्ट्रीय कंपनियों सहित कई अन्य प्रतिष्ठित कंपनियां में रोज़गार दिलवाया जाना प्रस्तावित हैं, जो दिव्यांगजनों को उनकी योग्यता के अनुरूप दिया जाएगा ।

शिविर में भाग लेने वाले दिव्यांगजनों से आग्रह है कि वे अपने आवश्यक दस्तावेज़ जैसे - मूल निवास प्रमाण पत्र, दिव्यांगता प्रमाण पत्र या यूडीआईडी कार्ड, शैक्षणिक योग्यता से संबंधित दस्तावेज़, आधार कार्ड आदि साथ लाकर शिविर का लाभ लें। जिला प्रशासन ने दिव्यांगजनों से अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर इस अवसर का लाभ उठाने की अपील की है।

# सफाई न हो तो सीधा मुझे फोन कर देना:दिलावर

## ग्राम विकास अधिकारी,सरपंच सफाई ठेकेदार के खिलाफ कार्यवाही के निर्देश

बढ़ता राजस्थान

**कोटा ( विनोद गौड़ )।** मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा की सभा में सांगोद पहुंचे शिक्षा एवं पंचायती राज मंत्री मदन दिलावर ने सभा से कोटा वापस लौटे समय श्यामपुरा ग्राम पंचायत के गांव घानाहेड़ा का अचानक निरीक्षण किया। मंत्री मदन दिलावर को अपने गांव में देख गांववासियों की भीड़ एकत्रित हो गई। मंत्री ने ग्राम वासियों से पूछा सफाई कैसी हो रही है? लोगों ने कहा 15 दिन में कभी एक बार हो जाती है तो मंत्री ने फिर पूछा रोज झाड़ू नहीं निकलता क्या? गाड़ी कचरा लेने नहीं आती? इस पर गांव के लोगों ने बताया रोज झाड़ू नहीं निकलता है और कचरा लेने के लिए तो गाड़ी गांव में कभी देखी नहीं। लोगों ने कहा कि गांव में नाले जाम है और सारी गंदगी रास्तो पर फैल रही है। बार-बार कहने के बाद भी सरपंच,ग्राम सेवक सफाई नहीं करवाते। गांव के ही एक पंच ने कहा कि सरपंच गांव की चिंता नहीं करता लोग उसे कहते हैं तो भी काम नहीं करवाता।



मंत्री ने पूछा कि ग्राम विकास अधिकारी कौन है। लोगो ने बताया कि ग्राम विकास अधिकारी 10 दिन पहले ही नया आया है। इस पर मंत्री ने कहा कि पहले वाले ग्राम विकास अधिकारी से बात कराओ। इस पर ग्रामीणों ने तत्कालीन ग्राम विकास अधिकारी महावीर से फोन पर बात कराई । मंत्री ने पूछा कि अभी कहां पर स्थापित हो। तो ग्राम विकास अधिकारी ने बताया कि लटूरी ग्राम पंचायत में पदस्थापित हूं। मंत्री श्री दिलावर ने कहा कि तुम्हारी बहुत शिकायत है। तुम सफाई नहीं करते हो।लटूरी में भी सफाई नहीं हो रही है। तुम्हारे खिलाफ कार्यवाही करूंगा।

**अगर साफ सफाई ना हो तो मेरे नंबर पर करना फोन**

मंत्री दिलावर ने ग्रामीणों को कहा कि मेरा मोबाइल नंबर लिख लो। ग्राम विकास अधिकारी को फोन करके रोज गांव में झाड़ू लगाने और कचरा उठाने के लिए बोलो। ग्राम विकास अधिकारी झाड़ू नहीं लगवाए तो मेरे नंबर पर फोन करके उसकी बात करा देना।

**सफाई के 1 लाख महीना मिलता है**

पंचायती राज मंत्री ने कहा कि सरकार हर महीने एक लाख रुपए आपकी पंचायत में सफाई करने के लिए देती है। फिर भी ये सफाई नहीं कर वा रहे है। इनको फोन करके बुलाओ और रोज सफाई करवाओ। नहीं करे तो मुझे बताओ में इनको ठीक कर दूंगा।

इसके बाद मंत्री मदन दिलावर ने खंड विकास अधिकारी सांगोद कौशलेंद्र सिंह को फोन कर कहा कि मेरे कहने के बाद भी आपके क्षेत्र में सफाई नहीं हो रही। ग्राम पंचायत श्यामपूरा के सरपंच,ग्राम विकास विकास अधिकारी महावीर जो वर्तमान में लटूरी में लगा हुआ तथा सफाई ठेका फर्म के खिलाफ कार्यवाही करो। और रिपोर्ट बना कर मेरे पास भेजो।

इसके बाद मंत्री श्री दिलावर ने ग्राम पंचायत गंदीफली के गांव गलाना में निरीक्षण किया। सफाई नहीं होने और गंदगी मिलने पर ग्राम विकास अधिकारी को फोन किया तो उसने मंत्री को जानकारी दी कि जेसीबी मशीन लगवाकर पूरे गांव की सफाई करवाई है। मंत्री ने मौके पर उपस्थित ग्रामवासियों से उसकी बात कराई तो पोल खुलगाई। ग्राम विकास अधिकारी अपनी बात से मुकर गया। इस पर मंत्री ने उक्त ग्राम विकास अधिकारी और ठेका फर्म के खिलाफ भी कार्यवाही के निर्देश दिए।

## जिला न्यायाधीश की अध्यक्षता में हुआ मीडिएशन फोर दी नेशन अभियान के तहत मध्यस्थ अधिवक्ताओं के साथ बैठक का आयोजन



बढ़ता राजस्थान

**धौलपुर ( राजू शर्मा )।** अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण जिला एवं सेशन न्यायाधीश अरुण कुमार अग्रवाल की अध्यक्षता में उनके अवकाशागार में मीडिएशन ''फोर दी नेशन'' अभियान के तहत मध्यस्थ अधिवक्ताओं के साथ बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में नालसा द्वारा मध्यस्थता राष्ट्र के लिए अभियान भारत के सभी तालुका न्यायालयों, जिला न्यायालयों और उच्च न्यायालयों में लंबित मामलों को निपटाने के लिए 90 दिनों का मध्यस्थता अभियान के तहत भारत के माननीय सर्वोच्च न्यायालय ने नालसा और एमसीपीसी सर्वोच्च न्यायालय के सहयोग से माननीय उच्च न्यायालयों, जिला न्यायालयों, तालुका न्यायालयों, राज्य स्तरीय न्यायाधिकरणों और आयोगों के साथ-साथ अन्य अर्ध-न्यायिक मंचों में लंबित मामलों के लिए 90 दिवसीय व्यापक मध्यस्थता अभियान शुरू किया है। नालसा ने राजस्थान के सभी न्यायालयों में उक्त अभियान के सफल कार्यान्वयन के लिए अध्यक्ष द्वारा जिले मे समस्त मध्यस्थ अधिवक्ताओं के साथ बैंठक ली और बैठक मे सभी मध्यस्थ अधिवक्ताओ को निर्देशित किया कि वे जिला न्यायालयों, तालुका न्यायालयों से प्राप्त आपराधिक समझौता योग्य मामले, उपभोक्ता विवाद मामले, ऋण वसूली मामले, बेदखली मामले, भूमि अधिग्रहण मामले, वैवाहिक विवाद मामले, दुर्घटना दावा मामले, घरेलू हिंसा मामले, चेक बाउंस मामले, वाणिज्यिक विवाद मामले, अन्य उपयुक्त सिविल मामले आदि मध्यस्थ पत्रावली मे पक्षकारों के मध्य राजीनामा वार्ता करवाकर अधिक से अधिक प्रकरणो को समय पर निस्तारण सुनिश्चित करते हुए नालसा के पत्रांक की पालना सुनिश्चित करे। बैठक में सचिव रेखा यादव एवं धौलपुर जिले के न्याय क्षेत्र के सभी मध्यस्थ अधिवक्ता उपस्थित रहे।

## गौरव कुमार बने प्रजापति समाज के युवा तहसील अध्यक्ष



बढ़ता राजस्थान

**भुसावर ( यतेन्द्र पाण्डेय )।** तहसील भुसावर प्रजापति समाज की बैठक स्वामी शंकारानंद विद्यालय परिसर में आहूत हुई, मुकेश प्रजापति के मुख्य अतिथि में आयोजित बैठक में उपस्थित प्रजापति समाज के युवाओं ने सभी की सहमति से भुसावर कस्बा निवासी गौरव कुमार प्रजापति को सर्वसम्मति के युवा तहसील अध्यक्ष निर्वाचित किया। इस अवसर पर युवाओं ने समाज को व्यसन मुक्त बनाने के साथ बालिका शिक्षा सामूहिक विवाह सम्मेलनों का आयोजन एवं राज्य व केंद्र सरकार की लाभकारी योजनाओं को घर-घर पहुंचने का आवाहन किया नवनिर्वाचित युवा अध्यक्ष गौरव कुमार ने कहा कि वह अपने समाज को एक जूटकर शिक्षा पर विशेष ध्यान आकर्षित करने के साथ युवा पीढ़ी को सही मार्गदर्शन मिले इसके लिए गांव गांव में प्रयास कर तहसील स्तर पर शिक्षा की बेहतर सुविधा हेतु उन्हें प्रेरित करेंगे। इस अवसर पर रेवती प्रसाद, मुकेश प्रजापति, मोतीलाल, राकेश मास्टर, केशव राम, टीटू कुमार, घनश्याम, रज्जोमल प्रजापत, दिगंबर प्रजापत, दीपक प्रजापत, शिवांक प्रजापति, रोहित प्रजापत, पंकज कुम्हार, सूरज कुमार, नरसी प्रजापत सोनू प्रजापत, लव कुश प्रजापत, राजेश प्रजापत, रोहित प्रजापत, नरसी प्रजापत, सुभाष प्रजापत, विकास प्रजापत, यतेन्द्र, नरेंद्र प्रजापत, राजकुमार प्रजापत, रामेंन्दर, देवेश प्रजापत, विजय कुमार सहित अनेक युवा उपस्थित रहे।

## अधिकारों के प्रति आमजन को करना है जागरूक- न्यायाधीश सृष्टि चौधरी



बढ़ता राजस्थान

**निवाई ( का.स. )।** तालुका विधिक सेवा समिति के अध्यक्ष व अपर जिला एवं सेशन न्यायाधीश सृष्टि चौधरी ने सचल विधिक सेवा केन्द्र मोबाइल वैन को हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया। अध्यक्ष व अपर जिला एवं सेशन न्यायाधीश सृष्टि चौधरी ने बताया कि सचल विधिक सेवा केन्द्र मोबाइल वैन द्वारा ग्रामीण क्षेत्र में विधिक जागरूकता कार्यक्रमों के प्रचार प्रसार हेतू रवाना किया गया। न्यायाधीश सृष्टि चौधरी ने बताया कि मोबाईल वैन के संचालन का मुख्य उदेश्य आमजन को उनके अधिकारों के प्रति जागरूक करना है। मोबाईल वैन का संचालन निवाई शहर सहित ग्रामीण क्षेत्र में 10 जुलाई तक संचालन किया जाएगा। उन्होंने बताया कि मोबाइल वैन द्वारा ढाणी जुगलपुरा, झिलाय, बायपास चौराहा सहित कई ग्रामीण क्षेत्र में विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन जाएगा। अतिरिक्त मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट रविन्द्र सैनी ने बताया कि सचल विधिक सेवा केन्द्र मोबाइल वैन द्वारा ग्रमीणों को बाल विवाह रोकथाम एवं बाल विवाह के दुष्प्रभाव, बाल श्रम, बाल शिक्षा अधिकार, एनजीटी, साक्षी संरक्षण स्कीम 2018, महिलाओं के संरक्षण से संबधित अधिकार, खुले कुओं एवं बोरवेल से होने वाले नुकसान, मानसिक एवं शारीरिक रूप से कमजोर तबके के लोगो के लिए संचालित योजनाओं, भारतीय न्याय संहिता, भारतीय नागरिक सुरक्षा सहिता व भारतीय साक्ष्य अधिनियम, पोश एक्ट, नालसा की योजना संवाद, नशीले पदार्थों के नुकसान, निःशुल्क विधिक सहायता, पीड़ित प्रतिकर स्कीम 2011, नालसा हेल्प लाइन नम्बर 15100, नालसा पोर्टल, स्थाई लोक अदालत, मासिक लोक अदालत एवं राष्ट्रीय लोक अदालत के बारे में जानकारी प्रदान की जाएगी। इस इवसर पर अतिरिक्त मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट रविन्द्र सैनी, एडवोकेट सतीश शर्मा, शंकरलाल जाट, नारायणसिंह, रामकल्याण पूनिया, सीताराम शर्मा, बनवारीलाल यादव व दयाराम गुर्जर सहित कई अधिवक्ता व कर्मचारी मौजूद थे।

### घटना के 17 साल बाद कैट का आदेश

# 26/11 आतंकवादी हमले में लोगों को बचाने के लिए रेलवे के सहायक मुख्य टिकट निरीक्षक को मिला शहीद का दर्जा

### कैट ने किया गैलंट्री अवार्ड जारी

### राजस्थान के भरतपुर जिले के वैर का है मूल निवासी है शहीद सुशील कुमार शर्मा

बढ़ता राजस्थान

**भरतपुर ( यतेन्द्र पाण्डेय )।** राजस्थान मूल के भरतपुर जिले की लघुकाशी के नाम से प्रसिद्ध वैर कस्बे के नगायच परिवार के स्वर्गीय बी डी नगायच पुत्र स्वर्गीय रामजी लाल नगायच के सबसे छोटे पुत्र सुशील कुमार शर्मा का 26/11 को मुम्बई आतंकी हमले में अपना देशहित में कर्तव्य निर्वहन करते हुए अनेकों लोगों का जीवन सुरक्षित करते हुए स्वयं आतंकवादियों की गोली का निशाना बन गये थे!

### 26/11 को सम्पूर्ण देश याद रखेगा?

26 नवंबर 2008 यह वह तारीख है जिसे मुंबई सहित पूरा देश कभी भुला नहीं पाएगा, आतंकी संगठन लश्कर-ए-तैयवा के कसाब सहित 10 आतंकियों ने मुंबई पर खौफनाक हमले किए इस आतंकी हमले में कई लोगों की जान गई। उनमें राजस्थान मूल के ग्वालियर निवासी सुशील कुमार शर्मा भी थे।

### मुंबई सीटीसी रेलवे स्टेशन

सुशील शर्मा मुंबई सीएसटी रेलवे स्टेशन पर बतौर सहायक



मुख्य टिकट निरीक्षक डिप्टी सीटीआई ड्यूटी कर रहे थे आतंकी अटैक के वक्त उन्होंने खुद की जान बचाने की जगह पैसेंजर की जान बचाने का फैसला लिया और कंट्रोल रूम से बाहर निकाल कर कई पैसेंजरों की जान बचाई, इसी दौरान आतंकवादियों की दो गोली लगने के कारण उनकी जान चली गई थी। बावजूद इसके उनकी शहादत को कोई नाम नहीं मिला। क्योंकि वे वर्दीधारी जवान नहीं बल्कि रेलवे के अधिकारी थे, सुशील शर्मा के परिवारजन इस मामले को लेकर सेंट्रल एडमिनिस्ट्रेशन ट्रिब्यूनल कैट पहुंचे इस घटना के 17 साल बाद अब कुछ दिन पहले कैट ने अपने दिए आदेश में सुशील शर्मा को शाहिद मानते हुए उन्हें गैलंट्री अवॉर्ड में दिए जाने के लिए निर्देश भारत सरकार को दिए हैं इस आदेश के आने पर सुशील शर्मा के परिजनों का कहना है कि वह जिस सम्मान के हकदार थे वह अब उन्हें मिल सकेगा।

### गैलंट्री अवॉर्ड का आदेश

राजस्थान मूल के ग्वालियर में रहने वाले सुशील शर्मा मुंबई सीएसटी रेलवे स्टेशन पर स्थापित थे आतंकी अटैक के समय उन्होंने कई पैसेंजरों की जान बचाई और इस दौरान गोली लगने से उनकी मृत्यु हो गई थी लेकिन उनकी मृत्यु को शहीद नहीं माना गया इसलिए उनके परिजन कैट में मामला लेकर पहुंचे थे केस की सुनवाई के दौरान रेलवे ने भी सुशील शर्मा की मृत्यु को वीरता बताया कैट ने सुशील शर्मा को गैलंट्री अवॉर्ड व शेष बचे 5 लाख रुपए उनकी पत्नी को दिए जाने का आदेश दिया है।

*आलोक शर्मा एडवोकेट*

### परिवार में हर्ष की लहर

राजस्थानी भूमिका सपूत लघुकाशी के नाम से प्रसिद्ध कस्बे के नगायच परिवार में जन्मे निर्भीक जो कभी डरता नहीं था। अपने कर्तव्यों के प्रति समर्पित रहने वाला देश का सपूत चाहे वह नागरिक देश में हो या फिर फौजी भेष में मैं देश का भारत माता के लिए सच्चा सपूत होता है भाई सुशील शर्मा ने आतंकी अटैक में लोगों की जान बचाकर यही संदेश दिया था कैट का जो आदेश आया उससे हमारे पूरे परिवार में हर्ष का माहौल है भाई जी सम्मान के हकदार थे वह अब उन्हें मिल सकेगा।

*डॉ एम के शर्मा।*

# हनी ट्रैप में महिला पकड़ी, दो अन्य युवकों की तलाश जारी

### दुष्कर्म के झूठे मामले में राजीनामा के मांगे 5 लाख

बढ़ता राजस्थान

**धौलपुर ( राजू शर्मा )।** साइबर ठगी के अलावा अब कई गिरोह महिलाओं को साथ लेकर लोगों को झूठे मामलों में फंसाकर पैसे ऐंठने का काम कर रहे हैं। ऐसा एक मामला महिला थाने में आया है। जिसमें एक महिला को पुलिस ने हनी ट्रैप के आरोप में गिरफ्तार किया है, वही उसके दो अन्य साथियों की तलाश में पुलिस जुटी है। महिला थाना प्रभारी छवि फौजदार ने बताया कि 27 जून को महिला उर्मिला निवासी मुरैना ने थाने में दुष्कर्म का मामला दर्ज कराया था। इस मामले में पुलिस जांच कर रही थी। वहीं दूसरी ओर आरोपी महिला एवं उसके साथी द्वारा पीडित को दुष्कर्म के मामले में राजीनामा करने के लिए पांच लाख रुपए की मांग कर रहे थे। जब आरोपियों ने अधिक दबाब बनाया तो पीडित व्यक्ति ने थाने में बताया कि प्रेमसिंह, ध्रुव और उर्मिला ने उसे 23 जून को धौलपुर बुलाया। आरोपियों ने उसे कोल्ड ड्रिंक में नशीला पदार्थ मिलाकर पिला दिया और होटल ले गए। वहां उर्मिला और उसके साथियों ने बलात्कार औरछेड़छाड़ का आरोप लगाकर 5 लाख रुपए की मांग की। जब उसने पैसे नहीं दिए तो आरोपी महिला ने उसके खिलाफ झूठा मामला दर्ज कराया है। पीडित के बयानों पर पुलिस ने मामले की गहनता से जांच की तो साक्ष्य पीडित के पक्ष में मिले। जिस पर पुलिस ने पीडित व्यक्ति



की ओर से दी गई तहरीर पर मामला दर्ज करते हुए आरोपी महिला को हनी ट्रैप के आरोप में गिरफ्तार किया है। जांच में पता चला कि प्रेमसिंह और ध्रुव सीधे-साधे लोगों के मोबाइल नंबर उर्मिला को देते थे। उर्मिला इन लोगों को अपनी बातों में फंसाकर मिलने को बुलाती और फिर बलात्कार का झूठा मुकदमा दर्ज कराने की धमकी देकर पैसे लूटती।

## समाज की प्रतिभाएं ही उसका भविष्य होती हैं : मुदगल



बढ़ता राजस्थान

**बयाना/ भरतपुर ( यतेन्द्र पाण्डेय )** । ब्राह्मण समाज हमेशा से ज्ञान और संस्कृति का ध्वजवाहक रहा है। उन्होंने प्रतिभाओं को सतत प्रयास करते रहने की प्रेरणा दी। यह कहना है ।समिति अध्यक्ष राजाराम उपाध्याय का। उपाध्याय श्री ब्राह्मण समाज समिति, बयाना की ओर से आयोजित रविवार शाम बिजलीघर रोड स्थित परशुराम धर्मशाला में प्रतिभा सम्मान समारोह में अपना उदबोधन दे रहे थे। इस अवसर पर समाज के उन मेधावी छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया गया जिन्होंने 10वीं और 12वीं की बोर्ड परीक्षाओं में शानदार प्रदर्शन किया या फिर सरकारी सेवाओं में चयनित होकर समाज का नाम रोशन किया। समारोह में शहरी और ग्रामीण अंचलों से चयनित समाज की करीब 50 प्रतिभाओं को स्मृति चिन्ह और दुपट्टा पहनाकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता समिति अध्यक्ष राजाराम उपाध्याय ने की, जबकि मुख्य अतिथि के रूप में भरतपुर जिला परिवहन अधिकारी अभय मुदगल मंचासीन रहे। विशिष्ट अतिथि के रूप में वरिष्ठ समाजसेवी रामभरोसीलाल शर्मा उपस्थित रहे। मुख्य अतिथि अभय मुदगल ने अपने उद्बोधन में कहा, समाज की प्रतिभाएं ही उसका भविष्य होती हैं। उन्हें सम्मानित कर समाज एक सकारात्मक परंपरा को आगे बढ़ा रहा है। शिक्षा के साथ-साथ संस्कार भी जरूरी हैं, तभी सही मायनों में व्यक्तित्व निर्माण होता है।

### समाज के मंच से सम्मान पाकर प्रतिभाओं के चेहरे खुशी से खिल उठे।

कार्यक्रम का संचालन लक्ष्मीकांत शर्मा ने कुशलता से किया। इस अवसर पर समिति के संरक्षक राजेंद्र प्रसाद शर्मा, उपसचिव प्रकाश शर्मा, कोषाध्यक्ष भगवान सिंह लवानियां, रघु उपाध्याय, मुरारीलाल, बलदेव तिवारी, राकेश शर्मा, बांके बिहारी पांडेय, रामबाबू तिवारी, विनोद बिहारी शर्मा, अरविंद शर्मा, चंद्रप्रकाश उपाध्याय, ब्रह्मानंद वैद्य, गोविंद उपाध्याय, मनोज उपाध्याय, नवल किशोर, हृदय सुमन सहित समिति के पदाधिकारी और बड़ी संख्या में समाजजन उपस्थित रहे।

# कुंभलगढ़ दुर्ग में मोहर्रम जुलूस विवाद मामला, राजसमंद सांसद महिमा कुमारी मेवाड ने जताया आभार

### दोनों समुदायों ने सांप्रदायिक सौहार्द बनाए रखा,

### जिलास्तरीय अधिकारियों की सजगता से कानून व्यवस्था रही कायम,

### केंद्रीय मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत का भी ज्यादा आभार

बढ़ता राजस्थान

**राजसमंद ( सुरेश बागोरा )।** राजसमंद स्थित अजय दुर्गा कुंभलगढ़ में मोहर्रम पर्व के दौरान ताजिया का जुलूस निकालने को लेकर हुए विवाद में दोनों पक्षों में समझोते के बाद कार्यक्रम शांतिपूर्वक संपन्न हो गया। इस शांति वार्ता में अहम भूमिका राजसमंद सांसद महिमा




कुमारी मेवाड की भी रही। दोनों पक्षों के लोग संसद के पास अपनी मांग लेकर पहुंचे थे। जिस पर संसद महिमा कुमारी मेवाड ने केंद्रीय मंत्री गजेंद्र सिंह से बातचीत कर समस्या का समाधान निकाला। कुछ लोगों द्वारा नियमों का हवाला देने पर उन्होंने केंद्रीय मंत्री से उनकी फोन पर बातचीत भी कारवाई। महिमा कुमारी मेवाड ने कलेक्टर परिसर स्थित सांसद कार्यालय में मीडिया से बातचीत के दौरान जिला स्त्री अधिकारियों पुलिस अधिकारियों और दोनों समुदाय के लोगों का इस पहल के लिए आभार जताया। उन्होंने कहा कि हमारा भारत वर्ष आजाद दे दे देश है यहां सभी समुदायों को अपनी अपनी संस्कृति को निभाने और त्योहारों को मनाने का हक है। इसी के तहत उन्होंने दोनों समुदाय के प्रतिनिधियों से बातचीत कर समस्या का समाधान निकाला है और इसमें जिला स्तरीय अधिकारियों और सभी लोगों का सकारात्मक रुख रहा।

## व्यायामशालाओं का किया औचक निरीक्षण



बढ़ता राजस्थान

**राजसमंद ( सुरेश बागोरा )।** खेल मंत्री राजवर्धन सिंह राठौड़ के निर्देशानुसार जिला खेल अधिकारी राजसमंद धर्मदेव सिंह, भीलवाड़ा के कुश्ती प्रशिक्षक जगदीश जाट एवं चित्तौड़गढ़ के प्रशिक्षक राम रतन गुर्जर द्वारा नाथद्वारा स्थित प्रमुख कुश्ती अखाड़ों जैसे अंबाबाड़ा व्यायामशाला, गोवर्धन कुंड व्यायामशाला, शक्ति पुत्र व्यायामशाला, ब्रजवासी व्यायामशाला एवं सत्रपर्यन्त कुश्ती अकादमी का निरीक्षण किया गया ।निरीक्षण के दौरान अधिकारियों एवं प्रशिक्षकों द्वारा कुश्ती अकादमी प्रारंभ करने की संभावनाओं के साथ-साथ उपलब्ध खेल सुविधाओं का आकलन किया गया।

## मानसून की शुरुआत आमेट के लिए लाई अच्छी खबर, लगातार बारिश से आमेट का महादेव एनिकट छलका

**राजसमंद ( सुरेश बागोरा )।** राजसमंद के आमेट उपखंड के वेवर महादेव मंदिर के पास बना एनिकट आज चंद्रभागा नदी में पानी की आवक से वेवर महादेव एनिकट छलक गया। जोकि आमेट नगरवासियों के लिए खुशीयों से भरा समाचार है। यह नदी आमेट व आस पास के सभी गांवों कि जीवन रेखा मानीं जाती है। और आज इस नदी में पानी आने से वेवर महादेव मंदिर के पास बना एनिकट छलक गया। इसके साथ हीं आमेट के नगरवासी पुजा अर्चना करने पहुंचे और विधि विधान से पुजा अर्चना की। आमेट के रहने वाले लोगों में उत्साह इस बात से भी है इस अन्य कट में पानी की आवक से वर्ष भर के पेयजल की व्यवस्था हो पाएगी। साथी चंद्रभागा नदी में पानी बहने से आसपास के ग्रामीण क्षेत्र की के कुएं और बावड़िया में पानी की आवक होगी।

# बाडी पूर्व विधायक गिर्राज मलिंगा का केस धौलपुर से जयपुर ट्रांसफर : याचिका में कहा था- धौलपुर में पीड़ित और गवाहों को जान का खतरा

बढ़ता राजस्थान

**बाड़ी ( राजू शर्मा )।** हाईकोर्ट ने बीजेपी नेता और पूर्व विधायक गिर्राज सिंह मलिंगा से जुड़े मारपीट के केस को धौलपुर से जयपुर ट्रांसफर कर दिया है। जस्टिस उमाशंकर व्यास की अदालत ने एईएन हर्षदापति की क्रिमिनल ट्रांसफर याचिका पर सुनवाई करते हुए यह आदेश दिए। याचिका में कहा गया था कि धौलपुर में पीड़ित और गवाहों को जान का खतरा है। आरोपी बाहुबली है। ऐसे में केस को धौलपुर से ट्रांसफर किया जाए। अदालत ने सुनवाई के दौरान कहा- आरोपी को जमानत मिलने के बाद निकाले गए जुलूस से प्रतीत होता है कि आरोपी ने शक्ति प्रदर्शन किया है। वहीं, आरोपी पर लोक सेवकों के साथ मारपीट के कई मामले दर्ज हैं। ऐसे में इस केस को धौलपुर एससी-एसटी कोर्ट से जयपुर जिले की एससी-एसटी कोर्ट में ट्रांसफर करने के आदेश दिए जाते हैं।

### जयपुर पुलिस कमिश्नर को सुरक्षा के निर्देश

याचिकाकर्ता के वकील अखिल सिमलोट और मालती ने बताया कि अदालत ने केस को जयपुर ट्रांसफर करते हुए जयपुर पुलिस कमिश्नर को निर्देश दिए है कि वह सुनवाई के दौरान सुरक्षा के पुख्ता इंतजामात करेंगे। वहीं धौलपुर एसपी को कहा है कि वह गवाहों को समन व नोटिस तामील कराने में सहयोग करेंगे। साथ ही कोर्ट ने केस में केस ऑफिसर्स स्कीम के तहत एक



एसआई और दो एएसआई लगाने के निर्देश दिए है। जो कोर्ट को इस केस में सहयोग करेंगे। इसके साथ ही ट्रायल कोर्ट को कहा है कि वह केस की टाइम फ्रेम में सुनवाई पूरी करे।

### मलिंगा जमानत पर है बाहर

इस केस के आरोपी पूर्व विधायक गिर्राज सिंह मलिंगा फिलहाल जमानत पर बाहर हैं। मलिंगा को हाईकोर्ट ने करीब 3 साल पहले 17 मई 2022 को कोरोना के चलते जमानत दी थी। लेकिन मलिंगा ने जमानत मिलने के बाद अपने समर्थकों के साथ जुलूस निकाला था। जिसे हाईकोर्ट ने जमानत का मिसयूज मानते हुए पिछले साल 5 जुलाई को उसकी जमानत याचिका को रद्द कर दिया था और उसे 30 दिन में सरेंडर करने के निर्देश दिए थे। लेकिन बाद में सुप्रीम कोर्ट ने हाईकोर्ट के जमानत रद्द करने के फैसले पर रोक लगा दी थी।

## युवक ने फंदे पर झूल कर दी जान,पारिवारिक कलह बना कारण

बढ़ता राजस्थान



**नैनवां,( टी.आर सैनी )।** थाना क्षेत्र के कोरमा गांव में एक युवक ने घर में फांसी के फंदे पर झूल कर सुसाइड किया जाने का मामला सामने आया है। गिराज वर्मा द्वारा पुलिस को दी गई रिर्पोट में बताया कि सोमवार की सुबह करीब 8 बजे भतीजे की पत्नि रेखा ने बताया कि लोकेश वर्मा (23) ने किवाड़ बंद कर रखे है। कहने के बावजूद वह किवाड़ नहीं खोल रहे है। उन्होने मौके पर जाकर किवाड़ के नीचे झॉक कर देखा तो लोकेश के झूलते हुए पैर ही नजर आये। उन्होने एक दो परिवारजनो को बुला कर लोहे के सरिये से किवाड़ तोड़ कर देखा तो पाया कि लोकेश फांसी के फंदे पर झूल हुआ था। उन्होने फांसी से नीचे उतार करके नैनवां उपजिला चिकित्सालय लेकर गये जहां चिकित्सक ने उसको मृत घोषित कर दिया। सुचना पर पुलिस चिकित्सालय पहूँची उन्होने शव को अपने कब्जे में लेकर चिकित्सालय की मोर्रचरी में रखवाया गया। जहां परिजनो की मौजूदगी में शव का पोस्टमार्टम करवा कर शव परिजनो को सुर्पद किया गया। पुलिस ने मामला पारिवारिक कलह का होना बताया गया है। फिलहाल प्रकरण दर्ज करके जॉच शुरू कर दी है।

## सोमवार को भी जारी रहा अभिभाषक परिषद का धरना



बढ़ता राजस्थान

**नैनवां,( टी.आर सैनी )।** सोमवार को भी नैनवां अभिभाषक परिषद का धरना,प्रदर्शन जारी रहा। मीडिया प्रभारी विमल कुमार साहू एडवोकेट ने बताया कि उपखंड अधिकारी प्रीति मीणा को हटाने एवं उनके निर्णय की न्यायिक जांच की मांग को लेकर अभिभाषक परिषद नैनवा द्वारा क्रमिक धरना दिया जा रहा है। सोमवार को सभी अधिवक्ता गण अभिभाषक कार्यालय से उपखंड अधिकारी प्रीति मीणा के विरुद्ध रैली निकाल कर धरना स्थल पर पहुंचे। धरने में श्रवण कुमार मीणा, रामविलास साहू, महावीर प्रसाद कारपेंटर, रमेश कुमार कहार, शांतिलाल मीणा बेठे। मंगलवार को धरने पर हरि नारायण स्वामी, रामस्वरूप नागर, रमेश मीणा, हनुमान कहार एवं एमडी अंसारी बैठेंगे।

## विधायक बाबा बालक नाथ ने निवाई श्रीजालंधर नाथजी महाराज की तपोस्थली मठ में तिजारा का किया दर्शन

### नाथ समाज ने बाबा बालक नाथ का किया सम्मानित



बढ़ता राजस्थान

**निवाई ( का.स. )।** नाथ संप्रदाय के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष और गद्दीनशीन महंत बाबा बालकनाथ महाराज ने श्री जालंधर नाथजी महाराज की तपोस्थली स्थित मठ में दर्शन किए। अलवर के तिजारा विधायक बाबा बालकनाथ दादूदयाल गौशाला प्रकाशदास महाराज की गोशाला किवाड़ा में आयोजित कार्यक्रम में भाग लेने आए थे। इस दौरान निवाई नाथ समाज के तत्वावधान मे उनका माला व शॉल ओढाकर स्वागत किया गया। नाथ सांप्रदाय समाज के लोगों ने विधायक बाबा बालकनाथ को मठ का अवलोकन करवाया एवं इस स्थान की महत्ता के बारे में जानकारी दी। इस दौरान निवाई विधायक रामसहाय वर्मा, नगर पालिका अध्यक्ष दिलीप ईसरानी, पूर्व प्रधान ममता जाट, संतोष आर्या, डॉ अशोक योगी, निर्मलकुमार योगी, कमल योगी, धर्मराज योगी, चिरंजीलाल योगी, बाबूलाल योगी व कालूराम योगी सहित नाथ समाज के कई लोग मौजूद थे।

## बूथ लेवल अधिकारियों व बीएलओ का तीन दिवसीय प्रशिक्षण शुरू

### कई महत्वपूर्ण मुददों पर की चर्चा

बढ़ता राजस्थान

**निवाई ( का.स. )।** पीएम श्री राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में निर्वाचन रजिस्ट्रीकरण पदाधिकारी व एसडीएम अनीता खटीक के सानिध्य में बूथ लेवल अधिकारियों का तीन दिवसीय प्रशिक्षण का शुभारंभ हुआ। निर्वाचन रजिस्ट्रीकरण पदाधिकारी व एसडीएम अनीता खटीक ने बताया कि निवाई विधानसभा क्षेत्र के बूथ संख्या 1 से 100 तक के बूथ लेवल अधिकारियों को प्रशिक्षण दिया जा रहा है। प्रशिक्षण सह प्रभारी तहसीलदार बीएल जांगीड़ ने बताया कि दक्ष प्रशिक्षकों द्वारा बूथ लेवल अधिकारियों के संवैधानिक प्रावधान, नियोजन एवं नियंत्रण प्राधिकारी, उनकी जिम्मेदारियां, दंडात्मक प्रावधान, बीएलओ की सामान्य जिम्मेदारियां उनके भूमिका और कर्तव्य निर्वाचक नामावली में नाम शामिल करने, हटाने की प्रक्रिया के बारे में विस्तार से प्रशिक्षण दिया गया। बीएलओ को नजरी नक्शा बनाने, बीएलओ रजिस्टर तैयार करने सहित उनकी अन्य जिम्मेदारियां के बारे में विस्तार से समझाया। इस अवसर पर सह प्रशिक्षण प्रभारी अमित जोशी, नरेश मीणा, दक्ष प्रशिक्षक त्रिलोकचंद जैन, सीताराम शर्मा, डीएन गौत्तम, बनवारीलाल मिश्रा, राकेश अग्रवाल व सुनील शर्मा सहित कई अधिकारी व बीएलओ मौजूद थे।

# एनजीटी की सख्ती- एनएचएआई से मांगा जवाब, नियमों के अनुसार 8.5 लाख पौधे और लगाने की जरूरत

बढ़ता राजस्थान

**भीलवाड़ा, ( अमित शर्मा )।** नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल (एनजीटी) की सेन्ट्रल जोनल बेंच भोपाल ने राष्ट्रीय राजमार्ग निर्माण के दौरान पेड़ों की अंधाधुंध कटाई और उनके बदले नियमानुसार पौधारोपण नहीं करने के मामले में नेशनल हाईवे अथॉरिटी ऑफ इंडिया (एनएचएआई) सहित चार प्रमुख अधिकारियों को नोटिस जारी कर जवाब तलब किया है। यह आदेश भीलवाड़ा निवासी पर्यावरणविद् बाबूलाल जाजू की जनहित याचिका पर दिया गया।

न्यायाधीश शिवकुमार सिंह और विशेषज्ञ सदस्य डॉ. ए. सेंथिल की खंडपीठ ने याचिका पर सुनवाई करते हुए एनएचएआई के चेयरमैन, राजस्थान सरकार के मुख्य सचिव, प्रधान मुख्य वन संरक्षक और एनएचएआई जयपुर के क्षेत्रीय अधिकारी के साथ-साथ राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड जयपुर को चार सप्ताह में जवाब देने के निर्देश दिए हैं। याचिकाकर्ता बाबूलाल जाजू ने अधिवक्ता लोकेन्द्र सिंह कच्छावा के माध्यम से दायर याचिका में बताया कि एनएचएआई द्वारा पेड़ों की कटाई के बदले तीन, पाँच या दस गुना पौधे लगाने के नियमों की लगातार अवहेलना की जा रही है। कई राजमार्गों पर तो कटे हुए पेड़ों से भी कम संख्या में पौधे लगाए गए हैं। इसके अलावा जिन प्रजातियों के पेड़ काटे गए, उनकी जगह स्थानीय प्रजातियों के बजाय झाड़ियां लगा दी गई हैं, जिनकी न तो पर्यावरणीय उपयोगिता है और न ही टिकाऊ जीवनकाल।


**न्यायाधीश शिवकुमार सिंह और विशेषज्ञ सदस्य डॉ. ए. सेंथिल की खंडपीठ ने याचिका पर सुनवाई करते हुए एनएचएआई के चेयरमैन, राजस्थान सरकार के मुख्य सचिव, प्रधान मुख्य वन संरक्षक और एनएचएआई जयपुर के क्षेत्रीय अधिकारी के साथ-साथ राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड जयपुर को चार सप्ताह में जवाब देने के निर्देश दिए हैं।**

जाजू ने बताया कि रखरखाव की व्यवस्था के अभाव में लगाये गये पौधों की जीवित रहने की दर अत्यंत कम है। वन मंत्रालय द्वारा फॉरेस्ट डिपार्टमेंट को मॉनिटरिंग मैकेनिज्म और ऑडिट हेतु निर्देश दिए जाने के बावजूद विभाग ने कोई ठोस प्रणाली विकसित नहीं की। इससे पर्यावरणीय असंतुलन गहराता जा रहा है। जाजू के अनुसार, मौजूदा हालात में नियमानुसार 8.5 लाख से अधिक पौधे और लगाकर उन्हें संरक्षित और विकसित करना अनिवार्य हो गया है। मामले की अगली सुनवाई 14 अगस्त 2025 को निर्धारित की गई है।

### हार्टफुलनेस एकात्म अभियान का दूसरा चरण प्रारंभ

# गांधी नगर केंद्र पर साप्ताहिक ध्यान कार्यक्रम में 30 प्रतिभागियों ने लिया भाग

बढ़ता राजस्थान



**भीलवाड़ा, ( अमित शर्मा )।** हार्टफुलनेस संस्था द्वारा संचालित एकात्म ध्यान अभियान का दूसरा चरण रविवार से आरंभ हो गया है। गांधी नगर स्थित ध्यान केंद्र पर आयोजित साप्ताहिक सत्संग में 30 लोगों ने भाग लिया। इस अवसर पर जिला परिवहन अधिकारी रामकिशन चौधरी ने भाग लेकर हार्टफुलनेस ध्यान के अनुभव को अत्यंत प्रभावशाली बताया।

हार्टफुलनेस के जिला समन्वयक योगेश लढ़ा ने जानकारी दी कि अभियान का पहला चरण सफलतापूर्वक पूर्ण किया गया, जिसमें भीलवाड़ा और चित्तौड़ जिले के लगभग 1300 गांवों में लोगों को हार्टफुलनेस ध्यान से परिचित कराया गया। दूसरे चरण में ध्यान प्रशिक्षक और वॉलिंटियर्स ने भीलवाड़ा के आस-पास स्थित 12 गांवों — आटून, पांसल, मलौला, पालड़ी, छोटी हरनी, बड़ी हरनी, सांगानेर, हलेड़, पुर, सुवाना, ओडो का बाडिया और नया सेमलिया — में नियमित ध्यान केंद्रों की स्थापना की है। इन केंद्रों पर गांवों के निवासी नि:शुल्क ध्यान का लाभ ले सकेंगे।

वर्तमान में भीलवाड़ा जिले में 14 हार्टफुलनेस ध्यान केंद्र सक्रिय हैं, जहां प्रत्येक रविवार सुबह 7.30 बजे और बुधवार शाम 6.00 बजे सामूहिक ध्यान सत्र आयोजित किए जाते हैं। इसके अतिरिक्त जिले में 64 हार्टस्पॉट हैं, जहां सप्ताह में एक दिन सामूहिक सत्संग नियमित रूप से होता है।

इस संपूर्ण अभियान को सुचारु रूप से चलाने के लिए 35 प्रशिक्षकों के साथ समर्पित वॉलिंटियर्स की एक मजबूत टीम कार्यरत है, जो सेवा और निस्वार्थ भाव से लोगों तक ध्यान की विधा पहुंचाने के लिए सतत प्रयासरत है।

## सुख चाहिए तो संसार का वैभव छोड़ना पड़ेगा- प्रज्ञान सागर महाराज

बढ़ता राजस्थान

**नैनवां,( टी.आर सैनी )।** शांति वीर धर्म स्थल सिद्ध चक्र मंडल विधान के पांचवें रोज विधि विधान से पूजन कर 512 श्रीफल चढ़ाये। प्रतिष्ठाचार्य अमन भैया ने बताया कि यह साधारण विधान नहीं है सभी विधानो में बड़ा विधान है। इसमें बैठने वाले को बहुत लाभ प्राप्त होगा है। धर्म सभा में अपने प्रवचनो में जैन मुनि प्रज्ञानसागर महाराज ने बताया कि हमे सुख चाहिए तो संसार का वैभव छोड़ना पड़ेगा।

जैन मुनि ने महात्मा गांधी का उदाहरण देते हुए बताया कि उनका सादा जीवन उच्च विचार थे। उन्होंने अहिंसा धर्म का पालन कर देश को आजादी दिलाई थी। आज भी उनको बच्चा-बच्चा याद करता है। वह सत्पुरुष थे । महात्मा गांधी की जयंती इसलिए मनाई जाती है कि उन्होंने देश के लिए महान कार्य किए थे। आप भी मनुष्य पर्याय में ऐसे कार्य करें जो आपके जाने के बाद लोग आपकी जन्म जयंती मनाये। संसार में जन्म हुआ है। मनुष्य जीवन दुर्लभ है। पारसमणी पत्थर लोहे को सोना बनता है। दिगंबर मुनि भी एक साधारण मनुष्य को बहुत बड़ा संत बनाते हैं। साधारण मनुष्य के चरणों में लोग नहीं झुकते। लेकिन जैन संत के चरणों के अंदर बड़े-बड़े राजा महाराजा सरकार के प्रधानमंत्री मंत्री मिनिस्टर विधायक भी आर्शिवाद लेने पहुंचते हैं। जैन मुनि प्रसिद्ध सागर महाराज ने धर्म सभा को बताया कि अंधेरे से प्रकाश में लाने वाले दिगंबर मुनि है। उन्होंने यह भी बताया कि जहां संत रहते हैं वहां दीपावली जैसा प्रकाश हमेशा जगमगाता रहता है। अंधेरे से मनुष्य को उजाले में लाने वाले जैन संत ही होते हैं ।डूबते हुए भक्त को उंगली पड़कर बाहर निकलने वाले संत हैं। साधु सत मार्ग और ज्ञान बात कर उन्हें एक नई दिशा दिखाते हैं।

अधर्म के कार्य करने वाले जीव को धर्म मार्ग पर लगाकर जिओ का कल्याण करते है।

## बालिकाओं की सोशल मीडिया व साइबर अपराध से बचाव पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

बढ़ता राजस्थान



**भीलवाड़ा, (नि.स.)।** महिला अधिकारिता विभाग के निर्देशानुसार श्री बालाजी नर्सिंग कॉलेज में बालक व बालिकाओं के साथ पन्नाधाय सुरक्षा एवं सम्मान केंद्र की केन्द्र प्रबंधक गंगा दाधीच ने बाल विवाह अधिनियम 2006 के शारीरिक, मानसिक व आर्थिक नुकसान के केस स्टडी माध्यम से समझाया गया व बाल विवाह अधिनियम की सजा के प्रावधान के बारे में बताया गया। कार्यस्थल पर बालिकाओं को लैगिक उत्पीड़न अधिनियम 2013 व आतंरिक शिकायत समिति गठन के बारे में बताया गया व सखी सेंटर व पन्नाधाय सुरक्षा एवं सम्मान केन्द्र व 181 हेल्पलाइन नम्बर, 1098 चाइल्ड हेल्पलाइन नम्बर 1090 गरिमा हेल्पलाइन नम्बर,व सोशल मीडिया व साइबर अपराध के बारे में तथा विभागीय योजनाओं की जानकारी दी गई।

मनोसामाजिक परामर्शदाता सुनिता शर्मा ने महिला सुरक्षा एवं सलाह केन्द्र के बारे में बताया कि महिलायें हिंसा से पीड़ित हो तो किस तरह सलाह व सहायता की जाती है। सभी बालक व बालिकाओं के साथ प्रश्नोश्री रखी गई जिसमें मानसिक, बौद्धिक व शारीरिक स्वास्थ्य से संबंधित प्रश्न किये गये। विधिक सेवा प्राधिकरण के फारूक पठान ने पोक्सो अधिनियम यौन अपराध से बच्चों के संरक्षण हेतु अधिनियम के बारे विस्तार से जानकारी प्रदान की गई। नर्सिंग कॉलेज के संस्थापक श्री प्रमोद तिवाडी द्वारा करियर पर ध्यान देने व अपने साथ गलत होता हे तो चुप नहीं रहना चाहिए आवाज उठानी चाहिए। कार्यक्रम में नर्सिंग अध्यापिका पायल शर्मा व रंजना सिह ने विचार प्रकट किये व कार्यक्रम में 200 बालक व बालिकाए उपस्थित रही।

## पोरवाल युवा संगठन की नागदा में राष्ट्रीय व प्रदेश इकाई की बैठक हुई

बढ़ता राजस्थान



**रावतभाटा ( नि.स. )।** पोरवाल युवा संगठन में अब नई युवा पीढ़ी को आगे लाकर समाज के संगठन को मजबूत बनाया जायेगा। यह बात एम जी रोड स्थित बद्रीविशाल मंदिर में अ भा पोरवाल युवा संगठन की राष्ट्रीय व प्रदेश इकाई की बैठक में वरिष्ठ पदाधिकारियो ने मंच स कही। बैठक में समाज हित के कई आवश्यक मुद्दों पर बीबी चर्चा कर निर्णय लिया। साथ ही समाज मे व्याप्त कुरीतियों को दूर करने में युवा टीम का सहयोग लेंगे।

कार्यक्रम में युवा संगठन के राष्ट्रीय पदाधिकारी रौनक चौधरी को नियुक्ति पत्र भी देकर सम्मानित किया। इस मौके पर मंचासीन युवा संघठन के संस्थापक राजेन्द्र संघवी,पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष गोविंद डबकरा,राष्ट्रीय अध्यक्ष नरेंद्र उदिया, पूर्व अध्यक्ष अशोक मुजावदिया,महासभा प्रदेश अध्यक्ष पंकज चक,राष्ट्रीय महामंत्री जगदीश कला,राजस्थान प्रदेश अध्यक्ष अंकित रुद्राक्ष, मध्य प्रदेश अध्यक्ष जितेंद्र काला मंचासीन रहे। कार्यक्रम में राष्ट्रीय प्रचार मंत्री रौनक चौधरी व प्रदेश सचिव पंकज गुप्ता भी बैठक में शामिल हुए।

## पुरानी धान मंडी में बस स्टैंड के स्थानांतरण को मिली मंजूरी, शहर को जाम से मुक्ति मिली

### परिवहन विभाग को मिलेगी जमीन, नए बस स्टैण्ड का होगा निर्माण

बढ़ता राजस्थान

**बूंदी ( अनन्त दाधीच ) ।** शहर के मध्य स्थित पुराने रोडवेज बस स्टैंड को आखिरकार स्थानांतरित करने का रास्ता साफ हो गया हैं। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला के प्रयासों के फलस्वरूप अब बूँदी बस स्टैंड को लंकागेट स्थित पुरानी कृषि उपज मंडी समिति परिसर में शिफ्ट किया जाएगा। सोमवार को कृषि विभाग द्वारा परिवहन विभाग को आवश्यक भूमि निःशुल्क फ्री होल्ड आधार पर आवंटित करने की एनओसी जारी कर दी हैं।

इससे जहां शहर के भीड़भाड़ वाले क्षेत्र को राहत मिलेगी, वहीं यातायात व्यवस्था भी सुगम होगी। वर्तमान में इस मार्ग से हजारों वाहन गुजरते हैं, जिससे अस्पताल, कलेक्ट्रेट और स्कूल जैसे सार्वजनिक स्थानों पर बार-बार जाम की स्थिति बनती थी।

विकास कार्यों का मार्ग प्रशस्त-

इसके साथ ही पुरानी कृषि उपज मंडी में नए बस स्टैण्ड के निर्माण का भी रास्ता साफ हो गया हैं। जल्द ही इसकी प्रक्रिया प्रारम्भ की जाएगी। बस स्टैंड के स्थानांतरण के बाद खाली होने वाली भूमि का उपयोग अन्य विकास कार्यों के लिए किया जाएगा। इससे शहर का ढांचागत विकास और प्रशासनिक सुविधा दोनों ही सशक्त होंगी।

## आज से कपासन में श्रमण संघीय साध्वियों के चातुर्मासिक प्रवचन एवं धार्मिक आयोजन

बढ़ता राजस्थान



**कपासन ( नि.स. )।** श्रमण संघीय साध्वी कंचन कंवर एवं डॉ. सुलोचना व डॉ. सुलक्षणा का चातुर्मासिक प्रवचन 8 जुलाई मंगलवार से नगर में स्थित अंबेश भवन में प्रारंभ होंगे ।जिसमें प्रतिदिन तपस्या के साथ धार्मिक कार्यक्रमो का आयोजन किया जायेगा। श्री वर्धमान श्वेतांबर स्थानकवासी जैन श्रावक संघ कपासन अध्यक्ष सूर्यप्रकाश सिरोया ने बताया कि चातुर्मास में प्रतिदिन सूर्योदय समय पर प्रार्थना होगी। प्रवचन सुबह 9 से 10.15 बजे तक होंगे ।उक्त चातुर्मास के दौरान प्रतिदिन एकासन,आयांबिल, उपवास एवं तेला की लड़ी की जायेगी ।यहां मंगलवार को घंटाकर्ण स्तोत्र एवं मंत्र जाप किया जायेगा ।उक्त चार माह जाप कार्यक्रम के लाभार्थी भीलवाड़ा निवासी मनोहरलाल मेहता होंगे ।साथ ही संघ द्वारा समस्त श्रद्धालुओं से जिनवाणी श्रवण के लिए समय पर पहुंचने तथा अधिकाधिक सामायिक करने का आग्रह करते हुवे जिनशासन एवं संघ के गौरव को बढ़ाने का संदेश दिया गया।

## उपखण्ड अधिकारी कपासन की अध्यक्षता में बीएलओ प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन

बढ़ता राजस्थान



**कपासन ( सुनील कुमार डभाड़ीया )।** निर्वाचन विभाग के निर्देशानुसार सोमवार को उपखण्ड अधिकारी की अध्यक्षता में बीएलओ प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जानकारी अनुसार निर्वाचन विभाग के निर्देशानुसार पंचायत समिति कपासन के सभागार में निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण पदाधिकारी एवं उपखण्ड अधिकारी कपासन राजीव सुवालका की अध्यक्षता में विधानसभा कपासन के 50 बीएलओ तथा कपासन व भूपालसागर क्षेत्र के पांच सुपरवाइजर के प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजन किया गया। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में नये मतदाताओं को जोड़ना, मतदाताओं के विवरण में संशोधन,विएचए एप्लीकेशन का संचालन,बीएलओ एप्प में नये फीचर, आगामी विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम 2025 की तैयारी के संबंध में मास्टर ट्रेनर द्वारा पीपीटी के माध्यम से समस्त बीएलओ को प्रशिक्षित किया गया। इस दौरान प्रशिक्षण कार्यक्रम में उपखंड अधिकारी कपासन राजीव सुवालका द्वारा उपस्थित बीएलओ को आगामी गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम के दौरान पूर्ण गंभीरता से कार्य करने संबंधी आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये।

## राज्यपाल मंगलवार को रहेंगे भीलवाड़ा जिले के एक दिवसीय दौरे पर

### आध्यात्मिक चातुर्मास समारोह में होंगे शामिल, जिला कलेक्टर ने संबंधित अधिकारियों को सभी महत्वपूर्ण तैयारियां पूर्ण करने के दिए दिशा-निर्देश

बढ़ता राजस्थान

**भीलवाड़ा, ( अमित शर्मा )।** राजस्थान के महामहिम राज्यपाल हरीभाऊ बागड़े मंगलवार, 8 जुलाई को भीलवाड़ा जिले के एक दिवसीय दौरे पर रहेंगे ।राज्यपाल हरीभाऊ बागड़े प्रातः 9ः40 बजे जयपुर से हेलिकॉप्टर द्वारा प्रस्थान कर प्रातः 10.40 बजे पुलिस लाइन हेलीपैड, भीलवाड़ा पहुंचेंगे ।इसके उपरांत राज्यपाल प्रातः 11 बजे जैन स्थानक, सुभाष नगर, में आयोजित आध्यात्मिक चातुर्मास समारोह में भाग लेंगे। इस कार्यक्रम का आयोजन आध्यात्मिक चातुर्मास आयोजन समिति द्वारा किया जा रहा है ।कार्यक्रम में सम्मिलित होने के पश्चात राज्यपाल दोपहर 12ः05 बजे सड़क मार्ग से सांसद दामोदर अग्रवाल के निवास स्थान, आर.के. कॉलोनी के लिए प्रस्थान करेंगे और वहां अल्प विश्राम एवं भोजन करेंगे। इसके पश्चात राज्यपाल दोपहर 1ः00 बजे पुलिस लाइन हेलीपैड से प्रस्थान कर 1ः15 बजे हेलीकॉप्टर से जयपुर के लिए रवाना होंगे ।जिला कलेक्टर जसमीत सिंह संधू ने निर्देश दिए कि संबंधित अधिकारी अस्थायी हेलीपैड निर्माण, ट्रैफिक रूट, साफ-सफाई, सुरक्षा व्यवस्था सहित अन्य आवश्यक व्यवस्थाएं दुरुस्त करना सुनिश्चित करें। उन्होंने राज्यपाल हरीभाऊ बागड़े के सफल दौरे हेतु जिला प्रशासन व पुलिस के अधिकारियों को सभी आवश्यक तैयारियां समय रहते पूर्ण करने के भी निर्देश दिए।

## चोरो ने मंदिर से चुराया माता जी का चांदी का छत्र

बढ़ता राजस्थान

**चौमहला( आबिद हुसैन )।** झालावाड़ जिले के चौमहला कस्बे के कोलवी रोड स्थित दुर्गा माता मंदिर पर बीती रात अज्ञात चोर ताला तोड़कर माता जी का चांदी का छत्र चुरा ले गए। मंदिर के पुजारी बाबू व्यास ने बताया कि सोमवार सुबह 6 बजे मंदिर गया तो मंदिर का चैनल गेट लगा था लेकिन अन्दर का दरवाजा खुला हुआ था और चैनल गेट दरवाजे के ताले गायब थे, अन्दर जाकर देखने पर माता जी का चांदी का छत्र और आर्टिफिशल मुकुट व नथ भी गायब थी, वही पास में रखे पूजा के सामान पीतल की घंटी, जल पात्र और माता जी के पाव के चांदी के पायल यथावत मिले, मंदिर में चोरी होने पर मंदिर व्यवस्थापक अध्यक्ष हरी नारायण सोनी को सूचना दी गई, मंदिर के अध्यक्ष व पुजारी ने घटना की रिपोर्ट पुलिस में दर्ज करवाई, पुलिस ने मौके पर जाकर स्थिति देखी व जानकारी ली ,थाना प्रभारी अमरनाथ जोगी ने बताया कि पुलिस ने अज्ञात चोरों की जांच शुरू कर दी है ।

दैनिक
बढ़ता राजस्थान
www.badhatarajasthan.in
RNI NO. RAJHIN/2010/35060



"कामयाबी कुछ नही बस एक नाकामयाब व्यक्ति के संघर्ष की कहानी है।"
-हर्षित विजयवर्गीय, बढ़ता राजस्थान



# दलाईलामा को भारत रत्न! संसद के संयुक्त सत्र को करेंगे संबोधित?

बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** 10 सदस्यीय समिति ने दलाई लामा के भारत रत्न नामांकन का समर्थन करते हुए हस्ताक्षर अभियान भी शुरू किया है और कथित तौर पर करीब 80 सांसदों के हस्ताक्षर एकत्र किए हैं, जिन्हें आने वाले दिनों में प्रधानमंत्री और राष्ट्रपति को सौंपने की योजना है। ईटी से बात करते हुए, राज्यसभा सांसद सुजीत कुमार ने कहा, समूह दलाई लामा के लिए भारत रत्न की मांग कर रहा है और उसने एक ज्ञापन पर 80 से अधिक सांसदों के हस्ताक्षर प्राप्त किए हैं, जिसे मंच 100 सांसदों के हस्ताक्षर एकत्र करने में सक्षम होने के बाद प्रस्तुत करेगा। ज्ञापन पर हस्ताक्षर करने वालों में विपक्षी दलों के सांसद भी शामिल हैं।

तिब्बती मुद्दे के प्रति समर्थन जताने के लिए एक सर्वदलीय मंच ने केंद्र सरकार को पत्र लिखकर तिब्बती आध्यात्मिक नेता दलाई लामा को भारत के सर्वोच्च नागरिक सम्मान भारत रत्न से सम्मानित करने का आग्रह किया है। मंच ने सरकार से दलाई लामा को संसद के संयुक्त सत्र को संबोधित करने की अनुमति देने की भी अपील की है, यह कदम चीन के गुस्से का कारण बन सकता है। इकोनॉमिक टाइम्स के अनुसार, यह पत्र तिब्बत के लिए सर्वदलीय भारतीय संसदीय मंच द्वारा भेजा गया था, जिसमें भारतीय जनता पार्टी (भाजपा), बीजू जनता दल (बीजेडी) और जनता दल (यूनाइटेड) के सांसद शामिल हैं। मंच ने इस महीने अपनी दूसरी बैठक के दौरान प्रस्ताव के समर्थन में सर्वसम्मति से प्रस्ताव पारित करने के बाद सरकार को यह अनुरोध प्रस्तुत किया।



## करीब 80 सांसदों के हस्ताक्षर प्राप्त किए

10 सदस्यीय समिति ने दलाई लामा के भारत रत्न नामांकन का समर्थन करते हुए हस्ताक्षर अभियान भी शुरू किया है और कथित तौर पर करीब 80 सांसदों के हस्ताक्षर एकत्र किए हैं, जिन्हें आने वाले दिनों में प्रधानमंत्री और राष्ट्रपति को सौंपने की योजना है। ईटी से बात करते हुए, राज्यसभा सांसद सुजीत कुमार ने कहा, समूह दलाई लामा के लिए भारत रत्न की मांग कर रहा है और उसने एक ज्ञापन पर 80 से अधिक सांसदों के हस्ताक्षर प्राप्त किए हैं, जिसे मंच 100 सांसदों के हस्ताक्षर एकत्र करने में सक्षम होने के बाद प्रस्तुत करेगा। ज्ञापन पर हस्ताक्षर करने वालों में विपक्षी दलों के सांसद भी शामिल हैं।

## दलाई लामा ने अपना 90वां जन्मदिन मनाया

कुमार ने कहा कि हमने परम पावन दलाई लामा को भारत रत्न देने के लिए एक हस्ताक्षर अभियान शुरू किया है। कई सांसद आगे आए हैं और उनमें से कुछ ने अभियान का समर्थन करते हुए वीडियो संदेश भेजे हैं। हम लोकसभा और राज्यसभा के अध्यक्ष को एक संयुक्त बैठक बुलाने के लिए लिखेंगे, जिसे परम पावन संबोधित करेंगे। इस बीच, दलाई लामा ने अपना 90वां जन्मदिन मनाया, जिसमें हजारों भक्त दलाई लामा मंदिर, त्सुगलागखांग के मुख्य प्रांगण में एकत्रित हुए, इस अवसर को मनाने और तिब्बत के 14वें आध्यात्मिक नेता को सम्मानित करने के लिए। भारत और विदेश के राजनीतिक नेताओं ने भी दलाई लामा के साथ मंच साझा किया, और बौद्ध नेता के समर्थन में अपना समर्थन दिया, जो भारत में निर्वासन में रह रहे हैं और 1960 के दशक में इस क्षेत्र के चीनी कब्जे में आने के बाद से तिब्बती लोगों के अधिकारों के लिए लड़ रहे हैं।

# प्रशांत किशोर की जन सुराज पार्टी में शामिल हुए मनीष कश्यप, यहां से लड़ सकते हैं चुनाव



बढ़ता राजस्थान

**पटना (एजेंसी)।** कश्यप, जिनके यूट्यूब अकाउंट पर लगभग एक करोड़ सब्सक्राइबर हैं, कुछ साल पहले पहली बार सुर्खियों में आए थे, जब उन्हें दक्षिणी राज्य में बिहारी प्रवासियों के साथ दुर्व्यवहार के कथित फर्जी वीडियो पोस्ट करने के लिए तमिलनाडु पुलिस ने गिरफ्तार किया था।

बिहार विधानसभा चुनाव से कुछ महीने पहले बिहार के सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर मनीष कश्यप सोमवार को प्रशांत किशोर की जन सुराज पार्टी में शामिल हो गए। उन्होंने हाल ही में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) छोड़ दी थी। मनीष कश्यप किशोर की मौजूदगी में अपने समर्थकों के साथ जन सुराज पार्टी में शामिल हुए। कश्यप, जिनके यूट्यूब अकाउंट पर लगभग एक करोड़ सब्सक्राइबर हैं, कुछ साल पहले पहली बार सुर्खियों में आए थे, जब उन्हें दक्षिणी राज्य में बिहारी प्रवासियों के साथ दुर्व्यवहार के कथित फर्जी वीडियो पोस्ट करने के लिए तमिलनाडु पुलिस ने गिरफ्तार किया था।

पिछले साल लोकसभा चुनाव से पहले वह भाजपा में शामिल हुए थे, लेकिन टिकट नहीं दिया गया। कश्यप ने जून में एक वीडियो संदेश में भाजपा से अपने इस्तीफे की घोषणा की थी और आरोप लगाया था कि भाजपा ने दिल्ली विधानसभा चुनावों तक उनका इस्तेमाल किया और उसके बाद उन्हें मझधार में छोड़ दिया। आपको बता दें कि मनीष कश्यप 2025 के बिहार विधानसभा चुनाव में पश्चिम चंपारण जिले की चनपटिया सीट से चुनाव लड़ने की तैयारी कर रहे हैं। 2020 में उन्होंने इस सीट से निर्दलीय उम्मीदवार के रूप में चुनाव लड़ा था और तीसरे स्थान पर रहे थे, जो उनकी स्थानीय लोकप्रियता को दर्शाता है।

# कंगना मंडी के बाढ़ प्रभावित इलाके में पहुंचीं



बढ़ता राजस्थान

**मंडी (एजेंसी)।** भाजपा सांसद और एक्ट्रेस कंगना रनोट अपने संसदीय क्षेत्र मंडी (हिमाचल प्रदेश) के बाढ़ प्रभावित इलाके सराज पहुंचीं। यहां कंगना पर एक महिला भड़क गई। कंगना से कहा, अब सिर्फ फोटो खिंचाने आई हो क्या। ऐसा थोड़ी होता है कि 2 आदमी पकड़ो, फोटो खिंचाओ और चलते बनो।इस पर कंगना ने महिला से कहा, %सारे लोग कंगना-कंगना बोलते रहते हैं। मेरे पास कौन सी कोई कैबिनेट है? मेरे पास मेरे 2 भाई हैं, जो मेरे साथ चलते रहते हैं। न ही मेरे पास कोई राहत कोष आता है। मैं स्पेशल पैकेज (फंड) लेकर आऊंगी, लेकिन उसे कांग्रेस सरकार डकार जाएगी।मंडी में 30 जून की रात से लेकर अब तक 16 जगह बादल फट चुके हैं। बाढ़ में बहने से 14 लोगों की मौत हो चुकी है, जबकि 28 लोग अभी भी लापता हैं। कंगना मंडी से सांसद हैं। बाढ़ से हुए नुकसान के बाद वे 6 जुलाई से बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों का दौरा कर रही हैं।

कंगना रनोट अपने दौरे से पहले सोशल मीडिया पर ट्रोल हुई थीं। कंगना ने ङ्ग पर लिखा था, %मैं मंडी क्षेत्र का दौरा कर रही थी। इसी दौरान मेरी गाड़ी पर पत्थर आकर गिरा। यह समय हिमाचल में ट्रैवल के लिए सेफ नहीं है। इसके बाद लोगों ने मंडी में बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में दौरा न करने पर कंगना पर सवाल उठाने शुरू कर दिए।इस पर जब पूर्व मुख्यमंत्री और नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर से सवाल किया गया तो उन्होंने कहा, मुझे मालूम नहीं है। मैं इस बारे में टिप्पणी नहीं करना चाहता। यहां हम लोग हैं। हम उन लोगों के साथ जीने मरने के लिए हैं, जिनका कन्सर्न है। जिनका नहीं है, उनके बारे में मैं टिप्पणी नहीं करना चाहता।इसके जवाब में कंगना ने कहा था- मैंने सराज और मंडी के बाढ़ प्रभावित इलाकों में पहुंचने की कोशिश की, लेकिन जयराम ठाकुर ने सलाह दी कि जब तक सड़कें बहाल नहीं हो जातीं, तब तक इंतजार करें।

# उपराष्ट्रपति बोले- जस्टिस वर्मा केस में तुरंत एफआईआर की जरूरत

## कैश कहां से आया, ये जानना जरूरी; जज के घर बोरियों में अधजले नोट मिले थे

बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने सोमवार को जस्टिस वर्मा के घर में मिले अधजले नोटों के मामले में तुरंत स्नढ्ढक्र की बात कही। उन्होंने कहा- यह न केवल चिंताजनक है, बल्कि यह हमारी न्यायपालिका की नींव को हिला देने वाला है।इस मामले की जड़ तक जाने की जरूरत है। कैश कहां से आया, ये जानना बहुत जरूरी है। केंद्र स्तर पर सरकार मजबूर है, क्योंकि 90 के दशक की शुरुआत में दिए गए सुप्रीम कोर्ट के आदेश के कारण जस्टिस पर स्नढ्ढक्र दर्ज नहीं की जा सकती है।धनखड़ ने नेशनल एडवांस्ड लीगल स्टडीज यूनिवर्सिटी के सेमिनार में ये बातें कहीं।दरअसल, दिल्ली हाईकोर्ट के जस्टिस यशवंत वर्मा के लुटियंस दिल्ली स्थित घर में 14 मार्च की रात आग लगी थी। उनके घर के स्टोर रूम में 500-500 रुपए के जले नोटों के बंडलों से भरे बोरे मिले थे। इसके बाद से ये सवाल खड़ा हुआ कि इतना कैश कहां से आया।



### उपराष्ट्रपति धनखड़ के संबोधन की खास बातें

न्यायपालिका में भ्रष्टाचार पर चिंता जताई = मैं न्यायपालिका की स्वतंत्रता का समर्थन करता हूं। जजों को सुरक्षा प्रदान करना जरूरी है क्योंकि वे जटिल परिस्थितियों में काम करते हैं। लेकिन जब ऐसी घटनाएं सामने आती हैं, तो हमें सच का सामना करना होगा। उन्होंने जस्टिस यशवंत वर्मा के घर पर मिले नकदी का हवाला दिया।

शेक्सपियर के नाटक से जोड़ा = उन्होंने इसे शेक्सपियर के नाटक %जूलियस सीजर% से जोड़ा और 14 मार्च (जूलियस सीजर की हत्या की तारीख) को न्यायपालिका के लिए बुरा समय बताया।

जांच की मांग की = उन्होंने कहा, यह नकदी कहां से आई? क्या यह काला धन है? इसका मालिक कौन है? इसकी जांच होनी चाहिए। यह एक आपराधिक कृत्य है, और इसके लिए तत्काल एफआईआर दर्ज की जानी चाहिए।

जजों के रिटायरमेंट के बाद नियुक्तियों पर सवाल उठाए= उपराष्ट्रपति ने जजों को सेवानिवृत्ति के बाद दी जाने वाली नियुक्तियों पर गंभीर सवाल उठाए। उन्होंने कहा लोक सेवा आयोग , नियंत्रक और महालेखा परीक्षक (सीएजी), को सेवानिवृत्ति के बाद सरकारी पद नहीं मिलती। लेकिन जजों के लिए ऐसा कोई नियम नहीं है।

# गुजरात के नवसारी में पूर्णा नदी में बाढ़ आई



बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली/भोपाल/(एजेंसी)।** गुजरात के नवसारी में पूर्णा नदी उफान पर है। शहर के 15 से ज्यादा निचले इलाकों में 3-4 फीट पानी है। हजारों घरों में पानी भरा है। लोगों का जरूरत का सारा सामान पानी से खराब हुआ।उत्तराखंड में भारी बारिश जारी है। उत्तरकाशी में यमुनोत्री हाईवे पर ओजरी इलाके में पुल बह जाने से आसपास के इलाकों का सड़क संपर्क टूट गया है। वहीं, श्रीनगर में तेज बारिश के बाद लैंडस्लाइड से बद्रीनाथ हाईवे बंद हो गया है। मंदसौर में 2 युवक गांधी सागर डैम में डूब गए। कटनी में भी एक युवक बाढ़ में बहा। सीहोर में पार्वती नदी उफान पर है। मंडला में पिछले 24 घंटे में हुई भारी बारिश से नर्मदा नदी का जलस्तर वॉर्निंग लेबल क्रॉस कर 437.40 मीटर पर पहुंचा है।राजस्थान के 20 से ज्यादा जिलों बारिश जारी है। दौसा में तेज हवा से दीवार गिरी, महिला की मौत हुई।

# पाकिस्तान में पालतू शेर के हमले में महिला-बच्चे घायल।



**इस्लामाबाद (एजेंसी)।** लाहौर में 2 जुलाई की शाम एक शेर दीवार फांदकर सड़क पर निकल आया।पाकिस्तान के लाहौर शहर में एक पालतू शेर के मालिक को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। शेर ने एक महिला और उनके 2 छोटे बच्चों पर हमला कर उन्हें घायल कर दिया था।यह हमला बुधवार रात को हुआ, जब शेर अपने पिंजरे से निकलकर एक रिहायशी इलाके में पहुंच गया और वहां मौजूद महिला और उसके पांच और सात साल के बच्चों पर झपट पड़ा।इस हमले का सीसीटीवी वीडियो भी सामने आया है, जिसमें शेर को एक दीवार फांदकर इलाके में घुसते और लोगों पर हमला करते हुए देखा जा सकता है।

# पाक सेना का भरोसेमंद, सऊदी अरब में गुप्त मिशन पर भी भेजा गया था, तहव्वुर राणा ने पूछताछ में किया बड़ा खुलासा

बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** पुलिस सूत्रों के अनुसार, मामले से जुड़ी कई जानकारियां पहले से ही आधिकारिक जांच रिकॉर्ड का हिस्सा हैं। एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने बताया कि तहव्वुर राणा अपने पहले के बयानों पर मानसिक रूप से अड़ा हुआ है। अधिकारी ने कहा कि वह पुलिस को जानकारी दे रहा है लेकिन उसके बात करने का तरीका भी उसकी कट्टरपंथी विचारधारा को दर्शाता है।

26/11 मुंबई आतंकी हमलों के पीछे मुख्य साजिशकर्ताओं में से एक तहव्वुर हुसैन राणा ने चौंकाने वाले दावे करते हुए खुलासा किया है कि वह पाकिस्तानी सेना का एक भरोसेमंद ऑपरेटिव था और उसे सऊदी अरब में एक गुप्त मिशन पर भेजा गया था। मुंबई क्राइम ब्रांच ने 26/11 आतंकी हमले से संबंधित मामले में एनआईए की हिरासत में मौजूद तहव्वुर राणा से पूछताछ की थी। पुलिस सूत्रों के अनुसार, मामले से जुड़ी कई जानकारियां पहले से ही आधिकारिक जांच रिकॉर्ड का हिस्सा हैं। एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने बताया कि तहव्वुर राणा अपने पहले के बयानों पर मानसिक रूप से अड़ा हुआ है। अधिकारी ने कहा कि वह पुलिस को जानकारी दे रहा है लेकिन उसके बात करने का तरीका भी उसकी कट्टरपंथी विचारधारा को दर्शाता है।



### तहव्वुर राणा ने क्या खुलासा किया?

राणा ने दावा किया कि वह पाकिस्तानी सेना का एक भरोसेमंद ऑपरेटिव था और इराक द्वारा कुवैत पर आक्रमण के दौरान उसे सऊदी अरब में एक गुप्त मिशन पर भेजा गया था, जिससे पाकिस्तान की सेना के लिए उसके रणनीतिक महत्व पर प्रकाश पड़ा। उसने कहा कि उसने 1986 में आर्मी मेडिकल कॉलेज, रावलपिंडी से एमबीबीएस की पढ़ाई पूरी की और फिर क्वेटा में कैप्टन (डॉक्टर) के पद पर नियुक्त हुआ।

# 724 मिलियन डॉलर का नुकसान...भारत ने अमेरिका को सिखाया ट्रेड वॉर का नया पाठ, डब्ल्यूटीओ में पलटवार देख ट्रंप के उड़े होश

बढ़ता राजस्थान

**वासिंगटन (एजेंसी)।** भारत को दो ऑप्शन दिए गए। रूस से सस्ता तेल खरीदो या 500 प्रतिशत टैरिफ झेलो। अमेरिका को लगा कि भारत घुटनों पर आ जाएगा। लेकिन इस बार मामला कुछ और ही था। भारत ने विदेश मंत्री एस जयशंकर के नेतृत्व में अमेरिका को दो टूक जवाब दिया कि न तो हम रूस से तेल खरीदना बंद करेंगे और न ही आपकी ब्लैकमेलिंग के आगे झुकेंगे।

भारत ने वो कर दिखाया है, जिसकी ट्रंप शासन वाले अमेरिका को तो कतई उम्मीद नहीं थी। अब भारत चुप नहीं बैठेगा बल्कि सीधा जवाब देगा और वो भी डब्लूटीओ के मंच से ये जवाब मिलेगा। 500 प्रतिशत टैरिफ और 26 प्रतिशत इंपोर्ट ड्यूटी अब ये भार उल्टा अमेरिका पर ही गिरेगा। दरअसल, अभी कुछ ही हफ्ते पहले अमेरिका ने भारत पर भारी टैरिफ थोपने की धमकी दी। 500 प्रतिशत इंपोर्ट ड्यूटी लगाने की बात खुलेआम की गई। खासकर उन प्रोडक्ट्स पर जो भारत से अमेरिका को एक्सपोर्ट किए जाते है। इसके पीछे अमेरिका की एक चाल थी। रूस से भारत का सस्ता क्रूड ऑयल खरीदना बंद करवाना। भारत को दो ऑप्शन दिए गए। रूस से सस्ता तेल खरीदो या 500 प्रतिशत टैरिफ झेलो। अमेरिका को लगा कि भारत घुटनों पर आ जाएगा। लेकिन इस बार मामला कुछ और ही था। भारत ने विदेश मंत्री एस जयशंकर के नेतृत्व में अमेरिका को दो टूक जवाब दिया कि न तो हम रूस से तेल खरीदना बंद करेंगे और न ही आपकी ब्लैकमेलिंग के आगे झुकेंगे।



हुआ भी कुछ ऐसा ही। भारत की ट्रेड डेलीगेशन जो अमेरिका में फ्री ट्रेड एग्रीमेंट की बातचीत करने गई थी। उसे वापस बुला लिया गया। यानी भारत ने साफ बता दिया कि हम झुकने वालों में नहीं बल्कि जवाब देने वालों में हैं। अब भारत वर्ल्ड ट्रेड ऑर्गनाइडेशन अमेरिका के खिलाफ केस लेकर पहुंच गया है। मामला 3 मई को अमेरिका द्वारा लगाए गए 26 प्रतिशत के इंपोर्ट टैरिफ का है। ये भारत के ऑटोमोबाइल प्रोजेक्ट और कंपोनेंट पर लगा है। अमेरिका ने डब्ल्यूटीओ को बिना सूचना दिए सेफगार्ड मेजर का बहाना बनाकर टैरिफ ठोक दिया। जबकि नियम ये कहता है कि पहले उस देश से बातचीत हो। उचित प्रमाण हो। डब्ल्यूटीओ को इसकी सूचना दी जाए। अमेरिका ने भारत से कोई चर्चा नहीं की और यही भारत ने पकड़ लिया।

भारत सरकार ने विश्व व्यापार संगठन (डब्ल्यूटीओ) को अमेरिका पर लगभग 724 मिलियन डॉलर का जवाबी टैरिफ लगाने के अपने प्रस्ताव की सूचना दी है, जो कि भारत से विशेष ऑटोमोबाइल और उसके पुर्जों के आयात पर अमेरिका द्वारा बढ़ाए गए टैरिफ के जवाब में है। यह कदम ऐसे समय उठाया गया है जब भारत और अमेरिका एक प्रारंभिक लघु-व्यापार समझौते को अंतिम रूप देने के अंतिम चरण में हैं। वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय में विशेष सचिव राजेश अग्रवाल के नेतृत्व में भारत की वार्ता टीम सोमवार को अमेरिका से भारत लौटी। 3 जुलाई को डब्ल्यूटीओ को भेजे गए एक संदेश में भारत ने कहा कि भले ही अमेरिका के उपायों को डब्ल्यूटीओ को अधिसूचित नहीं किया गया है, लेकिन वे मूलतः सुरक्षा उपाय हैं। इसमें यह भी कहा गया कि इस मामले पर भारत की स्थिति यह है कि अमेरिकी टैरिफ टैरिफ और व्यापार पर सामान्य समझौते 1994, डब्ल्यूटीओ के मूल समझौते और सुरक्षा उपायों पर समझौते (एओएस) के अनुसार नहीं हैं।

बढ़ता राजस्थान प्रिंटिंग प्रेस
दैनिक, साप्ताहिक, पाक्षिक, मासिक समाचार पत्र मुद्रण के लिए संपर्क करें।




Printing Press
- Hameedpura Road Khandwa, Newai, Tonk, Rajasthan - 304021

Office
- Badhata Rajasthan, Near Rajkiya Mahavidhyalaya, NH-12, Bypass Newai, Tonk, Rajasthan - 304021 (M) +91-9214048888, Phone No. - 01438-223201, 02, 03
- 185/116, "Pratiksha", Sector-18, Pratap Nagar, Sanganer, Jaipur - 302033 (M) +91-9414242258, Phone No. - 0141-2796795

Email: badhatarajasthanprintingpress@gmail.com

स्वत्वाधिकारी, मुद्रक व प्रकाशक श्रीमती कमलेश विजयवर्गीय द्वारा बढ़ता राजस्थान प्रिंटिंग प्रेस,हमीदपुरा रोड खण्डवा,निवाई टोंक (राज.) से मुद्रित एवं 185/ 116 ''प्रतीक्षा'' सेक्टर-18, प्रताप नगर सांगानेर, जयपुर से प्रकाशित, संपादक-तनुजा पठान*। प्रधान संपादक-राम बिलास विजयवर्गीय मो.नं. 9414242258, 9214048888,जयपुर फोन नं.0141-2796794,795 टोंक कार्यालय-बाईपास निवाई, टोंक मो.नं.9414823448 अलवर कार्यालय-मेहताब सिंह का नोहरा,अलवर मो.नं. 7733000123,कोटा कार्यालय-छावनी मेन रोड,कोटा मो.नं.7023350734 । ई मेल-badhatarajasthan@yahoo.com *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार